27 जुलाई 2024 शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




श्रावण मास की शुभकामनाएं



एम्स दरभंगा के निर्माण को मिली मंजूरी, 150 एकड़ जमीन देगा बिहार

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## सम्राट चौधरी की छुट्टी... डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान

- डॉ. दिलीप जायसवाल नीतीश सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री हैं
- वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले दिलीप जायसवाल पिछले करीब 20 सालों से प्रदेश बीजेपी के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ने बिहार और राजस्थान में बड़ा उलटफेर किया है। बीजेपी ने सम्राट चौधरी की छुट्टी करते हुए डॉ. दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी है। डॉ. दिलीप जायसवाल नीतीश सरकार में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री हैं। वह





पूर्णिया-अररिया-किशनगंज (क्षेत्र संख्या 23) से लगातार तीन बार जीतकर विधान परिषद पहुंच चुके हैं।

डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल का जन्म दो मई 1963 को खगड़िया के गोगरी में हुआ था। उन्होंने एमएससी, एमबीए, पीएचडी और एमफिल तक शिक्षा ग्रहण की है। वह पिछले दो दशक से किशनगंज के माता गुजरी मेडिकल कॉलेज के निदेशक हैं। इतना ही नहीं, वह बीजेपी के संगठन में काफी लंबे समय से जुड़े हैं। वह भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। वह बीजेपी के प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं। इनकी गिनती सीमांचल के बड़े नेता के भी रूप में होती है। वैश्य समाज से ताल्लुक रखने वाले दिलीप जायसवाल पिछले करीब 20 सालों से प्रदेश बीजेपी के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारण गई सम्राट की कुर्सी

जनवरी 2024 में जब से भाजपा सत्ता में आई है और नीतीश कुमार एनडीए में वापस आ गए हैं, तब से यह लगभग तय था कि सम्राट चौधरी को जल्द ही हटा दिया जाएगा, क्योंकि उन्हें राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया था और लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का पद भी संभाला था। लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन ने सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जो पार्टी के लिए अपनी जाति, कुशवाहा और कोइरी के वोट हासिल करने में विफल रहे. जिसके परिणामस्वरूप भाजपा ने बिहार में लड़ी गई 17 सीटों में से केवल 12 पर ही जीत हासिल की. उनके लिए इससे भी बुरी बात यह रही कि पारंपरिक रूप से भाजपा का वोट बैंक रहा कुशवाहा वोट बैंक राजद में चला गया, क्योंकि लालू प्रसाद ने लोकसभा चुनाव में कुशवाहा समुदाय के सात उम्मीदवारों को टिकट दिया. लोकसभा चुनाव में भाजपा ने औरंगाबाद, सासाराम, बक्सर और आरा जैसी महत्वपूर्ण सीटें गवां दीं।

**रोहिणी आचार्या ने सम्राट चौधरी पर कसा तंज:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोहिणी आचार्या ने सम्राट चौधरी को तिलमिला देने वाला पोस्ट डाला है। उन्होंने लिखा है- सिर भी मुंडवाना पड़ा, पगड़ी भी उतारनी पड़ी, अब अध्यक्षता भी गयी। अब हेकड़ी, लंपटई, बदजुबानी , बड़बोलेपन का बचा खुचा भूत भी उतर जाएगा, जब जल्द ही मंत्रिपद भी छिन जाएगा। रोहिणी आचार्या ने लिखा है कि पाक-पावन रिश्तों पर ओछी टिप्पणी करने वालों, बुजुर्गों के प्रति बदनियती रखने वालों के साथ बुरा ही होता है, परमपिता परमेश्वर सब देखता है।

### मदन राठौड़ बने राजस्थान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष



मदन राठौड़ को राजस्थान बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया है। वह सीपी जोशी की जगह लेंगे। बीजेपी महासचिव संगठन अरुण सिंह की तरफ जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को राजस्थान प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बता दें कि मदन राठौड़ ओबीसी समाज से आते हैं। मदन राठौड़ राज्ससभा सांसद हैं। इससे पहले वह सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी रह चुके हैं।

### भुवनेश्वर के पास मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार सुबह अंगुल जा रही एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस मामले में ईस्ट कोस्ट रेलवे के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) एचएस बाजवा ने कहा कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल एक डिब्बे को पहले ही पटरी पर लाया जा चुका है और दूसरे डिब्बे को भी जल्द ही पटरी पर लाया जाएगा। डिविजनल रेलवे मैनेजर एचएस बाजवा ने बताया कि चूंकि ट्रेन बहुत धीमी गति से चल रही थी, इस वजह से इसमें किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

### पूर्णिया में हथियार के बल पर छह बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

## तनिष्क के शोरूम में करोड़ों की लूट

- 3 बदमाश ग्राहक बनकर शोरूम में आए और ज्वेलरी दिखाने को कहा
- कुछ देर बाद ही अपने तीन साथियों को बुला बंदूक की नोक पर लूट की घटना को दिया अंजाम

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के पूर्णिया में हथियारों से लैस बदमाशों ने दिनदहाड़े तनिष्क शोरूम में करोड़ों रुपयों की भीषण डकैती को अंजाम दिया है। वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी पुलिस फोर्स और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को सील कर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। डकैती डालने आए बदमाशों की संख्या 6 बताई जा रही है। बदमाश पूरे प्लान के साथ वारदात को 15 मिनट में अंजाम देकर वहां से भाग निकले।

जानकारी के अनुसार लाइन बाजार स्थित तनिष्क शोरूम में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे लूट की घटना को अंजाम दिया गया। शोरूम के एक कर्मचारी के मुताबिक, 3 बदमाश ग्राहक बनकर तनिष्क शोरूम के फर्स्ट फ्लोर पर आए और ज्वेलरी दिखाने को कहा। करीब 10 मिनट तक सेल्समैन को बदमाशों ने अपनी बातों में उलझाए रखा और रेकी भी करते रहे. रेकी करते हुए उन्होंने अपने तीन साथियों को फोन कर बुलाया। तीनों बदमाशों के अंदर आते ही पहले से मौजूद बदमाश भी हरकत में आ गए और उन्होंने अपने-अपने हथियार निकाल लिये। बाद में शोरूम में दाखिल हुए तीनो बदमाशों ने नीचे के सभी कर्मचारियों को गन पॉइंट पर लेकर उन्हें ऊपर के फ्लोर पर ले गए। उन्होंने गार्ड सहित सभी कर्मचारियों को एक जगह बैठ जाने को कहा। वहीं 2 बदमाश नीचे और 2 ऊपर के फ्लोर पर अपने साथ लाये बड़े बैग में ज्वेलरी और कैश भरने लगे। बाकी के 2 बदमाश गन पॉइंट पर कर्मचारियों को रखे हुए थे।




### 20 से 25 वर्ष के हैं बदमाश, 10-15 मिनट में लूट कर फरार

सभी बदमाशों की उम्र 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है। बदमाशों ने 10 से 15 मिनट में इस बड़े लूटकांड को अंजाम दिया है। हालांकि लूट की रकम की गणना नहीं हो सकी है लेकिन अनुमान है कि यह दो-तीन करोड़ के बीच की है। डकैती की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हैरत की बात यह है कि बदमाशों ने अपने चेहरे पर मास्क भी नहीं लगाया था, सिर्फ दो बदमाश मास्क लगाकर लूट की घटना को अंजाम दे रहे थे।

**भागते वक्त गिरी बदमाश की पिस्टल:** फरार होते वक्त एक बदमाश का पिस्टल भी गिर गया। घटना की सूचना पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। घटनास्थल पर लोगों की काफी तादात में भीड़ जुट गई। घटना की सूचना पर पूर्णिया एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा और डीआईजी विकास कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। स्थानीय नागरिक अमरेश कुमार ने बताया कि वह शोरूम के पास ही रहते हैं, दिन के 12 बजे के आसपास तीन लोगों को उन्होंने अंदर प्रवेश करते देखा था।

### इन्हीं बदमाशों ने दिया लूट की बड़ी घटना को अंजाम







### सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल और केरल के राज्यपाल को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों पर सहमति देने के लिए लंबित रखने पर पश्चिम बंगाल और केरल के राज्यपाल के खिलाफ पश्चिम बंगाल और केरल सरकार की याचिका पर दोनों राज्यपालों के कार्यालय को नोटिस जारी किया है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के ऑफिस को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने नोटस में पूछा है कि राज्य सरकारों द्वारा राज्यपालों को विधानसभा में पारित विधेयकों पर सहमति देने में में देरी को लेकर उनके सचिवों से जवाब मांगा है।

पश्चिम बंगाल सरकार और केरल सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर सर्वोच्च अदालत में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी परिदवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दोनों राज्यपालों के सचिव के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी नोटिस जारी किया है।आपको बता दें कि ये पहला मामला नहीं है जब किसी राज्यपाल के खिलाफ ये आरोप हो। इससे पहले बीते साल नवंबर में इसी तरह की याचिका पंजाब और तमिलनाडु सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। दोनों ही सरकारों ने राज्यपाल पर विधेयक को रोकने का आरोप लगाया था।

## राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं: पीएम मोदी



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिसव के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इस दिन को हर वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सच्चाई ये है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश का सामर्थ्यवान युवा भी मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएगा... मैं हैरान हूं कि कुछ लोगों की समझ को क्या हुआ है, उनकी सोच को क्या हो चुका है। ऐसा भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार पेंशन के पैसे बचाने के लिए ये योजना लेकर आई है।

मुझे ऐसे लोगों की सोच से शर्म आती है लेकिन मैं ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूं कि आज मोदी सरकार के शासनकाल में जो भर्ती होगा क्या उसे आज ही पेंशन देनी होगी? उसे पेंशन देने की नौबत 30 साल में आएगी और तब तो मोदी 105 साल का हो चुका होगा। क्या तर्क दे रहे हैं? मेरे लिए 'दल' नहीं 'देश' सर्वोपरि है। हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने बीते वर्षों में कई साहसिक निर्णय लिए हैं। इसका एक उदाहरण अग्निपथ योजना भी है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना, निरंतर योग्य बनाना है। सेना को लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बनाया। सेनाओं को घोटालों से कमजोर किया। पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक भारत की सेना की उम्र युवा होने पर चर्चा होती रही। लेकिन इस पर कोई समाधान नहीं किया गया।

## सीएम नीतीश कुमार की नकल करने के मामले में दोषी राजद के डॉ सुनील सिंह एमएलसी पद से हटाए गए

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधान परिषद से राजद डॉ. सुनील कुमार सिंह को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल करने के मामले में यह कार्रवाई हुई है। विधान परिषद की आचार समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। सुनील कुमार सिंह पर सदन में असंसदीय और अमर्यादित व्यवहार का आरोप था। इसी मामले में एक अन्य राजद सदस्य कारी साहेब को अगले सत्र के लिए दो दिन के लिए निलंबित किया गया है। शुक्रवार को आचार समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सुनील कुमार सिंह की सदस्यता रद्द करने का आदेश दिया। समिति ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मिमिक्री के मामले में अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी।

विधान परिषद की आचार समिति ने शुक्रवार को अपनी अनुशंसा पारित कर दी। इसके बाद सुनील सिंह अब विधान परिषद के सदस्य नहीं रहे। उन पर सदन में असंसदीय और अमर्यादित व्यवहार का आरोप था। जदयू के वरिष्ठ सदस्य और मौजूदा उप सभापति डॉ रामवचन राय की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने यह रिपोर्ट तैयार की थी। यह रिपोर्ट गुरुवार को सदन में पेश की गई थी और शुक्रवार को इसे पारित कर दिया गया।




## यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ असम का मोइदम

**एजेंसी/दिसपुर**

असम में अहोम वंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। इसी के साथ मोइदम इस सूची में जगह बनाने वाली पूर्वोत्तर भारत की पहली सांस्कृतिक संपत्ति बन गई। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में लिया गया।

भारत ने 2023-24 के लिए यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए देश की ओर से नामांकन के रूप में मोइदम का नाम दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि मोइदम ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है।



### अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर विधायक नगर चौराहे के पास रामचेत से मिलकर जाना हाल

## अचानक मोची की दुकान पर पहुंचे राहुल गांधी, जूतों में लगाए टाकें



**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को सुल्तानपुर कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। बयान दर्ज कराने के बाद जब वह दिल्ली लौटने लगे तो उन्होंने अपनी गाड़ी मोची की दुकान पर रुकवा ली। इस दौरान उन्होंने मोची से बात की और जूते व चप्पलों में टांके भी लगाए। राहुल गांधी ने इस दौरान मोची के बेटे से भी बात की। मोची की दुकान पर राहुल गांधी को बैठा देख लोग स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते राहुल की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग भी एकत्रित हो गए।

राहुल गांधी इस समय रायबरेली से सांसद हैं। शुक्रवार को मानहानि के मामले में अपना बयान दर्ज करवाने के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से दिल्ली के लिए रवाना हुए। लेकिन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से पहले अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर कूरेभार थानाक्षेत्र के विधायक नगर चौराहे के पास अचानक से उनका काफिला रुका और वे गाड़ी से उतरकर रामचेत नाम के एक मोची की दुकान की ओर चल पड़े। इस दौरान वह दुकान पर रामचेत के बगल बैठे और हालचाल लिया। साथ ही उन्होंने रोजगार और रामचेक के घर का भी हाल जाना। मोची रामचेत से बातचीत के दौरान राहुल गांधी गरीबों के मुद्दों पर भी चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने जूते और चप्पलों की मरम्मत कैसे की जाती है ये भी रामचेत से सीखा। वहीं, अपनी दुकान पर बीच राहुल गांधी को देखकर रामचेत भाव विभोर हो गया। रामचेत को एक पल को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि राहुल गांधी उसकी दुकान पर बैठे हुए हैं और उसकी छोटी सी दुकान पर चप्पलों को सिल रहे हैं। इसी बीच रामचेत ने राहुल गांधी के लिए कोल्ड ड्रिंक भी मंगाई।

राहुल गांधी ने लोको पायलट्स से भी मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना। राहुल गांधी ने कहा कि आप सभी को यह भरोसा दिलाता हूं कि मैं आपकी आवाज बुलंद करता रहूंगा और आपको न्याय दिलवा कर रहूंगा।




# एम्स दरभंगा के निर्माण को मिली मंजूरी, 150 एकड़ जमीन देगा बिहार

- राज्य सरकार जल्द ही संपूर्ण भूमि 150 एकड़ से अधिक केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित करेगी
- शोभन बाईपास की जमीन पर लोकसभा चुनाव से पहले खूब राजनीति हुई थी

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दरभंगा के शोभन बाईपास वाली भूमि को एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त मानते हुए बिहार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्ष 18 और 19 मार्च को केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टेक्निकल टीम ने जो शोभन बाईपास वाली भूमि का निरीक्षण किया था, उस रिपोर्ट में उक्त जमीन को एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त है। उम्मीद जताई जा रही है कि प्रस्तावित सोभन बाईपास वाली भूमि पर एम्स निर्माण की मंजूरी मिल जाने के बाद राज्य सरकार अब जल्द ही संपूर्ण भूमि 150 एकड़ से अधिक केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित कर देगी। इसके साथ ही, अपने संसाधनों से उक्त स्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करने तथा वहां तक फोर लेन कनेक्टिविटी देने के लिए भी जरूरी कदम उठाएगी। इसी शोभन बाईपास




की जमीन पर लोकसभा चुनाव से पहले खूब राजनीति हुई थी। इस दौरान शोभन बाईपास की जमीन और डीएमसीएच के कैंपस वाली भूमि का भी केंद्रीय टीम ने कई बार निरीक्षण करने के बाद इसे एम्स निर्माण के लिए अनुपयुक्त बताया था, जिसके बाद उस समय चल रही महागठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आननफानन में दरभंगा में 2500 बेड के नए हॉस्पिटल के निर्माण की घोषणा कर दी थी।जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा का कहना है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शोभन बाईपास की जमीन को उपयुक्त माना है यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि इस मंजूरी के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपनी ओर से तथा संपूर्ण मिथिलावासियों की ओर से कोटि-कोटि आभार प्रकट करता हूं। हमें विश्वास है, दरभंगा में एम्स का निर्माण अब जल्द शुरू होगा।

**उत्तर भारत से नेपाल तक का होगा सबसे बड़ा केंद्रः** संजय झा ने कहा कि राज्य सरकार दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल डीएमसीएच का भी पुनर्विकास करा रही है। वहां 2500 बेड का नया अस्पताल बनाने के लिए 2742.04 करोड़ की योजना पर काम चल रहा है। दोनों सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का निर्माण हो जाने पर दरभंगा केवल उत्तर बिहार के लिए ही नहीं, बल्कि नेपाल तक के लिए भी एक बड़ा केंद्र बन जाएगा। इससे इस क्षेत्र के लोगों को सहूलियत मिलेगी। उन्हें अपना इलाज कराने के लिए बाहर नहीं पड़ेगा।

# मोकामा गंगा नदी घाट पर डूबने से दो लोगों की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/पटना**

पटना से सटे इलाके में मोकामा से एक दर्दनाक खबर निकल कर सामने आई है। जहां सावन की शुरुआत होते ही गंगा में डूबने का जो सिलसिला शुरू हुआ है। गंगा स्नान के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोग डूब गए। दरअसल, मोकामा के सटे इलाके हाथीदह थाना क्षेत्र के औंटा निवासी अरविंद सिंह स्नान करने गए थे और नदी की तेज धारा में डूब गए। दोपहर तक उनका शव बरामद नहीं किया जा सका था। वहीं डूबने की दूसरी घटना मोकामा थाना के ही पंचमहला में हुई। यहां केदार सिंह के 16 वर्षीय पौत्र की डूबने से मौत हो गई। इसके पहले भी सोमवार को हाथीदह निवासी सुनील सिंह की डूबने से मौत हो गई थी। उधर, पिछले पांच दिनों में तीन घटनाएं होने से स्थानीय लोगों नदी सुरक्षा को लेकर तीखे सवाल कर रहे हैं। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन का उचित इंतजाम नहीं रहने से भी आक्रोशित हैं। यहां तक कि हाथीदह निवासी सुनील सिंह की डूबने की घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम किया था। जिसे लेकर थाने में मामला दर्ज कराया गया।

## विधानसभा सत्रः महागठबंधन ने हर मुद्दे पर सरकार को घेरने का किया प्रयास

# विधानसभा में वोटिंग पर मुश्किल में फंसी नीतीश सरकार, वोटिंग की मांग को टाला

**केटी न्यूज/पटना**

विधानसत्र के आखिरी दिन महागठबंधन हर मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास किया। जिससे कार्यवाही कई बार बाधित हुई। महागठबंधन विधायक अजीत कुमार सिंह ने जाति आधारित गणना के बाद बढ़े आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने को लेकर राज्य सरकार को बुरी तरह घेर लिया। उन्होंने इस आशय का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का संकल्प लाया। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इसपर कहा कि यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है, लेकिन पटना हाईकोर्ट से बढ़ा आरक्षण रद्द कर दिया गया है और मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है तो अभी इसे केंद्र सरकार भी नौवीं अनुसूची में नहीं डाल सकती। सरकार के जवाब से अजीत कुमार सिंह संतुष्ट नहीं हुए और गैर सरकारी संकल्प को वापस नहीं लेने की जिद ठान ली। वह इसपर वोटिंग की मांग करने लगे, क्योंकि बाकी दिनों की अपेक्षा सत्र के अंतिम दिन विपक्षी विधायकों की संख्या सदन में साफ-साफ ज्यादा दिख रही थी। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने




सत्ता पक्ष की कम संख्या को देखते हुए ध्वनि मत के आधार पर संकल्प वापस होने की बात कह दी। स्थगित सत्र की कार्यवाही दोपहर बाद दो बजे शुरू हुई थी। विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। बढ़े आरक्षण को नौवीं अनुसूची में डालने की मांग के बाद वामपंथी विधायकों ने शुरू की और फिर राजद भी साथ देने उतर आया। विपक्षी सदस्य वेल में आकर हंगामा करने लगे। इसके बाद राजद विधायक भाई वीरेंद्र सरकार के खिलाफ नारा लगाने लगाये। विपक्षी विधायकों ने वेल में आकर सरकार हाय-हाय के नारे लगाए तो अध्यक्ष लगातार उनलोगों को अपनी सीट पर जाने के लिए कहते रहे। यह तनातनी चलती रही, जिसके बाद विपक्षी विधायक पेपर फाड़कर उड़ाने लगे।

**विधानसभा परिसर में विपक्ष के विधायकों ने किया हंगामाः** सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले महागठबंधन के विधायक विशेष राज्य के दर्जे की मांग लेकर जमकर हंगामा किया। विशेष पैकेज के सवाल पर राजद और वामदल के विधायकों ने कहा कि बिहार को कुछ नहीं मिला है। विशेष पैकेज के नाम पर झुनझुना थमा दिया गया है। एनडीए सरकार जनता को धोखा देने का काम कर रही है। जनता को हर बार धोखा में रखा जा रहा है। यह सरकार की नीति सही नहीं है।

**तीन विधेयकों को पास कराने में सरकार रही सफलः** इस सत्र में बिहार सरकार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति संशोधन अधिनियम, बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक-2024, बिहार लिफ्ट एवं एस्केलेटर विधेयक 2024, बिहार राज्य विश्विविद्यालय सेवा आयोग 2024 और बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक -2024 पास कराने में सफल रही है। सत्र के दौरान विपक्ष के विधायकों ने बढ़ते अपराध समेत कई मुद्दों पर सदन में जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं कई बार वॉक आउट कर गए। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही फिर से विपक्ष के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया था। महागठबंधन के सभी विधायक अपनी सीट पर खड़ा होकर हंगामा करने लगे। जब विधानसभा अध्यक्ष ने समझाने की कोशिश की तो वेल में आ गए और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करने लगे थे। इसके बाद फिर से विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विपक्ष के विधायकों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के विधायक ने टेबल गिरा दिया था। जिससे राहुल यादव नामक कर्मी चोटिल हो गया था। यदि आज भी कुछ हुआ। तो दंड मिलेगा।

# साइबर अपराधियों ने डीजी शोभा अहोतकर के नाम पर की वसूली की कोशिश, पुलिस ने शुरू की जांच

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में होम गाड्र्स की डीजी शोभा अहोतकर के नाम पर साइबर अपराधियों ने वसूली का प्रयास किया है। आईपीएस और गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं की डीजी शोभा ओहतकर की तस्वीर लगाकर साइबर ठगों ने वाट्सएप के माध्यम से उनके कार्यालय स्टाफ से अवैध तरीके से राशि की मांग की है। यह मामला उजागर होने के बाद पुलिस



महकमे में सनसनी फैल गई है। इसके साथ ही पुरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसके साथ ही यह मालूम करवाया जा रहा है कि साइबर फ्रॉड और किन किन अधिकारियों के नाम पर भोले भाले लोगों को शिकार बना रहे हैं। साइबर फ्रॉड का इंटरनेशन गिरोह राज्य में अपना काम कर रहा है। साइबर फ्रॉडगिरी का बड़ा मामला सामने आने के बाद पुलिस में भी हड़कंप मचा है। आर्थिक अपराध इकाई में इसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। डीजी के विशेष कार्य पदाधिकारी अमन कुमार सिंह ने यह मामला ईओयू के एसपी को लिखित रूप से देकर केस दर्ज कराया है।






# मास्टर डाटाबेस तैयार करेगा बीपीएससी, परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों का अपलोड होगा दस्तावेज

- बीपीएससी अध्यक्ष ने कहा- पेपरलीक समेत कई अन्य तरह की गड़बड़ी रोकने की दिशा में बीपीएससी ने बड़ा फैसला लिया है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग अब अभ्यर्थियों का मास्टर डाटा बेस तैयार करने में जुट गई है। इस डाटा बेस में अभ्यर्थियों की सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले अपने सारे शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, आरक्षण से संबंधित कागजात बीपीएससी की साइट पर अपलोड करना होगा। इस डाटा को अपलोड करने के बाद इसमें बदलाव नहीं हो पाएगा। बीपीएससी अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने कहा कि पेपरलीक समेत कई अन्य तरह की गड़बड़ी रोकने की दिशा में बीपीएससी ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग अभ्यर्थियों का मास्टर डाटा बेस तैयार करेगी। सबसे पहले आयोग के पास जिन अभ्यर्थियों का डाटा मौजूद है, उसको आयोग अपने डाटा बेस में डालेगी। इसके बाद जिन अभ्यर्थियों ने अब तक बीपीएससी की परीक्षा में नहीं शामिल हुए हैं, उनके लिए विज्ञापन निकाला जाएगा। जो अभ्यर्थी परीक्षा दे चुके हैं या परीक्षा देने वाले हैं, उनके लिए यह विज्ञापन होगा।




इनके बाद आयोग की साइट पर जाकर अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्याता समेत सभी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। एक बार दस्तावेज बीपीएससी की साइट पर अपलोड होने पर इसमें सुधार का मौका नहीं मिलेगा। डाटा अपलोड करने के बाद उन्हें एक यूनिक नंबर दिया जाएगा। अबीपीएससी अध्यक्ष ने कहा कि कई बार अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्हें बार-बार अपनी शैक्षणिक योग्यता से जुड़े दस्तावेज अपलोड नहीं करने पड़ेंगे। बीपीएससी द्वारा दिए गए यूनिक नंबर को आयोग द्वारा ली जाने वाली सभी परीक्षाओं में उपयोग कर सकते हैं। उन्हें फॉर्म भरने के समय केवल परीक्षा का चयन करना पड़ेगा। बीपीएससी अध्यक्ष ने कहा कि बीपीएससी यह काम परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए कर रही है। इस पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है।

# रिश्वतखोर दारोगा पर गिरी गाज, एसपी ने किया सस्पेंड

**पटना।** बलिया थाना में तैनात दारोगा ने वेरिफिकेशन के नाम पर घूस लिया था। इस पर बेगूसराय एसपी ने आरोपी दारोगा के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए उसे सस्पेंड कर दिया है। घूसखोरी का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने जांच की बात कही थी। दरअसल, पिछले दिनों एक युवक नौकरी लगने के बाद वैरिफिकेशन कराने के लिए बलिया थाना पहुंचा था, जहां बलिया थाना परिसर में बने रूम में पीड़ित युवक को बुलाकर एसआई अजय कुमार सिंह ने कहा था कि सेवा पानी कर दिजिए। एसआई ने कहा था कि इतना में नहीं होगा, कम से कम दो हजार रूपए दो। युवक कह रहा है कि गरीब लोग हैं सर, अभी तो जॉब लगा ही है लेकिन दारोगा मानने को तैयार नहीं हुए। आखिरकार युवक को दो हजार रुपए देने पड़े थे। घूसखोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद कार्रवाई हुई।






## बहुजन समाज पार्टी ने मनाई छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती

# बीजेपी, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुजन के हितैषी नहीं, ये हैं सत्ता के लालची : रामजी गौतम

**केटी न्यूज/पटना**

बहुजन समाज पार्टी ने रविन्द्र भवन में छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो एवं संचालन संचालन उदय प्रताप सिंह ने किया। कार्यकम की विधिवत शुरुआत राज्यसभा सांसद रामजी गौतम एवं प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने छत्रपति साहू जी महाराज, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं कांशीराम के तैलय चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि छत्रपति साहूजी महाराज भारत के इतिहास में मिसाल कायम किए। ये वही राजा थे जो राजा रहते हुए हम दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों को



शिक्षा का अधिकार दिया। आज हम सभी उनकी याद करते हुए उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। हमलोगों के साथ शिक्षा, रोजगार इत्यादि के साथ भेदभाव हो रहा है। हमारी व्यवस्थाएं छीनी जा रही है। उन सभी व्यवस्थाओं के लिए हम सभी की विचार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी बिहार के अंदर एक नई ताकत बनेगी। उन्होंने कांग्रेस और बीजेपी दोनों को सहोदर भाई बताते हुए कहा कि ये सत्ता के लिए एक दूसरे को गाली देते है और सत्ता लेने से पीछे नहीं हटते हैं। ये दोनों एक दूसरे के पूरक और संविधान विरोधी है। उन्होंने कहा कि देश में बहुजन समाज पार्टी हीं केवल ऐसी पार्टी है जो संविधान की बात करती है और संविधान के दायरे में रहकर अपने हक की बात करती है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी बहन मायावती के मार्गदर्शन में छत्रपति साहूजी महाराज के सपनों को पूरा करने का मार्ग तलाश रहे हैं और 2025 वो रास्ता तय करेगा। आज बिहार में स्थितियां बद से बदतर हो गई है। हमें कहीं न्याय नहीं मिलता है। तमाम जगह हत्याएं हो रही हैं, बलात्कार हो रहा है. हमारे लोगों को मारा जा रहा है, दबाया जा रहा है लेकिन यह सुशासन की बात करने वाली सरकार हमें डराने और धमकाने का काम करती है लेकिन हमें कभी न्याय देने का काम नहीं करती है। उन्होंने कहा कि हम सभी छत्रपति साहूजी महाराज की सिर्फ जयंती हीं नहीं मना रहे है बल्कि उनके बताए गए रास्ते पर चलकर जो समतामूलक समाज की बात उन्होंने की थी जिससे हमारा बिहार आज भी कोसों दूर है। बिहार ने बहुजन समाज पार्टी निश्चित रूप से 2025 में समतामूलक समाज बनाकर छत्रपति साहूजी महाराज के नाम पर विश्वविद्यालय बना करके अपने बहुजन समाज के बच्चे और बच्चियों को पढ़ने का रास्ता खोलने जा रही है।

# 151 लोगों ने किया सामूहिक रूद्राभिषेक, श्रद्धालुओं ने बनाए सवा लाख पार्थिव शिवलिंग

- वैदिक मंत्रोच्चार व हर हर महादेव के नारों से गूंजा जंगलीनाथ महादेव मंदिर
- सामूहिक रूद्राभिषेक व पार्थिव पूजन संपन्न, पूरे दिन गुलजार रहा जंगलीनाथ मंदिर



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को डुमरांव का प्रसिद्ध जंगलीनाथ शिव मंदिर वैदिक मंत्रोच्चार व हर हर महादेव के नारों से गूंजता रहा। अवसर था रूद्र सागर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामूहिक रुद्राभिषेक और सवा लाख पार्थिव पूजन का। आयोजन समिति के मुख्य आचार्य पंडित विंध्याचल ओझा और पंडित संजीव मिश्रा के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पार्थिव पूजन और रुद्राभिषेक की शुरूआत की शुरूआत सुबह में की गई। जो दोपहर बाद करीब दो बजे तक जारी रहा। सामूहिक रुद्राभिषेक में 151 श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गंगाजल व दूध से देवाधिदेव महादेव का अभिषेक किया।

इस दौरान रुद्राभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं द्वारा सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया गया है। इस आयोजन से पूरा मंदिर परिसर गुलजार हो उठा है। सावन के पावन महीने में इस आयोजन से श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया था। रूद्राभिषेक व पार्थिव पूजन करने वालों के अलावे बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु भक्तों ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। सामूहिक रूद्राभिषेक व पार्थिव पूजन से मंदिर परिसर गुलजार रहा। दूर दराज के श्रद्धालु इस आयोजन को देखने आए थे। आयोजन के लेकर संस्थान द्वारा सुबह से तैयारी की जा रही थी। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर परिसर के पूर्वी छोर पर धूप से बचाव के उपाय भी किए गए थे। करीब एक दर्जन श्रद्धालु मंदिर के गर्भ गृह में बैठ रूद्राभिषेक कर रहे थे। अन्य श्रद्धालु बाहर बरामदे में बैठ रूद्राभिषेक करते नजर आए। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। आयोजक रूद्र सागर सेवा संस्थान द्वारा रूद्राभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के जलपान और भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क की गई थी। सामूहिक रूद्राभिषेक के दौरान विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किया जा रहा वैदिक मंत्रोच्चार आकर्षण का केन्द्र बना रहा। आचार्य मंडल का नेतृत्व पंडित विंध्याचल ओझा व पंडित संजीव मिश्र कर रहे थे। उनके साथ पंडित संजय ओझा, पं. बलिराम उपाध्याय, पं. संतोष चौबे, पं. सत्यम ओझा आदि वैदिक विधान से रूद्राभिषेक व पार्थिव पूजन करा रहे थे। आयोजन को सफल बनाने में रुद्र सागर सेवा संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे, रिंटू चौबे, संजय कुमार चौबे उर्फ डब्लू चौबे, रवि शंकर पाठक, राजेश सैनी, राकेश पाठक, अरूण वर्मा, विशाल चौबे, गोलू चौबे, शैलेन्द्र दूबे, रविरंजन चौबे, अजित पांडेय, सौरभ चौबे, अभिषेक चौबे आद आयोजन समिति के सदस्यों के अलावे दर्जन कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाए। संस्थान के सचिव रविशंकर चौबे ने आयोजन को सफल बताते हुए कहा कि इस आयोजन में काफी दूर दूर से लोग रूद्राभिषेक करने आए थे। उन्होंने कहा कि संस्थान का अगला लक्ष्य सामूहिक विवाह संपन्न कराना है। बताते चलें कि पिछले वर्ष भी संस्थान द्वारा सामूहिक रूद्राभिषेक कराया गया था। वही हर साल जंगलीनाथ मंदिर में ही सामूहिक यज्ञोपवित भी कराया जाता है। वही, रूद्राभिषेक करने आए श्रद्धालुओं ने इस आयोजन के लिए संस्थान को धन्यवाद दिया।

## खबरें फटाफट

### दो पक्षों में मारपीट, दो पर प्राथमिकी

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के मणियां गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों खुब लाठियां चटकी। जिसमें एक पक्ष के महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी शोभा देवी का इलाज नावानगर सीएचसी में कराया गया। इधर जख्मी महिला के पति बडेलाल राम ने सोनवर्षा ओपी में गुरुदयाल राम एवं चंद्रकांत राम पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बड़ेलाल राम ने बताया है कि वह गांव में मजदूरी करने गया था। घर में उनकी पत्नी थी। पहले से चली आ रही आपसी विवाद को लेकर नामजद लोगों द्वारा घर में अकेली महिला के साथ मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना पर वह मजदूरी छोड़ दौड़ा-दौड़ा घर पहुंचा, जहां उनकी पत्नी गंभीर रुप से जख्मी थी। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक व शराब के साथ तस्कर धराया

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने बाइक से शराब की खेप लेकर जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। उसके पास से सात लीटर देसी शराब बरामद हुआ है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से कड़ी पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया। जबकि बाइक को जब्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोरानसराय पुलिस एनएच 120 पर गश्ती अभियान चला रही थी। इसी दौरान खलवाइनार के पास गश्ती टीम को देख बाइक सवार एक युवक तेजी से बाइक घुमा भागने लगा। इसी दौरान पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़ने के बाद पुलिस ने जब तलाशी लिया तो उसके पास सात लीटर देसी शराब बरामद हुआ। मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बगही गांव के रहने वाले मेघभरण राम के बेटे शिव शंकर राम के रूप में हुई हैं। पुलिस बाइक को जब्त कर आरोपी को जेल भेज दिया।

## भूमि सर्वेक्षण कार्य के द्वितीय चरण के लिए लगाए जाएंगे शिविर, स्थान चिह्नित

# जिले के सभी अंचलों में एक अगस्त से शुरू होगा भूमि का सर्वे, तैयारी पूरी

- प्रपत्र के अनुसार साप्ताहिक वर्क प्लान बनाएंगे अधिकारी और कर्मचारी
- 30 तक प्रपत्र एक जमा करने के लिए अमिनों को दिया गया निर्देश




**बादल कुमार/केसठ**

बीते कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम पूरा करने को कहा था। जिसके बाद राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एक्शन में आ गया। इसके तहत अब जिले में भूमि सर्वेक्षण कार्य का द्वितीय चरण एक अगस्त से शुरू हो जायेगा। द्वितीय चरण के सर्वे कार्य में सभी अंचलों में एक साथ भूमि सर्वेक्षण का कार्य शुरू करेंगे।

इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रपत्र के अनुसार साप्ताहिक वर्क प्लान बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, सभी अमीनों को 30 जुलाई तक प्रपत्र एक जमा करने की तिथि निर्धारित की गई है। भूमि सर्वे के कार्य हेतु जिले के सभी 11 अंचलों में एक सरकारी भवन को चयनित किया गया है। जहां संबंधित अधिकारी, बंदोबस्त पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ सहित अन्य कर्मी मौजूद रहेंगे।

जिन मौजों के भूमि सर्वेक्षण का काम पूरा हो जाएगा उन जमीनों के रैयतों को खतियान, नक्शा और नागरिक अधिकार अभिलेख के रूप में जमीन के दस्तावेज दिए जायेंगे। यह दस्तावेज अलग-अलग जमीन का अलग-अलग होगा। इसमें हर एक जमीन यानि खेसरा का नजरी-नक्शा बना रहेगा। साथ ही, जमीन का यूनिक नंबर यानि यूएलपीआइएन भी दर्ज रहेगा। अधिकार अभिलेख में रैयत का नाम और पूरा पता, खाता-खेसरा और एकड़ सहित डिसमिल में रकवा, भूमि का प्रकार लिखा होगा। वहीं, संबंधित रैयत का मोबाइल और आधार नंबर दर्ज रहेगा। अधिकार अभिलेख उस जिले के बंदोबस्त पदाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी किया जाएगा।

**निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करने का दिया गया है निर्देश :** प्रभारी जिला पदाधाकारी डॉ. महेंद्र पाल ने बताया कि विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस समय पर पूरा करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को भूमि सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में थोड़ी भी लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भूमि सर्वे प्रपत्र 2 फॉर्म जमीन के मालिक को शिविर में जमा करना होगा। सर्वे के फॉर्म में स्वघोषणा फॉर्म भी भूमि सर्वे के फॉर्म में स्वघोषणा फॉर्म जमीन मालिकों द्वारा दिए जाने वाला फॉर्म है। इस फॉर्म में जमीन मालिक अपनी जानकारी के हिसाब से कितनी जमीन का वह दखल कब्जा कर रहे हैं उसके अनुसार से उस जमीन के दखल कब्जा के अनुसार से उनके जमाबंदी चल रहा है, रसीद कट रहा है या उनका बहुत दिनों से दखल कब्जा है तो जमीन का इसमें अपना डिटेल भरेंगे। इस फार्म में वह सारी जानकारी रहेगी जैसे जमीन का खाता नंबर खेसरा नंबर जमीन का रकबा कौन से डॉक्यूमेंट के आधार पर यह जमीन दखल कब्जा किया गया है।

### यहां यहां लगेगा भूमि सर्वे के लिए शिविर

| प्रखंड | चयनित सरकारी भवन |
|---|---|
| बक्सर (सदर) | सामुदायिक भवन, सिविल लाइन बक्सर |
| चौसा | पंचायत सरकार भवन चुन्नी |
| केसठ | पंचायत सरकार भवन केसठ |
| चौंगाई | पंचायत सरकार भवन मुरार |
| राजपुर | आपूर्ति पदाधिकारी के कार्यालय में |
| सिमरी | पंचायत सरकार भवन सिमरी |
| इटाढी | पंचायत सरकार भवन उनवास |
| नावानगर | पुराने अंचल कार्यालय भवन में |
| डुमराव | पुराने अंचल कार्यालय भवन में |
| ब्रह्मपुर | पंचायत सरकार भवन रघुनाथपुर |

### सर्वे प्रपत्र 2 फॉर्म के साथ देने होंगे ये कागजात

- स्व घोषणा प्रमाण पत्र
- जमाबंदी संख्या की विवरण या मालगुजारी रसीद की छायाप्रति
- खतियान की नकल
- आवेदक या हित अर्जन करने वाले वाले का मृतक का वारिस होने का प्रमाण पत्र
- यदि किसी भूमि सक्षम न्यायालय द्वारा कोई आदेश दिया गया होगा तो उस आदेश का सचिव प्रति आपको जमा करना होगा

## सीएचसी के चिकित्सक ने एम्बुलेंस चालक पर दर्ज कराया एफआईआर

- गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक चिकित्सक ने एम्बुलेंस चालक समेत अन्य 6 पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वासुदेवा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराया है। साथ ही हथियार लहराते हुए भाग जाने की बात कही गई है।

मामला गुरुवार को देर रात 10 बजे का है। इधर सीएचसी के चिकित्सक डॉ. मुकेश पटेल ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि ड्यूटी रूम में वे खाना खा रहे थे। तभी एम्बुलेंस चालक मोहन शर्मा अपने छह साथियों के साथ कट्टा लहराते हुए पहुचे। जहां नामजद लोगों ने उन्होंने गाली गलौज किया। साथ ही उनके द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इधर पीड़ित चिकित्सक ने बताया कि उनके साथ हुई दुर्व्यवहार के बाद जब वे शिकायत लेकर वासुदेवा ओपी पहुंचे, तो ओपी के पुलिस पदाधिकारी द्वारा टाल मटोल किया गया। उन्हें सुबह में आवेदन के साथ आने को कहा गया। जिसकी सूचना चिकित्सक ने एसडीपीओ को दिया। शुक्रवार की सुबह एसडीपीओ के साथ पीड़ित चिकित्सक ओपी पहुंच प्राथमिकी दर्ज कराया। इस संबंध में ओपी के प्रभारी ओपीध्यक्ष ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## केस उठाने के लिए महिला से छेड़खानी के बाद की मारपीट, सात पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/चौसा**



चौसा बारे मोड़ के पास स्थित चांदी मोड़ के पास एक महिला से पूर्व के केस को उठाने के लिए दबाव बना रहे आरोपियों द्वारा मारपीट और छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने इस मामले में सात के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनकी पिटाई से महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

इस घटना में महिला द्वारा अपने ऊपर हुए अत्याचार को लेकर मुफस्सिल थाने में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि समेत सात लोगो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार दीनदयाल पांडेय व श्रीभगवान पांडेय के बीच भूमि विवाद में केस चल रहा है इससे पहले भी इस मामले महिला के साथ मारपीट की गई थी। उसी केस को लेकर केस उठाने का दबाव बनाया जा रहा था। उक्त पीड़िता दीनदयाल पांडेय की पुत्री रिंकू देवी ने बताया कि वह घर मे अकेली थी। तभी, किशन पांडेय, धीरज पांडेय, रामअवध पांडेय, रामप्रवेश पांडेय, प्रदुम्न पांडेय, भगवान पांडेय और वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र पांडेय लाठी, डंडे व लोहे का रॉड लेकर पहुंचे और उसके साथ छेड़खानी व मारपीट की गई। जिससे उसके पूरे शरीर पर कई जगह गहरे चोट आई है। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। इसी बीच कुछ ग्रामीण पहुंचे तब तक वे लोग भाग खड़े हुए। पुलिस को सूचित किया गया। जहां पहुंची पुलिस घायल महिला को उठा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहा महिला का इलाज किया जा रहा है।

इस मामले में पीड़ित महिला द्वारा शुक्रवार को मुफस्सिल थाने में नामजद सातों लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जहा पुलिस मामले में आरोपियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## औचक निरीक्षण में देर रात इटाढ़ी थाना पहुंचे एसपी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश, बोले...

# पीड़ित से किया दुर्व्यवहार या बैंक ड्यूटी में की लापरवाही तो नपेंगे थानेदार

- सिरिस्ता के रखरखाव का अवलोकन करने के साथ की अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में पुलिसिंग को दुरुस्त करने के उद्देश्य से बक्सर एसपी मनीष कुमार सिंह इन दिनों रात्रि में थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। बीती गुरुवार की रात एसपी ने इटाढ़ी थाना पहुंचे। जहां उन्होंने अस्पताल थाना डायरी, पेंडिंग मामले और सिरिस्ता के रख रखाव का गहनता से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि चूंकि सिरिस्ता में कई तरह के महत्वपूर्ण कागजात को रखा जाता है। ऐसे में ठीक ढंग से नहीं रखना बड़ी लापरवाही मानी जाएगी। सिरिस्ता के रखरखाव में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पेंडिंग मामलों पर नाराजगी जताते हुए एसपी ने अनुसंधानकताओं को फटकार लगाते हुए बोले कि इस बार सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ रहा हूं। अगली बार अगर पेंडिंग मामले मिले तो सीधे सस्पेंड करूंगा। इसलिए गस्ती के साथ-साथ केश के अनुसंधान पर ध्यान दें।

**पूर्व के तस्करों पर रखें नजर :** एसपी ने शराब तस्करों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। कहा कि थाना क्षेत्र में पूर्व के शराब के मामलों पर धराए तस्करों पर नजर रखते हुए रात्रि गश्ती बढ़ाई जाए। ताकि, शराब तस्करी पर नकेल कसा जा सके। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शराब मिला और तस्कर फरार अब ऐसा नहीं चलेगा। शराब के साथ तसकरों को पकड़े में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। यदि तस्करी के मामले में किसी की संलिप्तता पाई गई, तो उनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। अचानक एसपी के थाने में पहुंचने से हड़कंप मच गया।

### बैंक के उपभोक्ता को किया जा रहा टारगेट

एसपी ने थानेदार से कहा कि अपराधियों द्वारा बैंक के उपभोक्ता को लगातार टारगेट कर रहे है। इसलिए बैंक ड्यूटी में एक एक्शन फोर्स वर्किंग टाइम में बैंक के आसपास होनी चाहिए। बैंक मैनेजर से मिलकर यह जानकारी लें कि बड़ी रकम कौन कौन और कब कब उठाव कर रहा है। जिसके बाद सीएससी व अन्य उपभोक्ताओं को सुरक्षा देते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचाएं। ताकि, छिनतई या लूट की घटनाओं पर नकेल लगाया जा सके। उन्होंने पुलिस पब्लिक मैत्री संबंध पर बल देते हुए कहा कि थानों में आने वाले लोगों विशेषकर शिकायत दर्ज कराने के लिए आने वाले पीड़ितों के साथ सरलता से व्यवहार करें। यदि किसी पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करता गया पकड़ा गया या ऐसी शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी व कर्मी पर कार्रवाई तो की जायेगी, वहीं थानेदार के खिलाफ शिकायत मिलने पर वो भी नपेंगे। वहीं, उन्होंने थाना स्तर पर लोगों को तीनों नए कानूनों की जानकारी देने के लिए शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन सब की जानकारी मिल सके।

## एक नजर

### कारगिल विजय दिवस पर सुमित्रा कॉलेज में देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना का हुआ संचार



**डुमरांव।** स्थानीय सुमित्रा महिला कॉलेज में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम, विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावनाओं का संचार करने के लिए केंद्रीकृत रहा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र की सुरक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ शोभा सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में छात्राओं को अवगत कराया तथा आयोजन के उद्देश बताते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों ने दुश्मन आर्तकियों को कैसे धूल चटाई थी। इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त 527 पराक्रमी कारगिल सैनिकों को साहस अदम्य था। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शंभूनाथ शिवेंद्र ने भारतीय सक्षम नेतृत्व की तत्परता एवं सेना के अतुल्य शौर्य और पराक्रम का सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले वीरगति को प्राप्त कारगिल सैनिकों का स्मरण कराया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं प्रो. डॉ सुभाष चंद्रशेखर ने विद्यार्थियों को अग्निवीर और वायुवीर बनने की ओर लक्षित किया। साथ ही, सिविलियन की तरह अपने क्षेत्र के रह कर भविष्य बनाने का सपना देख रहे विद्यार्थियों से शासकीय-अशासकीय और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान करने, समाजसेवी कार्यक्रम एवं योजनाओं जैसे पौधारोपण, रक्तदान, नशा उन्मूलन और स्वच्छता अभियान आदि में भागीदार बन देश सेवा में हाथ बंटाने की अपील की। मौके पर राष्ट्रीय कैडेट कोर की लेफ्टिनेंट डॉ अमृता सिंह, डॉ प्रमोद कुमार सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ किरण सिंह, चंचल कुमारी, प्रियांशी कुमारी, ज्योति, श्वेता, काजल, खुशी, मधु सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दिलीप जायसवाल के बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर लगा बधाईयों का तांता

**बक्सर/डुमरांव।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा विधान परिषद सदस्य डॉ. दिलीप जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी कर दिलीप जायसवाल को बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करने की बात कही है। इसकी जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की है। भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि डॉ. जायसवाल के नेतृत्व में बिहार में भाजपा काफी मजबूत होगी। उनके लंबे अनुभव तथा कार्यकुशलता का फायदा पार्टी और संगठन दोनों को मिलेगा। कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। कार्यकताओं ने आपस में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ प्रिय रंजन चौबे ने कहा की पार्टी में ये परंपरा रही सबको मौका मिलता है, आपकी अध्यक्षता में पार्टी अपनी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें ऐसी आशा है। खुशी जाहिर करने वालों में अक्षय ओझा, धीरज जायसवाल, अभिनंदन मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कंचन देवी, संजय कुमार, गोलू मिश्रा अरविंद पासवान, लखन मल्होत्रा, राजकमल सिंह, मनीष कुमार, धनजी पाठक, अंजय चौबे, रोहित मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं डुमरांव में इस मौके पर भाजपा नेता शक्ति राय व युवा मोर्चा के प्रदेश सह संयोजक दीपक यादव ने नए प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और सभी कार्यकताओं का यहां सम्मान किया जाता है अन्य पर्टियां अपने घर के लोगों को ही पार्टी की नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपती है। यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। मौके पर खुशी जाहिर करने वालों में भाजपा नेता रोहित सिंह, अभिषेक रंजन, नीरज सिंह, पवन जायसवाल, संटू मित्रा, मुखिया सिंह कुशवाहा, अभिषेक चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### पांच सूत्री मांगों के समर्थन में क्रांति दिवस पर एक दिवसीय धरना देगी शहीद स्मारक समिति



**डुमरांव।** शुक्रवार को स्थानीय शहीद पार्क में शहीद स्मारक समिति के कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के संयोजक संजय चन्द्रवंशी ने एवं संचालन प्रवक्ता गोपाल प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लम्बित पांच सूत्री मांगो के समर्थन मे और जिला प्रशासन एवं अनुमंडल प्रशासन द्वारा डुमरांव के अमर सेनानियों की उपेक्षा के खिलाफ 9 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर शहीद पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया जाएगा। जिसमें शहीद स्मारक समिति के कार्यकर्ता एवं समाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगें। समिति की पूर्व निर्धारित पांच सूत्री मांगों में शहीद पार्क में शहीद मेमोरियल हाल का निर्माण कराने, अमर शहीदों के परिजनों को छह डिसमील जमीन देकर उस पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कराने, शहीदों के परिजनों को उतराधिकारी का प्रमाण पत्र देने तथा उन्हें पेंशन देने, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए डुमरांव के 21 सेनानियों का नाम जिला व अनुमंडल मुख्यायल में शिलापट्ट लगाकर उस पर अंकित करने। ताकी भावी पीढ़ी उनके त्याग व बलिदान को जान सकें तथा डुमरांव के अमर शहीदों की वीरता भरी गाथा को पाठ्य पुस्तक में शामिल करने की मांग शामिल है। बैठक में महेंद्र राम, डॉ. संजय दास, संत गोंड, अब्दुल्ला हाशमी, प्रभु यादव, नन्दजी गांधी, संजय पासवान, बहादुर यादव, गुलाब, बाबू लाल, बिजली राम आदि मौजूद थे।

### किसानों ने सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से पर्याप्त बारिशे नहीं हो रही है। वहीं नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आने के कारण किसान काफी परेशान और चिंतित हो रहे हैं। बिजली की स्थिति भी ठीके नहीं है। समय पर बारिशे नहीं होने की वजह से धान की खेती पिछड़ रही है। अपने खेतों को सूखते देख प्रखंड के किसानों में बेचैनी बढ़ती जा रही है। उनके चेहरे पर निराशा साफ झलक रही है। जुलाई का महीना बीतने को है, लेकिन अबतक धान की रोपाई पूरी नहीं हो पाई है। किसान अभी तक अच्छी बारिश होने की उम्मीद पर आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। बारिश का इंतजार कर रहे। किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि अगर अच्छी वर्षा नहीं होगी ,तो धान की रोपनी कैसे होगी। जिन किसानों ने धान की रोपनी कर ली है, उनके धान के पौधे तेज धूप के कारण खेतों में सुख रहे हैं। क्षेत्र के किसान मनु चौबे, धीरज पाठक, टुन्ना दुबे, संजय सिंह, रमेश चौधरी, पिंटु कुमार समेत अन्य किसानों का कहना है कि बारिश के मौसम में बारिशे नहीं हो रही है। एकदम सूखा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। धान का कटोरा कहे जाने वाले इस प्रखंड के किसान पूरी तरह से खेती पर ही आश्रित हैं। अपने बच्चों की पढ़ाई, शादी विवाह समेत अन्य छोटी- छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति खेती करने के बाद ही पूरा कर पाते हैं। लेकिन मौसम की बेरुखी देखकर किसानों को अपनी फसल के पैदावार को लेकर चिंता सता रही है। अगर बारिशे नहीं हुई तो फसल की उत्पादन क्षमता कमजोर होने की संभावना है। वहीं पानी के अभाव में धान के बिचड़े भी सूख रहे हैं। वहीं किसानों ने सरकार से क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने को लेकर मांग किया है।

# कारगिल युद्ध में भोजपुर जिले के कई जवानों ने लिया था हिस्सा: मेजर राणा प्रताप

♦ विजय दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के मझौवां स्थित शुभ नारायण नगर स्थानीय शान्ति स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस 2024 के अवसर पर पूर्व सैनिकों एवं वीरांगनाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मेजर राणा प्रताप सिंह (सेनि.) विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद शहीद अमर जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने की। संचालन वरिष्ठ शिक्षक अरविन्द कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य ऋषिकेश ओझा ने की। वहीं, मुख्य अतिथि जिला पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मेजर राणा प्रताप सिंह (सेनि०) ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे लिए खुशी का दिन है। कारगिल युद्ध में भोजपुर के काफी संख्या में जवानों ने भाग लिया था। जिसमें दो जवान शहीद हुए थे। सम्मान कभी छोटा या बड़ा नहीं होता है। विद्यालय परिवार द्वारा हम लोगों को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुमार द्विजेंद्र ने कहा कि विद्यालय कारगिल दिवस के मौके पर आपको सम्मान देकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वीर सैनिकों की बदौलत ही हम अपने घर में चैन की नींद सो पाते हैं।

अतिथियों का स्वात करते हुए प्राचार्या डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध हमारे लिए गौरव गाथा है। जो हमें गौरवान्वित महसूस करता रहेगा। हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम की राह पर चलता है, लेकिन कोई भी दुश्मन देश को आंख दिखता है, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है। जंग में शहीद जवानों के परिवार वालों की भावनाओं की कभी पूर्ति नहीं की जा सकती, उन जवानों व उनके परिवारजनों ने अपना सर्वस्य न्योछावर कर दिया। हमारे सैनिक प्रतिकूल मौसम में भी अखण्ड भारत के रक्षा करते है। इस मौके पर 80 पूर्व सैनिक एवं वीरांगनाओं को विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्या ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालो में सुबेदार मेजर कन्हैया सिंह, सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय, जगरनाथ सिंह, पवन कुमार प्रसाद, बलराम करमाकर, शंकर शर्मा, डीपी तिवारी, रंगलाल यादव, मो. असगर, मो. असरफ वीरांगनाओं में मीना देवी, पूनम देवी, सुनिता देवी, सीमा देवी, पावर्ती देवी, चंद्रावती देवी, उषा देवी, मनोरमा देवी, हीरा देवी, नीरमा देवी, सुमन देवी आदि मौजूद रही। कार्यक्रम के पूर्व देश की रक्षा को लेकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानो की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## एक नजर

### बार एसोसिएशन बिक्रमगंज का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बने गोपाल कृष्ण भारद्वाज



**बिक्रमगंज।** बार एसोसिएशन बिक्रमगंज का चुनाव शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर गोपाल कृष्ण भारद्वाज, महासचिव पद पर रवि रंजन कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार सिंह विजई हुए। निवार्ची पदाधिकारी रामनरेश सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए गोपाल कृष्ण भारद्वाज को 132 एवं सत्येंद्र सिंह को 113 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद के लिए रवि रंजन कुमार सिंह को 104 एवं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुधीर कुमार सिंह को 58 मत प्राप्त हुए। महासचिव पद के लिए कल 9 प्रत्याशी नामांकन किया था। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार सिंह को 125 एवं अभय पांडे विद्यासागर को 120 मत प्राप्त हुए। इस तरह सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को विजई घोषित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार सिंह निर्विरोध, महासचिव पद पर प्रकाश कुमार एवं अजय कुमार सिंह निर्विरोध, संयुक्त सचिव पद पर कामता प्रसाद एवं अजय कुमार सिंह निर्विरोध, अंकेक्षण पद पर कुमार बृजेश निर्विरोध तथा कार्यकारी सदस्य के रूप में मनजीत कुमार सिंह एवं विजय कुमार आजाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। विजई उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अबीर गुलाल लगाते हुए खुशी का इजहार किया।

### नौ और 16 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम को लेकर बनी आपसी सहमति

**डुमरांव।** नौ अगस्त क्रांति दिवस व 16 अगस्त शहीद दिवस को लेकर शहीद स्मारक समिति कपिलमुनी द्वारा की एक अहम बैठक स्थानीय शहीद पार्क में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी तालमेल के साथ क्रांति दिवस व शहीद दिवस मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। सदस्यों ने कहा की 16 अगस्त को राजकीय समारोह का दर्जा मिल चुका है, इसलिए सरकार को चाहिए कि शहीदों की याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराकर उन्हें याद करे। कई सालों से राजकीय समारोह सधारण तरीके मनाकर केवल खानापूर्ति की जाती है। बैठक में एक मांग पत्र तैयार कर स्थानीय धिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक को भेजने पर सहमति बनी। विदित हो कि 16 अगस्त डुमरांव वासियों के लिए यादगार का क्षण होता है। देश को आजाद कराने के लिए शहर के चार सपूतों ने हंसते-हंसते भारत माता का झंडा लिए अंग्रेजों के गोली के शिकार हो गए थे। उनके इस वीर गाथा का डुमरांव के लोग याद करते हुए सोलह अगस्त को शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। फिर इसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उस 16 अगस्त दिन को राजकीय समारोह का दर्जा दे दिया। जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी हुई थी। बैठक में सहमति से बने मांग पत्र में एक शाम शहदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिला मुख्यालय और अनुमंडल मुख्यालय पर शहीदों की मूर्ति और उनका स्तम्भ लगाया जाए, शहीद के परिजनों को 6 डिसमिल जमीन और पेशन योजना का पारिवारीक लाभ दिया जाए, शहीदों के नाम पर तोरणद्वार स्थापित करने की मांग की गई। बैठक में संजय चंद्रवंशी, महेन्द्र राम, बिजली राम, संजय पासवान, प्रभूनाथ, डॉ. संजय दास, संत कुमार गोंड, गुलाब चंद्रवंशी, बाबूलाल राम, जंगबहादुर, अब्दुल हाशमी, कमरूदीन अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### डुमरांव बीडीओ ने किया पंचायत भवन का निरीक्षण, ली योजनाओं की जानकारी

**डुमरांव।** सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पांडेय ने कोरानसराय पंचायत भवन का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि पंचायत स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित अभिलेख का संधारण संबंधित कार्य नियमानुसार किया जा रहा है कि नहीं इसका अवलोकन करते हुए दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने पंचायत कर्मियों को आदेश दिलाते हुए कहा कि गांव में रहने वाले हर व्यक्ति को पात्रता के अनुसार सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का नामकरण पंचायत सरकार भवन के दीवारों पर लिखने निर्देश दिया। साथ ही कई योजनाओं के आधा-अधूरे होने पर कर्मियों को कड़ी फटकार भी लगायी। मौके पर जनप्रतिनिधियों के अलावे पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

### टुड़ीगंज बाजार से चोरी हुआ शिशु बिहिया के तेघड़ा से किया गया बरामद

डुमरांव। जिले के कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र स्थित टुड़ीगंज बाजार से बुधवार की रात एक बच्चा चुरा लिया गया था। जिसकी सूचना पीड़िता ने थाने में दी। मामले की गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बच्चे की छानबीन शुरू की। जिसके 24 घंटे के अंदर ही बच्चे को भोजपुर जिले के बिहिया प्रखंड अंतर्गत तेघरा गांव से बरामद कर लिया गया। हालांकि, मामले को लेकर पीड़िता शुक्रवार की सुबह एसपी मनीष कुमार के पास अपने बच्चे की बरामदगी के लिए फरियाद लेकर पहुंची थी, लेकिन उससे पहले ही बच्चे को बरामद कर लिया गया था। जिसकी जानकारी एसपी ने उन्हें दी। जिसके बाद पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुंची। मामले के संबंध में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की शादी नहीं हुई है। उसके बावजूद वह मां बन गई।मां बनने के बाद उसके बच्चे को पाने के लए कई लोगों ने कोशिश की। लोगों ने उसे डराया और धमकाया भी उसके बाद भी वो बच्चे को नहीं देना चाहती थी। इसी बीच बुधवार की रात किसी ने बच्चा चुरा लिया। सूचना मिलने के बाद उन लोगों को हिरासात में लेकर से पूछताछ की गई, जो उसके बच्चे को पाना चाहते थे। इस बीच तेघड़ा गांव में बच्चे के होने की सूचना और तत्काल तेघड़ा से उसे बरामद कर लिया गया।

### पुलिस ने कछवां थाना क्षेत्र में चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, वसूला जुर्माना

**नसरीगंज।** कछवां थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध एवं यातायात नियमों के पालन कराने को लेकर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कछवां पुलिस द्वारा एसएच 81 मुख्य मार्ग पर थाना मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना मोड़ पर चलाये गये वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने वाहन चालक से वाहन संबंधित कागजात, हेलमेंट आदि की जांच की और जिन वाहन चालकों के पास वाहन से संबंधित कागजात या हेलमेंट नही था वैसे वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान में खासकर वैसे वाहन चालक जो ट्रीपल लोडिंग या बिना हेलमेंट के चल रहे थे उन सभी वाहनों को पुलिस ने रूकवाते हुए उन वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला। साथ ही, क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अपराध को रोकने हेतु पुलिस ने सभी वाहनों की सघन तलाशी ली। वाहन चेकिंग अभियान की अगुवाई पुलिस पदाधिकारी मनीष कुमार व शालू कुमारी ने किया । थाना मोड़ पर यातायात नियमों का उल्लघंन कर चल रहे कई वाहनों को पुलिस ने रूकवाते हुए जांचोपरांत वाहन चालकों से जुर्माना वसूला। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के क्रम में कुल 14 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। मौके पर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### जनता दरबार में फरियाद लेकर पहुंचे लोग

**काराकाट।** काराकाट प्रखंड कार्यालय के परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कई विभाग द्वारा अपने कार्यालय के सामने स्टॉल लगा कर क्षेत्र से आए लाभुकों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान दो विधवा पेंशन, दो आवास, एक श्रम कार्ड तथा दस राशन कार्ड के लिए मामला आया। जिनमें सभी मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बीडीओ ने कहा कि सरकार का एकमात्र लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। मौके पर बीडीओ राहुल कुमार सिंह, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, पीओ राजेश कुमार, देवाशीष सिंह, रीता कुमारी सहित प्रखंड कर्मी व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### होल्डिंग टैक्स के लिए लड़ी जाएगी लड़ाई

**डुमरांव।** नगर परिषद द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जो दिशा-निर्देश दिया गया है, उस पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। इसकी आवाज समाजिक मंच उठाएगा। इसकी जानकारी देते हुए समाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण ने कहा कि नप द्वारा भ्रामम प्रचार कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है, लेकिन मंच जनता की लड़ाई हमेशा लड़ता रहेगा।

### शराब कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**बिक्रमगंज।** कछवां पुलिस ने पूर्व शराब कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कछवां थाना कांड संख्या 42/22 के आलोक में सुसंगत धारा 30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के अप्राथमिकी अभियुक्त रवि कुमार पासवान पिता हीरालाल पासवान ग्राम बड़हरा थाना सासाराम मुफस्सिल को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### सदर पंसस की बैठक आज

**बक्सर।** सदर प्रखंड के पंचायत समिति की बैठक शनिवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में होगी। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी साधु शरण पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड प्रमुख फुलपातो देवी के निदेर्शानुसार शनिवार को 11:30 बजे से प्रखंड कार्यालय स्थित कल्याण भवन के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की सामान्य बैठक होगी।उन्होंने यह भी जानकारी दिया है कि आयोजित बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रखंड प्रमुख ने निर्देश दिया है कि संबंधित विभाग के जो भी पदाधिकारी अनुपस्थित रहेंगे उन पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया गण एवं पंचायत समिति सदस्य के अलावे सभी विभाग के पदाधिकारी शामिल होंगे।

## चौसा में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के द्वितीय फेज के लिए हुई बैठक

# अनुदान के लिए एक से 25 अगस्त तक आवेदन करेंगे लाभार्थी : डीटीओ

♦ विकास मित्र, पंचायत सेवक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ की गई बैठक, दी गई योजनाओं की जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के द्वितीय फेज के संचालन शुरू किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में चौसा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड के विकास मित्र, पंचायत सेवक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में लाभुकों को मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के द्वितीय फेज के प्रारम्भ होने की चर्चा की गई। जिसमें नियमों की जानकारी दी गई।

वही, बताया गया कि आगामी एक अगस्त से 25 अगस्त तक इसके लाभार्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए विगत 22 जुलाई से 31 जुलाई तक योजना का प्रशिक्षण व जन- जागरूक किया जाएगा। जिसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा प्रखंडवार एवं कोटिवार आवेदनों के आधार पर वरीयता सूची 27 अगस्त तक किया जाना है। जिसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा तैयार वरीयता सूची के आधार पर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा लाभुक का चयन 29 अगस्त को तथा स्वीकृत लाभुकों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची को संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में प्रकाशित करते हुए तीन दिनों की समय सीमा में आपत्ति 2 सितंबर तक की जानी है। वही अंतिम सूची का प्रकाशन 5 सितंबर को किया जाएगा। 6 सितम्बर से 10 तक चयन व चयनित लाभुकों को चयन पत्र का तमिला, 11 सितम्बर से लगातार बस क्रय के बाद चयनित लाभुक द्वारा अनुदान प्राप्ति हेतु आवेदन जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में समर्पित एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा अनुदान की राशि सीएफएमएस के माध्यम से लाभुक के खाते में भुगतान आवेदन प्राप्ति के साथ दिनों के अंदर निर्धारित किया गया है। इस योजना सदर प्रखंड को छोड़कर शेष प्रखंडों में इस योजना का लाभ दिया जाएगा। एक प्रखंड सात लाभुकों को बस के क्रय पर अनुदान दी जानी है। बताया गया की एक बस की खरीद पर पांच लाख का अनुदान होगा।

**चयन में कोटिवार सूची**

परिवहन विभाग की अधिसूचना के आलोक में बताया गया कि इसके लिए कोटिवार एक प्रखंड में सात जिसमे दो अनुसूचित जाति, दो अत्यंत पिछड़ा वर्ग, एक पिछड़ा वर्ग, एक अल्पसंख्यक समुदाय से एवं एक सामान्य वर्ग से चयन किया जाना है। जिस प्रखंड में अनुसूचित जनजाति की संख्या 1000 से ज्यादा होगी उस प्रखंड में एक अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति के कोटि में भी योजना का लाभ दिया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के सहयोग से प्रखंड स्तर पर बस के क्रय हेतु आम जनों के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से वाहन मेला का आयोजन करने को कहा गया। जिसमें अधिकृत वाहन डीलर तथा बैंक- वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी निश्चित रूप से आमंत्रित किया जाए। इससे लाभुकों को वाहन के चयन तथा उसके वित पोषण कार्य में सहजता

### मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभ व विशेषताएं

- बिहार मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लिए 7 लाभार्थियों को चुना जायेगा।
- मैट्रिक की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अंको के हिसाब से चयनीत किया जाएगा।
- आवेदन कर्ता के समान मैट्रिक अंक होने पर अधिक आयु तथा अधिक अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
- चयन होने के बाद आवेदन कर्ता को बस खरीदनी होगी।
- बस खरीदने के पश्चात लाभार्थी के खाते में सरकार द्वारा 5 लाख की अनुदान राशि जमा कर दी जाएगी।
- चयन के लिए 2 अनुसूचित जाति से,1 सामान्य जाति से, 2 अत्यंत पिछड़ा वर्ग से,1 अल्पसंख्यक समुदाय से एक पिछड़ा वर्ग से चुना जायेगा।

### आवेदन के लिए निम्न पात्रता का होना अनिवार्य

- मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना बिहार के लिए आवेदन करने के लिए आवेदन कर्ता की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- आवेदक के पास वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है।
- आवेदक के पास आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए जैसे की बैंक खाते की पासबुक,आधार कार्ड,पान कार्ड आदि।
- इस योजना के लिए अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, सामान्य वर्ग के नागरिक पात्र होंगे।
- योजना में कोई सरकारी कर्मचारी आवेदन नहीं कर सकता है।

### निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेज जरूरी

- आधार कार्ड
- मोबाइल नंबर
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- जाती प्रमाण पत्र
- ईमेल आईडी
- खाता पासबुक
- पासपोर्ट साइज फोटो
- 10वीं कक्षा के मूल प्रमाण पत्र व अंक पत्र
- ड्राइविंग लाइसेंस

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से शौच करने जा रही किशोरी की मौत

♦ संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव स्थित बाजार में शुक्रवार को घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव में शुक्रवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से शौच करने जा रही एक किशोरी की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृत किशोरी संदेश थाना क्षेत्र के देउआर गांव निवासी अजय साह की 14 वर्षीया पुत्री निशा कुमारी है एवं वह छठी कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत किशोरी के चाचा जितेंद्र ने बताया कि शुक्रवार की सुबह शौच करने के लिए बधार में जा रही थी। जहां रास्ते में पहले से विद्युत प्रवाहित टूट कर गिर पड़ा था। जाने के क्रम में वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसकी परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पहुंचे और उसे इलाज के लिए संदेश रेफरल अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन अभी उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ला ही रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बावजूद इसके परिजन उसे आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पर पहुंची ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोरी अपने छह बहन व एक भाई ने पांचवे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां मनोरमा देवी व पांच बहन ललक देवी,काजल देवी, लीलावती देवी, आशा कुमारी छोटी कुमारी एवं एक भाई प्रकाश कुमार है।

## बर्थडे पार्टी में गए युवक को हाथ में लगी गोली, इलाजरत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव में गुरुवार की रात बर्थडे पार्टी में गए एक युवक को संदेहास्पद स्थिति में गोली लग गई। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में तीन उंगली के ऊपरी हिस्से में लगी है। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी उपेंद्र साह का 18 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर संजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात वह अपने गांव के ही प्रदीप सोनी के पुत्र व अपने दोस्त विजय सोनी के बर्थडे पार्टी में उसके घर गया था। जहां वह बड़ा बम लेकर छोड़ रहा था। तभी हाथ में ही बम फट गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जख्मी युवक को बाएं हाथ में तीन उंगली के ऊपरी हिस्से को गोली छूते हुए निकल गई है। गोली लगने के कारण उसके उंगली की हड्डी फ्रैक्चर कर गई है।

## बीएड के रिजल्ट में सभापति मिश्रा इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन के छात्रों का दबदबा कायम

# 85.30 प्रतिशत अंक के साथ श्वेता रही अव्वल

♦ 63 छात्रों को मिला 80 फीसदी से उपर अंक, कॉलेज प्रबंधन को दिया सफलता का श्रेय

**केटी न्यूज/डुमरांव**



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा बीएड सत्र 2022 -24 के द्वितीय वर्ष की परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें डुमरांव के सभापति मिश्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रेसिडेंट चन्दन कुमार मिश्रा ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। महाविद्यालय की छात्रा श्वेता (पिता - संजय कुमार चौबे) ने 85.30 प्रतिशत अंक के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के साथ-साथ अपने माता -पिता का भी नाम रौशन किया है।

महाविद्यालय के 63 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया एवं 96 छात्र-छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। जिसमें पूजा रानी राय 84.53 प्रतिशत, शशि शेखर त्रिपाठी 84.38 प्रतिशत, प्रतिभा कुमारी 84 प्रतिशत, दीपेश कुमार श्रीवास्तव 84 प्रतिशत, आकांक्षा कुमारी 83.92 प्रतिशत, ज्योति कुमारी 83.92 प्रतिशत, नेहा कुमारी 83.76 प्रतिशत, अंकिता कुमारी 83.61 प्रतिशत, नूतन कुमारी 83.53 प्रतिशत, सुषमा कुमारी 83.53 प्रतिशत, अजय कुमार 83.46 प्रतिशत, प्रिया पाण्डे 83.30 प्रतिशत, संध्या कुमारी 83.30 प्रतिशत, ज्योति कुमारी 83.07 प्रतिशत, खुशबू कुमारी 82.76 प्रतिशत, कुमारी माया सिंह 82.15 प्रतिशत, सीमा कुमारी 82.07 प्रतिशत, उमा कुमारी 82.07 प्रतिशत, डिंपल कुमारी 82 प्रतिशत, सुमति कुमारी 81.92 प्रतिशत, आफताब आलम 81.84 प्रतिशत आदि हैं। छात्र -छात्राओं ने अपनी सफलता का पूरा श्रेय कॉलेज प्रशासन द्वारा कुशल योजना के तहत नियमित चलाई जाने वाली कक्षाओं एवं अपने शिक्षकों को दिया।

कॉलेज मैनेजिंग कमिटी के चेयरमैन चन्दन कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देने के उपरांत उन्हें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में आगे की पंक्ति में खड़े होकर अपनी भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. आरपी दुबे ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में प्रशिक्षु छात्रो को माइक्रोटीचिंग एवं अन्य कुशल शिक्षण विधियों का नियमित अभ्यास कराया जाता है। जिससे भविष्य में वे एक कुशल शिक्षक बन सके।

### ताड़ीघाट विद्युत उपकेंद्र में गुरुवार की देर रात स्वीच यार्ड में स्पार्किंग के कारण हुई घटना

# कंट्रोल रूम की इनकमिंग ट्राली तेज आवाज के साथ ब्लास्ट, चार फीडर बंद, 40 गांव अंधेरे में

♦ विद्युत आपूर्ति ठप होने से पकड़ी, युवराजपुर, हरिशचंद्रपुर, बवाडा, भिक्खिचौरा, डेढगावां, कल्यानपुर आदि गांवों में मची हहाकार

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

ताड़ीघाट विद्युत उपकेंद्र में गुरुवार की देर रात स्वीच यार्ड में स्पार्किंग एवं तेज धमाके के कारण कंट्रोल रूम की इनकमिंग एक नंबर की ट्राली तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गई। इसके चलते चार फीडरों की आपूर्ति ठप होने से इलाके के 40 गावों की बत्ती गुल हो गई।

देर रात्रि को ट्राली के ब्लास्ट होते ही पूरा कंट्रोल रूम धुएं से भर गया?। इसके कारण विद्युत कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। यह तो संयोग अच्छा रहा कि धमाके के समय विद्युत कर्मी बाहर सोए थे। अन्यथा बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। विद्युत कर्मियों ने इस हादसे की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दे दी।

वहीं विद्युत आपूर्ति ठप होने से पूरे इलाके के पकड़ी, युवराजपुर, हरिशचंद्रपुर, बवाडा, भिक्खिचौरा, पटकनियां, डेढगावां, कल्यानपुर, साइतबांध, गोपालपुर, उधरनपुर, गौरा, तिलवां आदि गावों में हाहाकार मचा हुआ है। इस कारण दर्जनों राजकीय, निजी



नलकूप, पानी टंकी, छोटे-बड़े उद्योग धंधे बंद पड़े हैं। अभी तक छह घंटे बाद भी ब्लास्ट हुई इनकमिंग ट्राली की मरम्मत शुरू नहीं हो सकी है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कहा कि जल्द ट्राली की मरम्मत कर आपूर्ति चालू किया जाए, ताकि वर्तमान समय में खेती बारी के मौसम में किसानों को सहुलियत हो सके। लोगों ने कहा कि आए दिन किसी न किसी कारणों से आपूर्ति के ठप्प होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि सब- स्टेशन के स्वीच यार्ड की क्षमता वृद्धि के लिए शासन की ओर से दस एमवीए के नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है,मगर विद्युत विभाग के उदासीनता के कारण इसका टेंडर न होने से नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लग पा रहा है।ग्रामीणों ने कहा कि अगर यह दस एमवीए का नया पावर ट्रांसफॉर्मर लग जाता तो आए दिन ट्रपिंग,ओवरलोडिंग से छुटकारा मिल पाता और उपभोक्ताओं को समय से समुचित विद्युत आपूर्ति होती।अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि ओवरलोड के कारण इनकमिंग ट्राली ब्लास्ट हुई है,बताया कि इसकी मरम्मत का काम जल्द शुरू कर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी,कहा कि जल्द ही दस एमवीए के पावर ट्रांसफॉर्मर के टेंडर कि प्रक्रिया पूरी होते ही लगाया जाएगा।

### चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप, भाजपा नेता व जनता पावर हाउस पहुंचे, जमकर काटा बवाल

♦ विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो ग्रामीणों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

**गाजीपुर।** जखनियां विद्युत उपकेंद्र से करीब 75 गांव जुड़े हैं। इन गांवों में यहीं से विद्युत आपूर्ति होती है। पिछले चार दिनों से जखनियां बाजार में बिजली न होने से भाजपा युवा मंडल मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर भारद्वाज, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, प्रधान प्रतिनिधि अशोक गुप्ता सहित अधिक संख्या में जनता ने पावर हाउस पर पहुंचकर जमकर बवाल काटा। सूचना मिलने के बाद तत्काल उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बिजली की समस्या खुद अधिकारी भी झेल रहे हैं। उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह ने जब बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन किया तो किसी ने फोन नहीं उठाया। वह क्षेत्रिय जनता को समझाते रहे। लगभग ढ़ाई घंटे बाद जनता तो वापस चली गई, लेकिन बिजली की समस्या वैसे ही रह गई।भाजपा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहा कि जखनियां में



विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारी मनमाना कर रहे हैं। सिर्फ खास गांव अलीपुर मदरा में ही बिजली सप्लाई चला रहे हैं बाकी गांव को छोड़ दे रहे हैं। जेई, एसडीओ को फोन करने पर फोन रिसीव नहीं कर रहा है। भीषण गर्मी में जहां बिजली की समस्या से आम जनता व बच्चे बेहाल हैं, वहीं औद्योगिक व्यापार का भी नुकसान हो रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन बिजली की समस्या जैसे की तैसी बनी हुई है। यही नहीं बिजली विभाग के कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जखनियां पावर हाउस पर चक्काजाम करेंगे। जखनियां प्रधान प्रतिनिधि अशोक गुप्ता ने कहा कि जखनियां विद्युत उपकेंद्र के अधिकारी और कर्मचारी जखनियां के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। चार दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से गायब है। अधिकारी कर्मचारियों को फोन करने पर फोन रिसीव नहीं करते हैं। बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होता है, तो जखनियां बाजार में चक्काजाम किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह ने कहा कि जखनियां में बिजली व्यवस्था काफी दयनीय बनी हुई है। उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। कुछ तार के फाल्ट कुछ ट्रांसफार्मर जलने की बात भी विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बताया था। इस मामले में उच्चाधिकारियों से वार्ता हुई है। बहुत जल्द सुधार होगा। इस मौके पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर, उमाशंकर यादव, संजीत तिवारी, धर्मेंद्र चौरसिया, राहुल, सुनील सिंह, वीरेंद्र पांडेय, पिल्लू पांडेय, विक्की सिंह, अजय सिंह, विनोद गुप्ता, सानू, सुरेंद्र चौरसिया, संतोष, डब्बू सिंह, टोनी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ग्राम प्रधान की मनमानी से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम सचिवालय पर किया प्रदर्शन

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के ग्राम पंचायत नरवर में ग्राम प्रधान की मनमानी एवं भ्ष्टाचार से त्रस्त ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों



का आरोप है कि ग्राम पंचायत में स्थित ग्राम सचिवालय एवं सामुदायिक शौचालय पर ग्राम प्रधान संगीता खरवार के पति साधु खरवार ने अपने परिवार की दो महिलाओं की तैनाती करवाया है। इनको प्रति माह सरकारी परिश्रमिक मिलता है। सामुदायिक शौचालय पर तैनात महिला तैनाती के बाद से कभी भी नहीं आती हैं। ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान के परिवार की महिला कार्यालय सहायक के रूप में कार्यरत हैं।ग्राम पंचायत सचिवालय में न तो सोलर सिस्टम लगा है, न ही बिजली का कनेक्शन है। यहां का सोलर सिस्टम लैपटॉप, प्रिंटर, बैट्री सहित सारा सामान ग्राम प्रधान द्वारा अपने घर रखवा दिए हैं। यहां पर सचिवालय संबंधी ग्रामीणों का कोई काम नहीं होता है। सामुदायिक शौचालय में पानी एवं सफाई की व्यवस्था न होने से अनुपयोगी पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य के समय सामुदायिक शौचालय के बगल में ढक्कन विहीन गड्ढा खुला छोड़ दिया गया है। ग्राम पंचायत में कार्यरत दो सफाई कर्मचारी गांव में कभी सफाई नहीं करते हैं। मौके पर मिली महिला सफाई कर्मचारी संजू यादव के पति के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि एडीओ पंचायत की मिलीभगत से इनकी पत्नी कभी भी ड्यूटी पर नहीं आती है। कभी कोई साफ-सफाई भी नहीं करती हैं। यहां तक की पत्नी का हस्ताक्षर खुद बनाकर चले जाते हैं। बताया कि बार-बार ग्राम प्रधान से शिकायत करने के बाद भी ग्राम पंचायत सचिवालय एवं सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो बीडीओ कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वाले ग्रामीणों में रामदेव यादव, रामदरश यादव, बबलू चौबे, पुन्नू चौबे, वीरेंद्र यादव, विक्रमजीत यादव, मनोज यादव, दुर्गा यादव, राहुल यादव, उपेन्द्र यादव, अभिषेक यादव, छोटेलाल यादव, बेचू यादव आदि शामिल रहे।

### प्रगति समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों की लापरवाही सामने आई

**गाजीपुर।** रेवतीपुर बीआरसी के सभागार में शुक्रवार को परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाए जाने को लेकर बीईओ अशोक कुमार गौतम के नेतृत्व में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों की घोर लापरवाही सामने आई है। विद्यालयों को निपुण बनाए जाने के लिए शिक्षा निदेशालय से मिले लक्ष्य की समीक्षा बैठक में 15 प्रधानाध्यापकों की अनुपस्थिति को गंम्भीरता से लेते हुए बीईओ ने नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने चेताया कि विद्यालयों को निपुण बनाने के मिले लक्ष्य में उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीईओ ने सख्त हिदायत दिया कि नोटिस का जबाब समय से संतोषजनक न देने पर संबंन्धित के खिलाफ कडी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निपुण बनाए जाने को लेकर समीक्षा बैठक में बोलते हुए बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि शिक्षा निदेशालय की ओर से 2025 फरवरी तक निपुण बनाए जाने का लक्ष्य मिला है। जिसे गंम्भीरता से लेना होगा,उन्होंने कहा कि निदेशालय की ओर से अक्टूबर में 26,दिसम्बर में 16 और फरवरी में 44 विद्यालयों को निपुण बनाए जाने का लक्ष्य मिला है। बीईओ अशोक कुमार गौतम ने प्रगति समीक्षा बैठक में सभी को सख्त हिदायत दिया कि विद्यालयों को जो निपुण बनाने का लक्ष्य निदेशालय से मिला है, उसे ससमय हर हाल में पूरा करना है। इस अवसर पर एआरपी संत कुमार गुप्त, योगेंद्र पटेल, शिवचंद चौहान, सुधाकर सिंह, भगवती तिवारी, सत्यप्रकाश, जयशंकर राय, चंद्रशेखर त्रिपाठी, डेजी शर्मा, मनोरमा सिंह, रामाश्रय प्रियदर्शी, विजय सिंह, विजयेंद्र सिंह, प्रेम उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा कर्मचारी अपने विभिन्न मांगों को लेकर सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया, जो 26 जुलाई से शुरू होकर सात अगस्त तक पूरे प्रदेश में चलेगा। इसको लेकर गाजीपुर जनपद के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम से जुड़े हुए संविदा कर्मी शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताएंगे। संविदा कर्मचारी संगठन के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र शेखर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के द्वारा पत्र के माध्यम से 15 जुलाई को प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश से वार्ता किए जाने का अनुरोध किया था। लेकिन एक सप्ताह में उक्त का कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इससे प्रदेश भर के करीब डेढ़ लाख एनएचएम संविदा कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है। उसके बाद से संघ के आदेश पर आज से विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। उन्होंने बताया की प्रमुख मांगों में म्यूचुअल एवं रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण के लिए नीति लागू किया जाए, संविदा कर्मियों को एढ्रद्भ ग्रेड पे व डीए टीए का निर्धारण हो, नियमित पदों के सापेक्ष होने वाली भर्ती प्रक्रिया में संविदा कर्मचारियों को वरीयता दिया जाए। एनएचएम में सात व 10 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को बोनस दिया जाए। सीएचओ का पीवीआई उनके मानदेय में जोड़ा जाए। कंप्यूटर ऑपरेटर का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन जिला व ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कारक स्टाफ के वेतन विसंगति का निस्तारण के साथ ही कई तरह की मांगे शामिल है। इन्हीं सब मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने बताया कि आज से काली पट्टी बांधकर शुरू किए गए विरोध के बाद 29 और 30 जुलाई को ड्यूटी समय से एक घंटे अधिक कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात 31 जुलाई, एक और दो अगस्त को जनपद स्तर से मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्री मांग पत्रों का ज्ञापन जिला अधिकारी या फिर क्षेत्रीय सांसद और विधायक के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा ।इसके अलावा तीन, चार, पांच और छह अगस्त को प्रदेश के संविदा कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार व राज्य सरकार के पोर्टल पर किए जाने वाले ऑनलाइन कार्य को बंद कर डिजिटल स्ट्राइक भी करेंगे।

### दो सगे भाइयों की मौत, घर में पसरा मातम

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के गोदसईयां गांव में शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर दोनों के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बता दें कि दिनेश मुसहर के पुत्र चुन्नू (15) और ठाकुर (12) सुबह जब नींद जगे तो उन्होंने शरीर में ऐंठन तथा पेट दर्द होने की शिकायत की। पुत्रों की बात सुनकर मां माधुरी देवी घबरा गई। आनन-फानन में वह दोनों को लेकर एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंची। यहां डॉक्टर की ओर से पेट दर्द की दवा दी गई। जब दवा खाने के बाद भी आराम नहीं हुआ तो परिजन सिखड़ी में एक तांत्रिक बाबा के यहां लेकर गए। तांत्रिक बाबा की ओर से दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया। घबराए परिजन दोनों को लेकर दुल्लहपुर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। उपचार के दौरान टुन्नू की मौत हो गई। कुछ देर में छोटा भाई ठाकुर ने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान भुल्लन यादव और अन्य ग्रामीणों की ओर से इसकी सूचना जखनियां एसडीएम कमलेश सिंह को दी गई। ग्रामीणों की ओर से आशंका जताई जा रही है कि रात के समय किसी विषैले जंतु ने सगे भाइयों को काट लिया होगा। एसडीएम की ओर से रिपोर्ट बनाने को लेकर मौके पर कानूनगो और लेखपाल को भेजा गया। मौके पर पहुंचे कानूनगो और लेखपाल की ओर से रिपोर्ट बनाई गई।

## खबरें फटाफट

### आईपीएस विक्रांत वीर ने कार्यभार किया ग्रहण

**बलिया।** वर्ष 2014 बैच के आईपीएस विक्रांत वीर ने शुक्रवार को बलिया पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया इसके पूर्व उन्नाव व हाथरस में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रहे। इसके अलावा लखनऊ में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पद पर रहे। जबकि अयोध्या सहायक पुलिस अधीक्षक तथा कानपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक परीवीक्षाधिन के पद पर तैनात रहे। इसके पूर्व वर्ष 2017 में बलिया में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के रूप में आईपीएस विक्रांत वीर तैनात रहे। अब बलिया पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। आपको बता दे कि आईपीएस विक्रांत वीर अपने ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के प्रति जाने जाते है।

### अनफिट वाहनों पर होगी कार्रवाई

**बलिया।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार राय ने साफ कहा है कि 15 अगस्त के बाद कोई भी ऐसा वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए, जिनका फिटनेस नहीं हो। इसके लिए अभियान चलेगा और कोई भी वाहन बिना फि टनेस या बिना परमिट के सड़क पर मिल गया तो उसे सीज कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार का समस्त स्कूल प्रबन्धकों के लिए विशेष रूप से निर्देश है कि स्कूली वाहन के रूप में संचालित समस्त वाहनों का स्वस्थता प्रमाण-पत्र 15 अगस्त तक पूर्ण करा लें।

## धुर्वार्जुन गांव के एक मकान में नर कंकाल मिला, पुलिस छानबीन में जुटी

♦ शव को कुत्ते व कीड़े- मकोड़ों के खाने से पहचानना मुश्किल
♦ कंकाल के पास मिले कपड़ों से पत्नी ने की पति की शिनाख्त
♦ आठ दिन पहले घर से गायब हो गए थे गुड्डू राजभर

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

सैदपुर थाना क्षेत्र के धुवार्जुन ग्राम में शुक्रवार को गांव से दूर सुनसान स्थान पर खेत में बने संजय राजभर के मकान की चहरदीवारी के अंदर एक व्यक्ति का नर कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मकान में काफी दिनों से कोई नहीं रहता है। शरीर का ऊपरी हिस्सा सिर व धड़ अलग-अलग हो गया है। वहीं कुछ दूरी पर टी-शर्ट तथा अंडरवीयर मिला है।

शव को कुत्ते व अन्य जीव-जंतु खा गए हैं। गांव के लोग सुबह धान की रोपाई करने के लिए जब उस रास्ते से गुजर रहे थे, तो नर कंकाल देखकर अवाक रह गए। घटना की जानकारी गांव के समाजसेवी कार्यकर्ता पंकज राय ने भितरी पुलिस चौकी के इंचार्ज ओमप्रकाश यादव को दी। उन्होंने बताया कि विशुनपुरा गांव के गुड्डू राजभर-42 पिछले 18 जुलाई से घर से गायब है। 20 जुलाई को परिवार वालों ने सैदपुर थाने में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुड्डू राजभर की पत्नी ने संदेह व्यक्त करते हुए अपने गायब पति के रूप में पहचान की है। फिलहाल जो भी हो अब डीएनए टेस्ट के बाद हकीकत पता चल जाएगा की नर कंकाल किसका है ?

घटना की जानकारी मिलते ही सैदपुर कोतवाल विजय प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी दलबल घटना स्थल पर पहुंचे और नर कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारी इस प्रकरण में घटना के तह में जाने का प्रयास कर रहे हैं। आस-पास के लोगों से गहन पूछताछ के बाद पूरे प्रकरण की छानबीन की जा रही है। पिछले आठ दिनों से घर से गायब गुड्डू राजभर की पहचान होना काफी कठिन है। यह परिवार एवं पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। क्योंकि पूरे शरीर पर केवल कंकाल बचा है। कुत्ते एवं अन्य कीड़े -मकोड़े उसे पूरी तरह खा चुके हैं। हालांकि मौके पर मिले कपड़ों से गुड्डू राजभर की पत्नी ने प्रथम दृष्टया अपने गायब पति के रूप में पहचान की है।

## रोहित हत्याकांड : 25-25 हजार के इनामी दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

♦ हत्या के दो आरोपियों को पहले ही पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली गेट के सामने 20 जुलाई को हुई रोहित पांडेय हत्याकांड मामले में शुक्रवार को बांसडीह व सर्विलांस टीम ने मुखबीर की सूचना पर 25-25 हजार के ईनामी बदमाश जवाहर गोड़ पुत्र विजय गोड़ निवासी पिण्डहरा थाना बासंडीह जनपद बलिया को पिण्डहरा मैरिटार मार्ग तथा धर्मेन्द्र यादव उर्फ बागी यादव पुत्र राजा यादव निवासी दरांव थाना बांसडीह जनपद बलिया को दरांव सड़क के पास से गिरफ्तार न्यायालय भेज दिया। बता दे कि 20 जुलाई 2024 को आपसी रंजिश को लेकर बांसडीह कस्बा निवासी रोहित पांडेय को फिल्मी स्टाइल में टांगी, गड़ासा व धारदार हथियार मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। जिनकी जिला चिकित्सालय ले जाते समय



रास्ते में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक में चचेरे भाई के तहरीर पर सात लोगों के विरुद्ध नामजद व कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद वांछित चल रहे छह अभियुक्तों एसपी द्वारा 25-25 हजार रुपए इनाम घोषित किया गया। इस मामले में पुलिस ने 23 जुलाई को आरोपी अंकित यादव पुत्र शुकुल यादव निवासी दरांव थाना बांसडीह जनपद बलिया व ओमप्रकाश यादव उर्फ प्रकाश यादव पुत्र रमेश यादव निवासी पिण्डहरा थाना बांसडीह बलिया को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया था। जबकी रोहित यादव उर्फ राइडर पुत्र भुट्टे लाल यादव निवासी दराव थाना बांसडीह तथा शेखर यादव पुत्र कमलेश यादव के मकान पर बुल्डोजर चलते ही सीजेएम शाम्भवी यादव की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने वांछित आरोपी धर्मेन्द्र यादव बागी यादव पुत्र राजा यादव निवासी दरांव थाना बांसडीह जनपद बलिया तथा जवाहर गोड़ पुत्र विजय गोड़ निवासी पिण्डहरा थाना बासंडीह जनपद बलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जबकि एक आरोपी अब भी फरार चल रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को उप निरिक्षक होरिल यादव अपने पुलिस कांस्टेबल के साथ मुखबिर ने सूचना पर रेप के आरोपी विवेक कुमार यादव निवासी छपरा-बिहार को जनपद थाना गरखा गांव रामपुर बहोर मठ दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन से कहीं भागने की फिराक में है। तत्काल उन्होंने आरोपी को धर दबोचा। थाना अध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को पीड़ित परिजनों की तहरीर पर नामजद मुकदमा धारा 363, 366, 376, भादवि व 5एल /6 पॉक्सो एक्ट, 3(2)5ए २/ २३ एक्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आज सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।



# कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भाजयुमो द्वारा मशाल जुलूस निकाल कर युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भारत भूमि वीरता और शौर्य की भूमि रही है और गाजीपुर की धरती राष्ट्रीय सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरे देश में जानी जाती हैं। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के मंसूबों को भारतीय जवानों ने ध्वस्त कर दिया था। भाजयुमो.जिलाध्यक्ष विश्व प्रकाश अकेला ने कहा कि त्याग और बलिदान भारत देश की परम्परा में निहित है। राष्ट्रीय सम्मान और स्वाभिमान के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने सदैव से काम किया है।

इस अवसर पर नगर के भुतहियाटाड़ स्थित सैनिक चौराहा से भारी संख्या में उपस्थित भाजयुमो कार्यकताओं ने गर्मजोशी




से राष्ट्र भक्ति के नारे लगाते हुए हाथों में जलती मशालें लेकर मुगलानीचक, वंशी बाजार, बड़ीबाग होते लंका मैदान के गेट नंबर एक तक पैदल जुलूस निकाला और दुश्मन देश को चेतावनी दिया कि भारत वीरों की धरती है इससे जो भी टकराने की कोशिश करेगा वह नेस्तनाबूद हो जाएगा। मशाल जुलूस यात्रा का शुभारंभ सैनिक चौराहा स्थित सेना के जवान की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मशाल जुलूस में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह, रामनरेश कुशवाहा, प्रो शोभनाथ यादव, विनोद अग्रवाल, ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह सुरेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, मनोज सिंह, राकेश राय, अविनाश सिंह, विवेकानंद राय, हर्षित सिंह, अमरनाथ शर्मा, ऋषभ राय, चंदन बिंद, अंकुर श्रीवास्तव, किरण सिंह, साधना राय आदि शामिल थे।

### भूतपूर्व सैनिक एसोसिएशन ने कारगिल विजय रजत जयंती समारोह का किया आयोजन, सम्मानित किए गए स्वजन

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जनपद के जिला पंचायत सभागार में भूतपूर्व सैनिक संगठन के तरफ से कारगिल विजय रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के तमाम भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बलिदानी वीर सपूतों के स्वजनों को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपना सिंह ने कहा कि जवान व किसान के बिना देश अधूरा है। मैं भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करती हूं तथा सैनिकों के लिए हमेशा खड़ी रहती हूं और आजीवन खड़ी रहूंगी। इस दौरान पूर्व सैनिक राम सुरेश राय ने जनपद में शहीद स्मारक स्थापित करने की मांग की।



उपाध्यक्ष भारतीय पूर्व सैनिक शशिकांत पांडेय ने कहा कि सैनिकों के समस्याओं को सेना मुख्यालय तथा रक्षा मंत्री के माध्यम से समाधान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कैप्टन सुरेंद्र बहादुर राय व संचालन सच्चिदानंद दुबे ने किया। कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष भारतीय पूर्व सैनिक संघ दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शशिकांत पांडेय ने जताया। इस दौरान कैप्टन वाई एन सिंह, कैप्टन हीरा सिंह, राम सुरेश राय, अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कंदवा थाना क्षेत्र के बरहनी में पेड़ से टकरा कर बोलेरो गड्ढे में पलटी, तीन लोगों की मौत

**केटी न्यूज/ चंदौली**

♦ बाबा कीनाराम मठ से दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

कंदवा थाना क्षेत्र के बरहनी में भीषण सड़क हादसा हुआ है. इस हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। बोलेरो सवार बाबा कीनाराम मठ से दर्शन कर वापस बिहार लौट रहे थे।

गुरुवार की रात एक बजे बोलेरो सवार लोग बाबा कीनाराम स्थल से दर्शन कर बिहार लौट रहे थे। इस बीच कंदवा थाना क्षेत्र के बरहनी गांव के समीप तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद नहर की पुलिया से टकराते हूए पानी से भरे गड्ढे में पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुँच गई। स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू कर सभी को बाहर निकाला. जिसमें दो बोलेरो सवार धनंजय



यादव 27 वर्ष भानपुर थाना दुर्गावती, गुड्डू यादव 24 वर्ष मोहम्मदपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायलों को जिला अस्पताल ले लिया जाया गया,जहां डॉक्टरों ने एक अन्य बोलेरो सवार को मृत घोषित कर दिया। सोनू यादव 32 वर्ष भानपुर दुर्गावती को भी मृत घोषित घोषित कर दिया. जबकि दो अन्य घायलों सुशील यादव भानपुर, राहुल यादव नरमा थाना दुर्गावती का प्राथमिक उपचार करते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

इस बाबत कंदवा थाना प्रभारी ने बताया कि बरहनी में बोलेरो दुर्घटना ग्रस्त हो गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा है। परिजनों को सूचना दे दिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**गाजीपुर।** मरदह थाने के सिरसी भोजापुर गांव निवासी ट्रक चालक राजनारायण उर्फ राजन चौहान-40 की सड़क दुर्घटना में बीती रात रामपुर रोड जनपद बरेली में मौत हो गई। राजन चौहान ट्रक पर सामान लेकर मऊ से पंजाब जा रहे थे। सामने से जा रहे टैंकर के पीछे से टकरा गए। जिससे इनकी मौत हो गई। शुक्रवार को राजन चौहान का शव घर पहुंचने पर गांव में कोहराम मच गया। राजन चौहान अपने परिवार के एकलौते कमाऊ सदस्य थे।

## एक नजर

### एक महिला से रेप करता रहा पति, पत्नी बनाती रही वीडियो, आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक पत्नी ने अपनी उपस्थिति में अपने ही पति से दूसरे की पत्नी का रेप करा दिया। इतना ही नहीं उसका पति महिला का रेप करता रहा और पत्नी खड़ी होकर वीडियो बनाती रही। गुरुवार को वीडियो अब किसी तरह से वायरल हो गया है, जिसके बाद पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति-पत्नी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है जिस महिला का रेप होने का मामला सामने आया है, उसका पति बाहर रोजी रोटी के सिलसिले में घर से दूर रहता है। आरोप है कि उसी का लाभ उठाकर उसी के पड़ोस गांव में रहने वाले पति -पत्नी ने एक योजना बनाई और उक्त महिला को बहला-फुसलाकर घर बुलाया और घर में ही उक्त महिला का उसके पति ने रेप किया। वीडियो करीब 3 माह पुरानी बताई जा रही है।

### नरहीं और भरौली तो एक झाकी है, जांच हो तो सभी थानों की कलई खुल जायेगी: मो. रिजवी

**बलिया।** जनपद के चार विधानसभा क्षेत्र के लोग बाढ़ और कटान से तबाह हैं और प्रदेश के जलशक्ति मंत्री बलिया का दौरा कर चले गए, लेकिन एक भी पैसे के बचाव कार्य का घोषणा नहीं किए। यह बातें सिकंदरपुर विधायक मो. जियाद्दीन रिजवी ने शुक्रवार को एक बयान जारी कही। कहाकि कोरोना काल में जिस प्रकार ताली और थाली बजाकर कोरोना भगाने की बात भाजपा सरकार कह रही थी ठीक उसी प्रकार जल शक्ति मंत्री भी घाघरा नदी पर पूजा कर भाग गए। लगा जलशक्ति मंत्री किसी धार्मिक यात्रा पर आए हों। देश 21वी शताब्दी में पहुंच गया हम चांद पर जा रहे हैं कंप्यूटर चला रहे ऐसे युग में अगरबत्ती से बाढ़ और कटान रोकने की बात कर मंत्री जनता को मूर्ख बनाने का नाटक कर रहे हैं जो निंदनीय हैं। ऐसे मंत्री को एक मिनट भी पद पर बने रहना जनहित में उचित नहीं हैं। विधायक रिजवी ने सरकार से मांग किया कि कटान के कारण जिन लोगों के मकान नदी में विलीन हो गए हैं उनको बसाने हेतु सरकार तत्काल भूमि आवंटित करें। इसके साथ ही मकान बनाने हेतु मुआवजा भी दे। जिन किसानों के खेत नदी में विलीन हुए हैं उन्हें भी मुआवजा दिया जाय। साथ ही बाढ़ एवं कटान से जनपदवासियों को बचाने हेतु एकमुश्त कोई बड़ी योजना सरकार लाए। मो.रिजवी ने भरौली कांड पर कहा कि समाजवादी पार्टी पहले से ही पुलिस व्यवस्था पर प्रश्न उठा रही है, लेकिन सरकार उस व्यवस्था को सुधारने के बजाय भ्रष्ट अफसरों की पीठ थपथपाने का काम कर रही हैं जिसका परिणाम नरही थाना और भरौली गोलंबर का वसूली कांड है। नरही और भरौली तो अभी एक झाकी हैं अगर इसी प्रकार जांच हो तो जनपद के सभी थानों की कलई खुल जायेगी। भरौली में पुलिस के आला अधिकारियों ने जो किया वह स्वागत योग्य हैं, लेकिन जो सामने आया वह शर्मशार करने वाला हैं। समाजवादी पार्टी की बाते सत्य साबित हो गई कि प्रदेश के भाजपा सरकार में थाने अपराधी चला रहे हैं और उनके लूट खसोट में बीजेपी नेता पार्टनर हैं। यह सरकार कानून व्यवस्था के मामले में बिल्कुल फेल हैं।

### जांबाज अमित तिवारी की पुण्यतिथि मनी

**दुबहर।** क्षेत्र के किशुनीपुर निवासी शहीद जांबाज अमित तिवारी की पुण्यतिथि शुक्रवार के दिन उनके पैतृक आवास पर उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित दुबहर ब्लॉक के प्रमुख प्रतिनिधि पूना सिंह ने कहा कि शहीद तिवारी जैसे बलिदानियों के बदौलत हमारा राष्ट्र और समाज सुरक्षित है। जिन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए इस देश की रक्षा की। एस एस बी के डिप्टी कमांडेंट महावीर भामु ने शहीद अमित तिवारी को एक सच्चा राष्ट्रभक्त बताते हुए इनके बलिदान से प्रेरणा लेने की बात कही। क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे हर्ष सिंह ने शहीद अमित तिवारी के परिजनों का सम्मान करते हुए कहा कि वह परिवार और कुल धन्य है जिसमें अमित तिवारी जैसे राष्ट्रभक्त पैदा हुए। उन्होंने शहीद अमित तिवारी के पिता शोक हरण तिवारी को अपने पुत्र पर गर्व करने के लिए प्रेरणा दी। ज्ञात हो कि शहीद अमित तिवारी एक होनहार निर्भय और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे । वे जब भी नौकरी के दौरान गांव छुट्टी पर आया करते थे तो गांव के लोगों से मिलना उनके दुख दर्द को साझा करने के साथ ही गरीब असहाय की मदद करना उनकी दिनचर्या में शामिल था ।

## खबरें फटाफट

### भक्तगण वैद्यनाथ धाम के लिए हुए रवाना

**मऊ।** प्रत्येक वर्ष सावन मास के महीने में भक्तगण ट्रेनों तथा अपने साधन से बैजनाथ धाम को रवाना होते हैं और जाने से पूर्व वह अपनी तैयारी भी करते हैं कि हमें बाबा धाम जाना है गुरुवार को लगभग तीन दर्जन की संख्या में मोहम्मदाबाद गोहना ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर के ग्राम प्रधान रामनरेश यादव के नेतृत्व में तीन दर्जन की संख्या में भक्तों ने स्थानी रेलवे स्टेशन से बोल बम बैजनाथ धाम को रवाना हुए रवाना होने से पूर्व स्थानिक कस्बे में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव के मंदिर में पहुंचकर माथा टेका तथा हर हर महादेव के नारे लगाए इस मौके पर बोल बम जाने वालों में संत राज यादव मनोज कुमार आदि दर्जन भक्तगण बोल बम को रवाना हुए।

### रोजगार मेले का आयोजन 29 को

**मऊ ।** जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, रा०औ०प्र० संस्थान, एंव कौशल विकास मिशन मऊ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक-29 जुलाई 2024 को प्रातः 10:30 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन तुलसी प्राईवेट आईटीआई निकट ओवर ब्रीज भीटी मऊ में किया जायेगा।

## कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती समारोह में शामिल हुए सीएम योगी, बोले

# युद्ध के दौरान जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना

♦ दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं

♦ देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रुप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'रजत जयंती समारोह' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर जब सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।

सीएम योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।



### इन्हें किया सम्मानित

इस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।

### अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि

इससे पहले सीएम योगी सेंट्रल कमांड, कैंट में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'रजत जयंती समारोह' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अमर जवानों को पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ सीएम योगी ने कारगिल युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों के शौर्य को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी और भारतीय सेना के पराक्रमी योद्धाओं को नमन किया। उन्होंने लिखा ‘भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य, अद्वितीय पराक्रम एवं अप्रतिम साहस के प्रतीक 'कारगिल विजय दिवस' की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! मां भारती के सम्मान और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर जवानों को नमन! भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा व त्याग की भावना पर हमें गर्व है। जय हिंद!

# कोतवाल पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगा धरने पर बैठे विधायक

**केटी न्यूज/ चंदौली**

कोतवाल के फोन न उठाने से नाराज सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव शुक्रवार को कार्यकताओं संग पुलिस लाइन में धरने पर बैठ गए।आरोप लगाया कि दोपहर से रात तक फोन करते रहे, लेकिन सदर कोतवाल ने उनका फोन नहीं उठाया। यह शासनादेश का उल्लंघन और विधायिका की अवमानना है। इसको लेकर एसपी से मुलाकात कर कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए।

विधायक ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए गंभीर आरोप लगाए और धरना पर बैठ गए तो पुलिस का कहना है कि इंस्पेक्टर ने फोन उठाया था विधायक धोखाधड़ी के आरोपियों को छोड़ने का दबाव बना रहे थे ।पुलिस ने नही सुना तो वह धरने पर बैठे हैं बहरहाल एसपी चंदौली ने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस की माने तो विधायक प्रभु नारायण यादव जमीनी धोखाधड़ी से जुड़े पुराने मामले में निरुद्ध मुलजिम व जमीन से जुड़े प्रकरण में सकलडीहा विधायक ने फोन किया था। इस संबंध में कोतवाल से उनकी वार्ता भी हुई। वहीं विधायक प्रभुनरायण यादव का कहना रहा कि पुलिस इनदिनों लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। इससे आएदिन विवाद सामने आ रहे हैं. ऐसा ही मामला संज्ञान में आने पर सदर कोतवाल को फोन किया था। दोपहर से लेकर रात 11 बजे तक फोन करता रहा, लेकिन कोतवाल ने फोन नहीं उठाया. यहां तक कि एएसपी के कहने पर भी कोतवाल ने बात नहीं की।

उन्होंने कहा कि विधायक का फोन न उठाना शासनादेश का उल्लंघन और विधायिका की अवमानना है। ऐसे पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसी सिलसिले में एसपी से मिलकर कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, लेकिन उन्होंने इसमें हाथ खड़े कर दिए।ऐसे में वह पुलिस लाइन में बैठकर अपना विरोध जता रहे थे। विधायक का कहना है कि एसपी चंदौली के आश्वासन पर उन्होंने धरना खत्म कर दिया है लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो आगे व्यापक रूप से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# ये नया भारत है, पहले किसी को छेड़ता नहीं अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं

**केटी न्यूज / जौनपुर**

भाजपा ने कारगिल विजय दिवस और मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम के तहत जौनपुर सदर विधानसभा में सिपाह स्थित रिवर व्यू होटल मे बैठक आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि 26 जुलाई का दिन कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को समर्पित है। यह दिन भारतीय सेना की वीरता, बहादुरी, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है।

यही वह दिन है जब भारत के जांबाज सैनिकों ने अपने शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तानी सेना को धूल चटो दिया था। आज भी इस दिन को याद कर प्रत्येक भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। जब भी सपा और कांग्रेस का गठजोड़ हुआ है तब-तब कोई न कोई आतंकी हमला हुआ है। लेकिन भाजपा के सरकार में कही गलती से पटाखा भी फूट जाता है तो पाकिस्तान सबसे पहले बोलने लगता है इसमें कि मेरा हाथ नही है। उन्होंने कहा ये नया




भारत है पहले किसी को छेड़ता नही और अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नही।

लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश के मतदाताओं ने भाजपा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। कहा कि मुझे सांसद बनने का मौका नही मिला फिर भी मै जौनपुर के विकास के बारे मे सॉचता हु और हर संभव प्रयास करुँगा कि जौनपुर का विकास कैसे हो। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि 3 मई 1999 को पाकिस्ताने ने कारगिल की पहाड़ियों पर 5 हजार से ज्यादा सौनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। जब 5 मई के दिन भारतीय सेना गश्त पर निकली, तो पाक सेना द्वारा भारतीय सेना के पांच जवानों को बंधक बनाकर यातनाएं देकर मार दिया गया। इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठियों को कारगिल से खदेड़ने के लिए ऑपरेशन विजय चलाया गया। इस युद्ध में 2 लाख भारतीय सैनिकों ने हिस्सा लिया था और ये युद्ध 60 दिनों तक चला था। 26 जुलाई 1999 के दिन आधिकारिक रूप से कारगिल युद्ध समाप्त हुआ और भारत की जीत विजयगाथा हर ओर गाई गई। तभी से हर साल 26 जुलाई के दिन को कारगिल विजय दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

## धरदे गांव में बोरवेल में गिरने से तीन वर्षीय बालक की मौत, मचा कोहराम

**चंदौली।** बबुरी थाना क्षेत्र के धरदे गांव में शुक्रवार को एक अत्यंत दुखद घटना घटी। तीन वर्षीय बालक, रोहित जो घर के बाहर खेल रहा था, अचानक खुले बोरवेल में गिर गया। इस हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बालक घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह अचानक खुले बोरवेल के पास पहुंच गया और उसमें गिर गया। घटना के तुरंत बाद, बालक के परिजनों ने शोर मचाया और आसपास के ग्रामीणों को बुलाया।






## आर्मेनिया के वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक के विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण में नैनो मटेरियल का बड़ा योगदान : डॉ. अभिषेक

**केटी न्यूज / जौनपुर**

येरेवन स्टेट यूनिवर्सिटी, आर्मेनिया के वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक सिंह ने गेहूँ को बढ़ाने के लिए नैनोकण-आधारित रणनीतियाँ, लवणता तनाव के प्रति सहनशीलताः अंकुरण से कटाई विषय पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को व्याख्यान दिया. यह विशेष व्याख्यान विज्ञान संकाय के



पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में आयोजित किया गया था। कुलपति प्रो. वंदना सिंह से डॉ. अभिषेक ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने शोध एवं अन्य गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। विशेष व्याख्यान में डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में नैनो मटेरियल का बड़ा योगदान है। नैनो मैटेरियल पौधों को सूखे और उसर भूमि में बढ़ने में मदद करते है जिससे पौधों और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही मिट्टी के स्वास्थ्य में भी सुधार होता है।

संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश शर्मा ने डॉ. अभिषेक सिंह का स्वागत किया और कहा कि जौनपुर जनपद के रहने वाले डॉ अभिषेक आर्मेनिया में वैज्ञानिक बनकर जनपद का मान बढ़ाया है।

कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर कुमार उपाध्याय ने किया. इस अवसर ऋषि श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, इशानी भारती समेत शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सुभाषितम्

गरीबी दैवी अभिशाप नहीं बल्कि मानवरचित षडयत्र है।

- महात्मा गाँधी

# खनिजों पर टैक्स लगाने का अधिकार मिला राज्यों को

सुप्रीम कोर्ट की 9 सदस्य वाली खंडपीठ ने 8+1 से फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने इस फैसले में स्पष्ट किया गया है। रॉयल्टी, टैक्स के दायरे में नहीं आती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पूर्व के एक फैसले में कहा था, कि रॉयल्टी भी एक टैक्स है। जिसे 09 सदस्यों की संवैधानिक खंडपीठ ने सही नहीं माना है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक खंडपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है, कि सरकार को जो भी भुगतान किया जाता है उसे टैक्स नहीं माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक खंडपीठ ने गुरुवार को जो फैसला दिया है, उसके अनुसार संविधान ने खनिज और खदानों से निकलने वाले उत्पाद और खनिज भूमि पर राज्य सरकारों के अधिकार को माना है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है, कि राज्यों को रॉयल्टी वसूल करने का संवैधानिक अधिकार है। रॉयल्टी को टैक्स नहीं माना जा सकता है। नौ जजों की संविधान पीठ ने इस मामले की सुनवाई की थी। इसमें एक जज बीवी नगरत्ना का फैसला अलग था। उनके फैसले में यह कहा गया है, कि राज्यों को खदानों और खनिज वाली भूमि पर टैक्स लगाने का अधिकार नहीं है। वहीं आठ जजों का फैसला है, कि राज्यों का यह संवैधानिक अधिकार है। आठ जजों ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है, कि संविधान की सूची 2 की प्रविष्टि 50 के अनुसार संसद के पास खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से अब स्पष्ट हो गया है कि रॉयल्टी को टैक्स के दायरे के अंतर्गत नहीं लाया जा सकता है। खनिज भूमि और खनिज उत्पाद पर राज्य सरकारों का अधिकार है। रॉयल्टी एक अधिकार है। रॉयल्टी पर सरकार, पट्टेदाता और जमीन मालिक का अधिकार होता है। इस भुगतान को टैक्स के दायरे में नहीं रखा जा सकता है। संविधान पीठ के नौ जजों की पीठ ने इस विवादास्पद मुद्दे पर केंद्र एवं राज्य सरकारों का पक्ष काफी सूक्ष्मता के साथ सुना। कई दिनों तक सुप्रीम कोर्ट में इसकी सुनवाई होती रही। इसमें विवाद का विषय रॉयल्टी और खनिज भूमि केंद्र एवं राज्य के अधिकार को लेकर सुनवाई हो रही थी। खनिज अधिनियम 1957 के तहत टैक्स और रॉयल्टी की व्याख्या सुप्रीम कोर्ट को करनी थी। देश की सभी खनिज भूमि पर राज्य सरकारों का अधिकार है। राज्य सरकारों को इस मामले में रॉयल्टी वसूल करने का भी अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से यह स्पष्ट हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सबसे ज्यादा फायदा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल जैसे उन राज्यों को होगा, जहां बड़ी मात्रा में खनिज सम्पदा उपलब्ध है। इस फैसले के बाद राज्यों को कानून बनाने और खनिज उत्पाद पर रॉयल्टी वसूल करने का अधिकार प्राप्त हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में अभी यह सुनवाई चल रही है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट को यह फैसला देना है, कि यह अधिकार राज्यों को कब से प्राप्त होगा। राज्यों द्वारा पूर्ववर्ती समय से रॉयल्टी वसूल करने की मांग की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट को यह निर्णय देना है, कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय भूतलक्षी होगा या भविष्य में लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राज्यों का आर्थिक आधार मजबूत होगा। केंद्र एवं राज्यों के रिश्ते भी मजबूत होंगे। इसके साथ ही रॉयल्टी और टैक्स की जो परिभाषा दी गई है, इसका असर केंद्र एवं राज्य सरकारों के साथ-साथ निजी अधिकारों के लिए भी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बड़ा महत्वपूर्ण साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस विवाद पर लंबे समय तक सुनवाई करके संविधान और विभिन्न कानून के हर पहलुओं पर विचार किया है। इस सुनवाई में केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकार को लेकर भी गहन सुनवाई है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से खनिज मामलों को लेकर जो विवाद केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच में चले आ रहे थे, इसमें केंद्र एवं राज्य सरकारों के अलावा निजी भूमि के मालिक भी शामिल होते थे।

## चिंतन-मनन

# सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकषर्ण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं। कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में से एक पर अधिकार पाने वाला व्यक्ति भी मूढ़ हो सकता है। जहां दोनों का योग हो जाए, वहां मूढ़ता न आए, यह तो संभव ही नहीं है। इस बात को सब लोग जानते हैं, फिर भी सत्ता और संपदा पाने की आकांक्षा का संवरण नहीं होता। जिनकी आकांक्षा पूरी हो जाती है, वे सौभाग्य से ही मूढ़ता से बच पाते हैं।

# किसान आन्दोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी

-ललित गर्ग



मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला-युवा विकास के साथ-साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने किसान-आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक ह्यतटस्थ मध्यस्थह्ल की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान-आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून-व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई-वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है। विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान-आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती-किसानी की दशा-दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन-तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा। असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता।

# प्रखर, प्रतापी, विलक्षण प्रतिभा के धनी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रभात जी

- लोकेन्द्र पाराशर






मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है। आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव के रूप में ही देखा। मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा मुझे जानते हो मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले। समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं। कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। आज भी स्वदेश की बात आए तो प्रभात जी की बात होती है। भाजपा कार्यालय में आज भी उनके उल्लेख के बिना राजनैतिक कौशल पर चर्चा पूरी नहीं हो पाती है। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे।

प्रभात जी हमारे बीच देह से भले नहीं हैं, लेकिन उनके प्राण तत्व की प्रतिष्ठा ऐसी है कि वह पग-पग पर परामर्श देती रहेगी। उनके व्यक्तित्व के पीछे केवल और केवल उनकी वैचारिक स्पष्टता और उस पर चलने की बेजोड़ कर्मठता थी। शब्दों की मयार्दाएं ऐसी हैं कि वह प्रभात जी के कृतित्व को समेट ही नहीं सकती। आज हमने अपना नक्षत्र खोया तो है, लेकिन केवल शरीर से खोया है, उनका शरीर निसंदेह अधिक परिश्रम की भेंट चढ़ा है। वरना इतनी जल्दी जाते ही नहीं। प्रभात जी हमें जो देकर गए हैं वह प्रेरणा अविनाशी है। उन्होने जो दिया है, उसके लिए असंख्य कार्यकर्ता अनंत काल तक कृतज्ञ रहेंगे। क्योंकि प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता।

# भारतीय सेना की शौर्य गाथा कारगिल विजय

- करण नागर



भारतीय सेना की गौरवमयी विजय को दशार्ता 26 जुलाई का इतिहास दुनिया में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करवा चुका है। भारत के इतिहास में वीरता का नया अध्याय जोड़ता सन 1999 का यह दिन दुनिया की लिए मिशाल पेश करता है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन इसका अंत हुआ और इस युद्ध में भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता। सन 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद भी कई दिनों तक सैन्य संघर्ष होता रहा। इतिहास बताता है कि दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था अपितु पाकिस्तान अपने सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम ऑपरेशन बद्र रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव उत्पन्न होने से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी। पहले तो इसे घुसपैठ मान लिया गया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में जाँच परख के बाद इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति के बारे मे पता चला जिससे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गयी है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। जिन्होंने देश और दुनिया को अपने शौर्य का परिचय दिया। हालाँकि यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। परंतु भारत के सैनिकों ने बहुत पहले अपनी वीरता से दुश्मन के होश उड़ाने में कामयाबी हासिल कर ली थी। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए, देश के असंख्य युवाओं को भारतीय सेना का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। वक्त के साथ जिंदगी आगे बढ़ चुकी है, लेकिन हवा में लहराता तिरंगा आज भी कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीरगाथाओं को सुना रहा है, जो भारत के जांबाजों ने अपने लहू से लिखी थी। बर्फ से ढ़की ये दुर्गम पहाड़ी कभी दुश्मनों के कब्जे में थी, लेकिन भारतीय सेना के जांबाजों ने भारत माता के आंचल पर आंच नहीं आने दिया और बहादुरी का परचम लहराया।

## आज का राशिफल

**मेष** दिन लाभ से भरा होगा। कारोबार में सफलता प्राप्त होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला** आज करियर में लाभ का दिन है। बड़ी महत्वाकांक्षा पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ** दिन काफी मिलाजुला रहेगा। आपको आज सामान्य रूप से अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**वृश्चिक** आज किसी कारण से उलझन में रहेंगे और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** करियर में लाभ होने के योग बन रहे हैं। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे।

**धनु** आज किसी कारण से आपकी ऑफिस में अधिकारियों से अनबन हो सकती है।

**कर्क** आज करियर में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं समय से पूर्ण होंगी।

**मकर** आज दिन परेशानियों से भरा होगा और किसी कारण से आपको प्रतिकूलता हो सकती है।

**सिंह** आज हर कार्य में बेहद सावधान रहने की जरूरत है। वरना आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

**कुंभ** आज भाग्य साथ दे रहा है और दिन आपके लिए शुभ प्रभाव देने वाला रहेगा।

**कन्या** आज दिन शुभ है और आपको हर काम आंख खोलकर करने की सलाह है।

**मीन** आज दिन दौड़भाग में बीतेगा और आपको ऑफिस में भी अधिक काम करना पड़ेगा।

## विशेष

### भाजपा में मजबूत आदिवासी नेताओं का टोटा

भारतीय जनता पार्टी में आदिवासी नेताओं की कमी महसूस की जा रही है। जिस तरह से एसटी,एससी और पिछडे वर्ग की राजनीति का प्रभाव बढ़ता चला जा रहा है। उसमें भारतीय जनता पार्टी अभी भी ब्राह्मण और बनियों की पार्टी बनी हुई है। भाजपा के पास अच्छे आदिवासी नेता नहीं है। जो थे, उन्होंने नए नेतृत्व को नहीं पनपने दिया। जिसके कारण उड़ीसा, झारखंड,छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात एवं पूर्वोत्तर राज्यों में भारतीय जनता पार्टी काफी कमजोर साबित हो रही है। भारतीय जनता पार्टी 28 आदिवासी वर्ग की झारखंड में मात्र दो सीटों पर ही चुनाव जीत पाई, 26 सीटों पर चुनाव हार गई थी। भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अब आदिवासी सीटों पर नए नेतृत्व की तलाश में जुट गया है। इस बार झारखंड विधानसभा के चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा विशेष ध्यान दे रही है।

### चिराग पार्टी के नकली अध्यक्ष

चिराग पासवान केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हैं। वह नकली लोजपा के अध्यक्ष बने हुए हैं। लोजपा में जब भाजपा ने विभाजन कराया था। उस समय उनके चाचा पशुपति पारस की पार्टी को असली लोजपा का फैसला चुनाव आयोग ने दिया था। उसे समय पशुपति पारस केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल थे। अब चाचा पशुपति पारस का कोई आता पता नहीं है। चिराग पासवान केंद्रीय मंत्री तो बन गए। उनकी पार्टी अभी भी असली लोजपा नहीं है। झोपड़ी चुनाव चिन्ह चुनाव आयोग के पास रिजर्व है।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1655: स्वीडन नरेश चार्ल्स दसवें ने पोलैंड पर हमला किया. 1795: स्पेन ने फ्रांस से शांति संधि की. 1839: चीन और ब्रिटेन के बीच अफीम युद्ध शुरू हुआ. 1889: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शाखा लंदन में ब्रिटिश इंडिया कमेटी नाम से खुली. 1894: कोरिया ने चीन के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1933: इराक में सीरियाई ईसाईयों का संहार हुआ. 1965: उत्तर वियतनाम के प्रक्षेपास्त्र ठिकानों पर अमरीका ने हमला किया. 1972: नक्सली आंदोलन के जनक चारू मजूमदार का निधन जेल में हुआ. १९७8: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने दक्षिण पश्चिम अफ्रीकाकी स्वतंत्रता के बारे में पश्चिमी देशों की योजना स्वीकार की. 2002 उप राष्ट्रपति कृष्णकांत का नई दिल्ली में निधन हुआ. 2002: निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा तथा समीर आंबेकर ने 17वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता.

## दैनिक पंचांग

**27 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.02 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 09.13 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.24 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.39 ब.से |
| गुरु | वृष में | धनु | 15.55 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मकर | 18.00 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.47 बजे से |
| राहु | मीन में | मीन | 21.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | मेष | 22.50 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | वृष | 00.30 बजे से |
| | | मिथुन | 02.28 बजे से |
| | | कर्क | 04.42 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 209 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 21.20 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 13.00 बजे को समाप्त। **योग** धृति 22.44 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 10.23 बजे तदनन्तर बव 21.20 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 09' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872053 **जूलियन दिन** 2460518.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 20 **विशेष** शीतला सप्तमी, डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



# कामिका एकादशी के दिन घर लाएं ये 4 चीजें, नहीं होगी कभी धन की कमी

हिंदू धर्म में सभी एकादशी तिथि का विशेष महत्व बताया गया है। वहीं सावन माह में पड़ने वाली कामिका एकादशी को उत्तम फलदायी माना गया है। ऐसी मान्यता है कि अगर आपने पूरे साल एकादशी के दिन पूजा-पाठ और व्रत न रखा हो और सावन माह की एकादशी तिथि के दिन व्रत रख लें। तो उसे सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति हो सकती है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने की महिमा है। कामिका एकादशी के सुख-समृद्धि के लिए व्यक्ति कई तरह के उपाय करता है। अब ऐसे में कामिका एकादशी के दिन कुछ ऐसी चीजें हैं। जिसे घर लाने से व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है।

## कामिका एकादशी के दिन घर लाएं बांसुरी

कामिका एकादशी के दिन आप बांसुरी घर खरीदकर लाएं और बांसुरी की पूजा करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित करें। ऐसी इसलिए, क्योंकि भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बेहद प्रिय है। द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण हमेशा अपने पास बांसुरी रखा करते थे। इसलिए उन्हें बांसुरी वाला भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि घर में बांसुरी लाने से और रखने से वास्तु दोष से छुटकारा मिलता है। इसलिए कामिका एकादशी के दिन बांसुरी अवश्य लाएं।

## कामिका एकादशी के दिन घर लाएं गदा

कामिका एकादशी के दिन घर गदा जरूर लेकर आएं। बता दें, सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को भुजाधारी भी कहा जाता है। उनके एक हाथ में कमल, तो दूसरे हाथ में सुदर्शन चक्र है। तीसरे हाथ में गदा और चौथे हाथ में पाञ्चजन्य शंख है। अगर आप भी विष्णु जी की कृपा पाना चाहते हैं, तो कामिका एकादशी के दिन गदा जरूर लेकर आएं। इससे घर में सुख-समृद्धि का वास होगा।

## भगवान बुद्ध की प्रतिमा

कामिका एकादशी के दिन भगवान बुद्ध की प्रतिमा घर लेकर अवश्य आएं। ऐसा कहा जाता है कि अगर आपके पारिवारिक जीवन में कलह-क्लेश उत्पन्न हो रहा है, तो कामिका एकादशी के दिन भगवान बुद्ध की प्रतिमा जरूर लाएं। इससे घर में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है।

## पाञ्चजन्य शंख

कामिका एकादशी के दिन पाञ्चजन्य शंख घर लेकर आएं। ऐसी मान्यता है कि पाञ्चजन्य शंख घर लाने से नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही उत्तम फलों की भी प्राप्ति हो सकती है।



# कामिका एकादशी के दिन ऐसे करें लड्डू गोपाल का श्रृंगार, खुश हो जाएंगे नंदलाल

**शास्त्रों में ऐसा वर्णित है कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए हर एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। हालांकि सावन में पड़ने वाली एकादशी पर भगवान विष्णु के साथ उनके अवतारों की पूजा का भी महत्व माना गया है।**

श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को कामिका एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस साल कामिका एकादशी 31 जुलाई, दिन बुधवार की पड़ रही है। कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। साथ ही, ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण के बाल रूप की सेवा एवं श्रृंगार भी अवश्य करने चाहिए। तो चलिए जानते हैं कि आखिर क्यों कामिका एकादशी पर लड्डू गोपाल की पूजा का है विशेष महत्व और कैसे करें लड्डू गोपाल का श्रृंगार।

## लड्डू गोपाल की पूजा क्या है महत्व?

शास्त्रों में ऐसा वर्णित है कि एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए हर एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। हालांकि सावन में पड़ने वाली एकादशी पर भगवान विष्णु के साथ उनके अवतारों की पूजा का भी महत्व माना गया है। विशेष रूप से श्री कृष्ण की आरधना का। शास्त्रों में वर्णित है कि भगवान विष्णु भले ही चार माह के लिए निद्रा में चले जाते हैं लेकिन उनके अवतार जागृत रहते हैं। इसी कारण श्री राम और श्री कृष्ण या उनके बाल रूप की चातुर्मास और विशेष रूप से इस दौरान पड़ने वाली एकादशियों पर पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

## लड्डू गोपाल का श्रृंगार कैसे करना चाहिए?

कामिका एकादशी के दिन लड्डू गोपाल की सेवा करने से चातुर्मास की अशुभता दूर हो जाती है। इसलिए लड्डू गोपाल का श्रृंगार भी चातुर्मास की एकादशियों में अलग तरह से किया जाता है। वहीं, कामिका एकादशी के दिन लड्डू गोपाल का शिव श्रृंगार करना श्रेष्ठ पुण्यकर माना गया है। असल में सावन का महीना शिव जी का है। ऐसे में इसमें पड़ने वाली कामिका एकादशी पर लड्डू गोपाल का श्रृंगार भी शिव जी की तरह किया जाता है। लड्डू गोपाल को त्रिपुंड तिलक लगाते हैं, रुद्राक्ष की माला पहनाते हैं, बांसुरी की बजाय त्रिशूल और डमरू रखते हैं, हरी पोषक धारण कराते हैं।

# कामिका एकादशी के दिन इन चीजों के दान से सभी मनोकामनाएं होंगी पूरी

**कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जीवन में चल रही बाधाएं भी दूर हो सकती है। कामिका एकादशी के दिन किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।**

कामिका एकादशी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण व्रत है जो श्रावण मास के कृष्ण पक्ष में मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा की जाती है। इस एकादशी के व्रत को करने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है, यहां तक कि ब्रह्महत्या और भ्रूण हत्या जैसे गंभीर पापों का भी निवारण होता है। कामिका एकादशी के व्रत से व्यक्ति को वैभव, समृद्धि और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। इस दिन दीपदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब ऐसे में कामिका एकादशी के दिन कुछ चीजों का दान करने से व्यक्ति को उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है।

## कामिका एकादशी के दिन करें अन्न दान

हिंदू धर्म में दान करना पुण्य का काम माना जाता है। अन्न दान को सबसे बड़ा दान माना जाता है क्योंकि अन्न जीवन का आधार है। कामिका एकादशी के दिन किया गया अन्न दान करने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। इसलिए इस दिन



अन्न का दान विशेष रूप से करें।

## कामिका एकादशी के दिन करें वस्त्र दान


कामिका एकादशी के दिन वस्त्र का दान करना भाग्यशाली माना जाता है। इसलिए इस दिन वस्त्र दान विशेष रूप से करें। इससे व्यक्ति के जीवन में चल रही सभी परेशानियां दूर हो सकती है। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप किसी भी जातक को वस्त्र दान कर रहे हैं, तो नए वस्त्र दें और इसके अलावा आप पुराने वस्त्र भी धोकर दान कर सकते हैं।

## कामिका एकादशी के दिन करें गुड़ का दान

कामिका एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने के बाद गुड़ का दान विशेष रूप से करें। ऐसा कहा जाता है कि गुड़ का दान करने से व्यक्ति को कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही भगवान विष्णु को गुड़ बेहद प्रिय है। साथ ही ऐसा कहा जाता है कि अगर किसी जातक के विवाह में किसी प्रकार की कोई परेशानी आ रही है, तो गुड़ का दान शुभ फलदायी साबित हो सकता है।

## कामिका एकादशी के दिन करें घी का दान

कामिका एकादशी के दिन घी का दान करना उत्तम फलदायी माना जाता है। इस दिन घी का दान करने से व्यक्ति को आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही व्यक्ति को दीर्घायु होने का वरदान मिलता है। इसलिए कामिका एकादशी के दिन घी का दान विशेष रूप से करें।



# कामिका एकादशी पर दुर्लभ ध्रुव समेत बन रहे हैं ये 7 अद्भुत संयोग, बनेंगे सारे बिगड़े काम

**कामिका एकादशी व्रत की महिमा विष्णु पुराण में वर्णित है। वैष्णव समाज के लोग एकादशी पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। इसके अलावा जाने-अनजाने में किए समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस अवसर पर साधक श्रद्धा भाव से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करते हैं।**

सनातन धर्म में एकादशी तिथि भगवान विष्ण को समर्पित है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साथ ही भगवान विष्णु के निमित्त व्रत-उपवास रखा जाता है। भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही मृत्यु उपरांत बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। इस वर्ष कामिका एकादशी 31 जुलाई को है। यह पर्व हर वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो कामिका एकादशी तिथि पर दुर्लभ ध्रुव योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

## शुभ मुहूर्त

सावन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 30 जुलाई को संध्याकाल 04 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 31 जुलाई को संध्याकाल 03 बजकर 55 मिनट पर होगा। अत- 31 जुलाई को कामिका एकादशी मनाई जाएगी। जबकि, 1 अगस्त को सुबह 05 बजकर 43 मिनट से लेकर 08 बजकर 24 मिनट के मध्य साधक पारण कर सकते हैं।

## ध्रुव योग

ज्योतिषियों की मानें तो कामिका एकादशी पर दुर्लभ ध्रुव योग का निर्माण हो रहा है। कामिका एकादशी तिथि पर ध्रुव योग दोपहर 02 बजकर 14 मिनट तक है। इस योग में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी दिन भर है।

## शिववास योग

देवों के देव महादेव कामिका एकादशी पर जगत की देवी मां पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान रहेंगे। भगवान शिव दोपहर 03 बजकर 55 मिनट तक कैलाश पर रहेंगे। इसके बाद नंदी पर सवार होंगे। इस दौरान भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी। इस तिथि पर बालव और कौलव करण के योग भी बन रहे हैं। साथ ही रोहिणी नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है।

## पंचांग

सूर्योदय - सुबह 05 बजकर 57 मिनट पर
सूर्यास्त - शाम 07 बजकर 09 मिनट पर
चन्द्रोदय- देर रात 02 बजकर 38 मिनट पर
चंद्रास्त- दोपहर 03 बजकर 59 मिनट पर (25 जुलाई)
ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 04 बजकर 31 मिनट से 05 बजकर 14 मिनट तक
विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 45 मिनट से 03 बजकर 38 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त - शाम 07 बजकर 09 मिनट से 07 बजकर 31 मिनट तक
निशिता मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 12 मिनट से 12 बजकर 55 मिनट तक





# कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़िए क्यों बोलते हैं बोल बम बम भोल

**सावन का महीना शुरू हो गया है और इस दौरान शिव भक्त कांवड़ यात्रा निकालते हैं। ऐसे में यात्रा के दौरान कांवरिया बोल बम बम भोले क्यों बोलते हैं, चलिए जानते हैं।**

हर साल सावन मास में शिव भक्त कांवड़ यात्रा करते हैं। इस दौरान शिव भक्त अधिक से अधिक संख्या में गंगा नदी या किसी पवित्र नदी के जल को कांवड़ में भरकर भगवान शिव के मंदिर में शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। कावड़िया सावन शिवरात्रि के खास अवसर पर शिव जी को गंगा नदी का जल अर्पित करते हैं। कावड़िया पैदल चलते हुए कांवड़ यात्रा को पूरा करते हैं। इस दौरान कांवरिया बोल बम बम भोले मंत्र का जाप करते हुए यात्रा निकालते हैं और शिव जी पर जल चढ़ाने तक इस मंत्र का जाप करते हैं। क्या आपको पता है कि कांवड़ यात्रा के दौरान भक्त बोल बम बम भोले क्यों कहते हैं?

सदियों से सावन मास में कांवड़ यात्रा करने की प्रथा है। इस यात्रा में भगवान शिव का गंगा नदी के जल से अभिषेक किया जाता है और सोमवार का व्रत रखा जाता है। कांवड़िया केसरिया रंग के कपड़े पहन इस यात्रा को शुरू करते हैं। कावड़िया भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए कई किलोमीटर पैदल यात्रा कर शिव जी को जल अर्पित करते हैं। इस यात्रा के लिए जो भी पवित्र, प्रसिद्ध मंदिर और नदी मिले, वहां से यात्रा प्रारंभ कर शिव जी को जल अर्पित किया जाता है। मान्यता है कि कांवड़ यात्रा से भगवान शिव अपने भक्तों से बहुत प्रसन्न होते हैं, और उनकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। यात्रा के दौरान बोल बम बम भोले का जयकारा लगाने से कांवड़ यात्रा शिवमय हो जाता है और भक्तों में नया उत्साह और जोश उत्पन्न होता है। कहा जाता है कि शिव जी के इस नाम का लगातार जाप करने से यात्रा में किसी तरह की बाधा नहीं आती है और बिना विघ्न और बाधा के कावड़ यात्रापूरी होती है। बता दें कि बोल बम एक सिद्ध मंत्र है, जिसे विस्तार से समझा जाए तो बम शब्द का अर्थ है ब्रह्मा, विष्णु, महेश और ओमकार का प्रतीक है। इस मंत्र का लगातार जाप करने से शरीर में नई ऊर्जा आती है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान इन बातों का रखें खास ध्यान

सावन का महीना सभी शिव भक्तों के लिए बहुत खास है। शिव भक्त कांवड़िया बन कर ये गंगाजल को कांवड़ में भरकर शिवलिंग पर अभिषेक करते हैं। सावन मास के शुरुआत के साथ ही गंगाजल भरकर कांवड़िया पैदल चलते हुए उस जल से शिवाभिषेक करते हैं। मान्यता के अनुसार कांवड़ियों का मानना है कि कांवड़ भगवान शिव का स्वरूप है, जिसे कभी भी जमीन में रखकर उसका अपमान नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा कांवड़ में भरा हुआ जल भगवान शिव को चढ़ता है, ऐसे में कांवड़िया जमीन पर रखे हुए जल को भगवान शिव के ऊपर नहीं चढ़ाते हैं। जिस मार्ग में कांवड़िया विश्राम के लिए रुकते हैं, उस स्थान में कावड़िया स्टैंड या पेड़ पर कांवड़ को रखते हैं, ताकि कांवड़ जमीन को स्पर्श न हो। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों को कुत्तों से सावधान रहना चाहिए। शास्त्रों में कुत्ते को भगवान काल भैरवका वाहन कहा गया है। काल भैरव भगवान शिव का संहारक रूप है। बता दें कि कुत्ता तामसिक आहार का सेवन करते हैं, इसलिए इन्हें अपवित्र माना जाता है। इसलिए कुत्तों के द्वारा किसी भी पवित्र चीज को स्पर्श करने बचना चाहिए। बता दें कि यदि कांवड़ के जल को कुत्ता छू ले तो वह अशुद्ध हो जाता है। ऐसे में कांवड़ियों को फिर से जल भरकर लाना पड़ता है और अपनी यात्रा पुनः प्रारंभ करना पड़ता है। कांवड़ यात्रा के दौरान चमड़े की चीजों से दूर रहें और भोजन में मांस-मदिरा का सेवन न करें और अन्य तामसिक और राजसिक भोजन के सेवन से बचें।

# बजट का असर ड्राई फ्रूट्स की कीमत पर भी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों डॉलर के मुकाबले रुपया रिकार्ड लो स्तर पर है। कल ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपना रुपया गिरावट के साथ 63.72 रुपये पर बंद हुआ। इसका असर अन्य चीजों के अलावा ड्राई फ्रूट्स पर भी दिख रहा है। इस समय बाजार में काजू, किशमिश, बादाम, अखरोट, सभी के दाम भी बढ़ गए हैं। इसकी वजह से आने वाले दिनों में मिठाइयों के दाम बढ़ने के आसार हैं। जिससे त्योहारी सीजन में लोगों की जेब ढीली हो सकती है।

**इन ड्राई फ्रूट्स के पीछे महंगा डॉलर-** कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी करंसी रुपया के मुकाबले महंगी हुई है। इसके अलावा ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई प्रभावित होने के चलते इनके दाम में तेजी आई है। उल्लेखनीय है दिल्ली के थोक ड्राई फ्रूट्स मार्केट खारी बावली में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है।

**काजू की बढ़ गई है डिमांड-** एक कारोबारी ने बताया कि बीते 20 दिनों से काजू के साथ बादाम की डिमांड बढ़ गई है। सबसे ज्यादा डिमांड चार टुकड़े काजू की है। इसका इस्तेमाल मिठाइयों में किया जाता है। क्योंकि त्योहारी सीजन अब शुरू होने वाला है। बड़ी-बड़ी कंपनियों जो मिठाई बनाती हैं, उन्होंने खरीदारी शुरू कर दी है। इसकी वजह से काजू के दाम में बढ़ोतरी हुई है।





**दक्षिण अफ्रीका से आता है काजू-** दिल्ली किराना कमिटी के अध्यक्ष नंद किशोर बंसल ने बताया कि काजू की सप्लाई सबसे ज्यादा दक्षिण अफ्रीका से होती है। लेकिन कुछ दिनों से सप्लाई प्रभावित होने के चलते रॉ मटीरियल की कमी आई, जिससे काजू के दाम में बढ़ोतरी हुई है। ईरानी मामरा बादाम के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे का कारण वहां करंसी में हुआ उतार-चढ़ाव है।

### बाजार में क्या है भाव

रिटेल कारोबारी प्रवीन गोयल ने बताया कि इन बीते 20 दिन में 1,000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिकने वाली काजू की कीमत 1,200 रुपये किलो हो गई है। ईरानी मामरा बादाम जो पहले 2,000 रुपये प्रति किलो बिकता था, उसकी कीमत अब 2,600 रुपये तक पहुंच गई है। सूत्रों का दावा है कि आने वाले दिनों में ड्राई फ्रूट्स के दाम में और तेजी आ सकती है।

### रुपया कहां है

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे कमजोर होकर 83.72 (अस्थायी) के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मांग और भारत से विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक घरेलू मुद्रा में यह गिरावट भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के बाद आई है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा बजट में पूंजीगत लाभ पर कर की दर बढ़ाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार नीचे आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन स्टॉक की कीमतों में 14 प्रतिशत की उछाल, मिला है 14000 करोड़ रुपये का काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड के शेयरों में आज करीब 14 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में यह उछाल 14,000 करोड़ रुपये का नया ऑर्डर मिलने के बाद देखने को मिली है। कंपनी को यह काम नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट में मिला है। बता दें, बीएसई में कंपनी के शेयर 156.75 रुपये के लेवल पर खुला था। लेकिन कुछ ही मिनटों के बाद एसजेवीएन लिमिटेड के शेयर 13.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 159.60 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।



**क्या है पूरा काम-** एसजेवीएन लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि मिजोरम सरकार ने दार्जो लुई पंप भंडारण का कंपनी को सौंपा है। कंपनी को यह काम तुईवई नदी पर करना है। एसजेवीएन लिमिटेड को 2400 मेगावाट का काम मिला है। बता दें, इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 13,947.50 करोड़ रुपये का मिला है। एसजेवीएन लिमिटेड ने कहा है कि उन्हें 72 महीने में यह काम पूरा करना है। 3 महीने में इस डील से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा। बता दें, इरेडा के साथ एसजेवीएन को 900 मेगावाट का हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का काम नेपाल में मिला है।

**2024 में कंपनी के शेयरों का भाव 67 प्रतिशत बढ़ा-** इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में इस साल अबतक 67 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 155 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी में सरकार की कुल हिस्सेदारी 55 प्रतिशत की है। वहीं, पब्लिक के पास 11.83 प्रतिशत है।

### मेटल कंपनियों के शेयर चमके, बैंकिंग स्टॉक लुढ़के

नईदिल्ली, एजेंसी। शेयर मार्केट में लगातार चल रही गिरावट पर आज ब्रेक के बीच मेटल कंपनियों के शेयर चमक रहे हैं। निफ्टी मेटल इंडेक्स 2.13 पर्सेंट ऊपर है और इसमें शामिल सभी 15 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर हैं। वहीं, बैंक निफ्टी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान पर हैं। ऑटो कंपनियों के शेयरों में उछाल की वजह से यह इंडेक्स 1.19 पर्सेंट ऊपर है। फाइनेंशियल सर्विसेज भी हरे निशान पर है। एनएडीसी इंडेक्स लीडर- मेटल कंपनियों की बात करें तो एनएडीसी इंडेक्स लीडर है। इसमें 3 फीसद से अधिक की बढ़त है। जिंदल स्टील, वेदांता, जेएसडब्ल्यू स्टील, वेलस्पन कॉर्प, सेल, टाटा स्टील, हिन्डाल्को और हिंद कॉपर में दो फीसद से अधिक की तेजी है। ऑटो कंपनियों की बात करें निफ्टी ऑटो इंडेक्स में शामिल 16 में से केवल 3 स्टॉक्स लाल है। अशोक लेलैंड इंडेक्स टॉपर है। इसमें 6 फीसद से अधिक की तेजी है। भारत फोर्ज में 4 फीसद से अधिक की उछाल है। टीवीएस मोटर्स में 2.76, आयशर मोटर्स में 2.25, बाल कृष्ण में 2.41 पर्सेंट की तेजी है। बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अपोलो टायर्स में 1.21 से लेकर 1.51 पर्सेंट तक की तेजी है। गिरने वाले शेयरों एमआरएफ, टाटा मोटर्स और टाटा एमटहआरडीवीआर हैं। निफ्टी आईटी में 1.67 पर्सेंट की उछाल है तो मीडिया में 1.42 पर्सेंट की बढ़त। निफ्टी आईटी इंडेक्स में शामिल 10 में 9 कंपनियों के शेयर में तेजी है। एम्फेसिस में 5.36 पर्सेंट की उछाल है। इन्फोसिस, एलएंडटीमाइंड्ट्री, एचसीएल टेक में 2 फीसद से अधिक बढ़त है।

## यूनिवर्सल म्यूजिक स्टॉक को लगा बड़ा झटका, स्ट्रीमिंग और सब्सक्रिप्शन रेवेन्यू में आई कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप को एक बड़ा झटका लगा है। कंपनी के शेयर में आज 24 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी ने खुलाया किया कि उनके स्ट्रीमिंग और सब्सक्रिप्शन सेवाओं से रेवेन्यू उम्मीद से काफी कम आया है। यह गिरावट ग्रुप के बाजार मूल्य में 16 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से करीब 1600 करोड़) की गिरावट को दर्शाती है, जिसमें टेलर स्विफ्ट, ड्रेक, एडेल और बिली इलिश जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

**जानें क्या है इस गिरावट का कारण-** इस गिरावट का कारण इसकी स्ट्रीमिंग और सब्सक्रिप्शन रेवेन्यू के औसत परिणाम हैं। कंपनी की दूसरी तिमाही की सदस्यता आय में विदेशी मुद्रा (एफएक्स) को छोड़कर साल-दर-साल 6.9 फीसदी की वृद्धि हुई। यह पहली तिमाही में 12.5 प्रतिशत से कम है। तीसरी तिमाही में स्ट्रीमिंग राजस्व में 3.9 फीसदी की कमी देखने को मिली, जो त्त्१ा में दर्ज 10.3 प्रतिशत की वृद्धि से काफी रिवर्स है। इस कमी के लिए मुख्य विज्ञापन-आधारित प्लेटफॉर्म भागीदारों में वृद्धि में मंदी और सौदे के नवीनीकरण के समय से संबंधित कुछ प्लेटफॉर्म पर कमी को जिम्मेदार ठहराया गया।

मई में यूएमजी ने मेटा प्लेटफॉर्म्स के साथ अपनी साझेदारी समाप्त कर दी थी, जो कि फेसबुक के लिए प्रीमियम संगीत वीडियो का लाइसेंस दे रहा था। यूएमजी को नए लाइसेंसिंग समझौते को लेकर टिक टॉक के साथ हाई-प्रोफाइल लड़ाई के दौरान एक महीने के रेवेन्यू का भी नुकसान हुआ।

## अडानी की नौ कंपनियों में विदेशी निवेशकों ने घटाई हिस्सेदारी, एलआईसी ने दो में बढ़ा दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी का फायदा उठाते हुए विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही में जमकर मुनाफावसूली की। ताजा आंकड़ों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही में अडानी ग्रुप की दस कंपनियों में से नौ में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी। इस दौरान देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी ने अंडरपरफॉर्म करने वाले अडानी ग्रुप के दो शेयरों अडानी एनर्जी और अडानी एंटरप्राइजेज में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। इस साल अडानी ग्रुप के शेयरों में अडानी पोर्ट्स की प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। इस शेयर में इस कैलेंडर वर्ष में 45 प्रतिशत तेजी आई है। इसके अलावा अडानी पावर, अंबूजा सीमेंट्स और एसीसी ने भी अच्छा परफॉर्म किया है जबकि एनडीटीवी, अडानी टोटल गैस और अडानी विलमर ने निगेटिव रिटर्न दिया है।

अडानी ग्रुप के 10 शेयरों के शेयरहोल्डिंग पैटर्न पर नजर डालें तो जून तिमाही में एफआईआई ने अडानी एंटरप्राइजेज में अपनी




हिस्सेदारी 268 बेसिस पॉइंट कम की है। इसी तरह उन्होंने अडानी एनर्जी में 196 बीपीएस, अंबूजा सीमेंट्स में 150 बेसिस पॉइंट, अडानी पावर में 118 बीपीएस और अडानी ग्रीन एनर्जी में 124 बीपीएस हिस्सेदारी बेची है। विदेशी निवेशकों ने जून तिमाही में केवल अडानी पोर्ट्स में अपनी हिस्सेदारी में 21 बीपीएस का इजाफा किया है। इस कंपनी को अडानी ग्रुप की दुधारू गाय कहा जाता है।

### एलआईसी ने किस पर लगाया दांव

दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी संस्थागत निवेशक एलआईसी ने एसीसी, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी पोर्ट्स और अडानी टोटल गैस में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखी है। सरकारी बीमा कंपनी ने अंबूजा सीमेंट्स में अपनी हिस्सेदारी 62 बीपीएस घटाकर 5.07 प्रतिशत कर दी है। अडानी एनर्जी में एलआईसी की हिस्सेदारी 68 बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 3.68 प्रतिशत हो गई है जबकि अडानी एंटरप्राइजेज में यह 14 बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 4.07 प्रतिशत पहुंच गई है। अडानी एनर्जी का शेयर इस साल सपाट रहा है जबकि अडानी एंटरप्राइजेज में चार फीसदी की मामूली बढ़ोतरी हुई है। हालांकि म्यूचुअल फंड्स का अडानी ग्रुप के अधिकांश शेयरों पर भरोसा बना हुआ है। एसीसी में म्यूचुअल फंड्स की होल्डिंग जून तिमाही में 122 बीपीएस बढ़ गई। इसी तरह अडानी पोर्ट्स में उनकी हिस्सेदारी में 22 बीपीएस और अडानी एनर्जी में 16 बीपीएस बढ़ी है। हालांकि अंबूजा सीमेंट्स में उन्होंने अपनी हिस्सेदारी घटाई है। संयोग की बात है कि रिटेल इनवेस्टर्स ने भी इसी शेयर में अपनी हिस्सेदारी कम की है। इस दौरान छोटे निवेशकों ने अडानी ग्रुप के नौ शेयरों में हिस्सेदारी बढ़ाई। पांच कंपनियों अंबूजा सीमेंट्स, अडानी पावर, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी एनर्जी में प्रमोटर हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हुई।

## टॉप-500 कंपनियों को सीएसआर खर्च के आधार पर इंटर्न के लिए 'कोटा' मिलने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एनडीए सरकार टॉप-500 कंपनियों से बात करने और बजट 2024-25 में घोषित रोजगार पैकेज के तहत इंटर्न लेने के लिए वॉलंट्री कोटा सिस्टम पर पारस्परिक रूप से सहमत होने की योजना बना रही है। कोटा सिस्टम इन कंपनियों के सीएसआर खर्च पर आधारित होगी। वहीं, सरकार ने गुरुवार को संशोधित कौशल ऋण योजना की शुरुआत की। इसके तहत सरकार प्रवर्तित कोष से 7.5 लाख रुपये तक के कर्ज की सुविधा दी जाएगी। कर्ज के लिए किसी प्रकार की गारंटी की जरूरत नहीं होगी।



वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, डिटेल्स पर अभी काम किया जाना बाकी है और उद्योग के राय से किया जाएगा। हमारे पास शायद किसी तरह की स्वैच्छिक कोटा प्रणाली हो, जिस पर आपसी सहमति हो। इसमें कहा जाए कि आप अपने सीएसआर व्यय के आधार पर इतना या इतना लेंगे। हम उन्हें कौशल विकास के लिए अपनी बैकवर्ड और फॉरवर्ड सप्लाई चेन का उपयोग करने की भी मंजूरी देंगे।

**सरकार चाहती है इंटर्नशिप योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें लोग-** मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक है कि हाशिये पर रहने वाले लोग इस इंटर्नशिप योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें। सोमनाथन ने कहा, हम उन्हें (कंपनियों को) उस तरह के लोग नहीं देंगे, जैसे वे आम तौर पर भर्ती करते हैं। क्योंकि, हम उन्हें ऐसे लोगों के लिए सब्सिडी नहीं देना चाहते हैं, जिन्हें वे वैसे भी काम पर रखते। हमारे पास एक निगेटिव सूची भी होगी, जिसमें आईआईटी, आईआईएम, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट, आयकर देने वाला या जिनके माता-पिता सरकारी कर्मचारी हैं, इसमें शामिल होंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था विचार-** उन्होंने कहा कि चूंकि ये टॉप-500 कंपनियां हैं, इसलिए उन्हें अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखनी है और इसलिए (इंटर्नशिप की) गुणवत्ता अच्छी होगी। योजना तैयार करने में शामिल सूत्रों के अनुसार, पैकेज के तहत योजनाओं के कौशल वाले हिस्से में निजी क्षेत्र को शामिल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार था। नाम न बताने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया कि अपने अनुभव के आधार पर उनका मानना था कि इन योजनाओं में कौशल प्रदान करने का काम निजी क्षेत्र को करना होगा और सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती।

बता दें मंगलवार को पेश किए गए 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, इस पैकेज के हिस्से के रूप में, अगले पांच वर्षों में भारत की शीर्ष 500 कंपनियों द्वारा 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की जानी है। उन्हें 12 महीने के लिए रियल लाइफ के कारोबारी माहौल, कई तरह के प्रोफेशन और रोजगार के अवसरों का अनुभव प्राप्त होगा। 6,000 रुपये की एकमुश्त सहायता के साथ 5,000 रुपये प्रति माह का इंटर्नशिप भत्ता भी दिया जाएगा। कंपनियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे प्रशिक्षण लागत और इंटर्नशिप लागत का 10 प्रतिशत अपने सीएसआर फंड से वहन करें।

## भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स का अधिग्रहण करेगी मैनकाइंड फार्मा; 13,630 करोड़ में फाइनल हुई डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैनकाइंड फार्मा और भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स को लेकर चल रही बातचीत आखिरकार फाइनल हो गई है। मैनकाइंड फार्मा एडवेंट इंटरनेशनल से भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स का पूर्ण अधिग्रहण करेगी। इसके लिए 13, 630 करोड़ रुपये में डील फाइनल हुई है।



कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी कर बताया कि मैनकाइंड फार्मा 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स का अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने लगभग 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम्स एंड वैक्सीन्स (बीएसवी) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के समझौते को अंतिम रूप दिया है। यह रणनीतिक कदम दवा निर्माता के लिए अहम माना जा रहा है। इससे उसे भारतीय महिला स्वास्थ्य और प्रजनन दवा बाजार में अग्रणी बनकर उभरने में मदद मिलेगी।

मनीकंट्रोल ने रिपोर्ट दी थी कि मैनकाइंड फार्मा इक्विटी-एडीआईए कंसोर्टियम से आगे निकल गई है और मेगा डील के लिए अग्रणी धावक के रूप में उभरी है। मनीकंट्रोल क्रमशः 2 और 20 दिसंबर को भारत सीरम्स की बिक्री योजनाओं और सेल-साइड सलाहकारों की नियुक्ति की रिपोर्ट करने वाला पहला व्यक्ति था।

## बीएसएनएल से जुड़े 27 लाख से ज्यादा नए ग्राहक, तगड़ा फायदा करा सकते हैं 4 शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जब से जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने टैरिफ प्लान को बढ़ाया है उसके बाद से ही बीएसएनएल के सिम की मांग बढ़ गई है। इन प्राइवेट कंपनियों ने कीमतों में 11 से 25 प्रतिशत तक का किया है। वहीं, दूसरी तरफ सरकारी कंपनी बीएसएनएल की कीमतें स्थिर हैं। इसका फायदा भी अब बीएसएनएल को मिल रहा है। बीएसएनएल ने 27 लाख ग्राहक जोड़े हैं। बीएसएनएल से नए ग्राहक जुड़ने से इन 4 कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है।

**1- तेजस नेटवर्क** - कंपनी को बीएसएनएल ने अबतक का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया है। मई के महीने में बीएसएनएल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की अगुवाई वाले कंसोर्टियम को 4जी नेटवर्क लगाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का काम दिया है। तेजस नेटवर्क इसी कंसोर्टियम का हिस्सा है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 1295.20 रुपये के लेवल पर थे। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 67 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी के लिए वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही भी शानदार रही है। इस दौरान कंपनी को 1.47 अरब रुपये का मुनाफा हुआ है। जोकि सालाना आधार 168 प्रतिशत अधिक है।




**2-हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड** - हिमाचल फ्यूचरिस्टिक कम्युनिकेशंस लिमिटेड को देश भर में ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट नेटवर्क अपग्रेड करने के लिए 11.3 अरब रुपये का काम मिला है। देश भर में ब्राडबैंड की बढ़ती मांग को देखते हुए इस कंपनी की भूमिका काफी अहम हो जाती है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 83 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 121 रुपये के लेवल पर था।

**3- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज** - टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बीएसएनएल ने 1000 गांवों में 4जी सर्विसेज पहुंचाने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का समझौता किया है। दोनों कंपनियों मिलकर गांव में हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाना चाहती हैं। साथ ही जियो और एयरटेल के लिए एक बेहतर विकल्प खड़ा करने की कोशिश कर रही हैं। एशिया की सबसे बड़ी आईटी कंपनी के शेयर शुक्रवार 4389.95 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

**4- एमटीएनएल शेयर प्राइस** - कुछ रिपोर्ट्स से ये बात सामने आ रही है कि सरकार एमटीएनएल का ऑपरेशन बीएसएनएल को देना चाह रही है। इसे बीएसएनएल को फिर से नए तरीके से खड़ा करने के तौर पर देखा जा रहा है। इन्ही चर्चाओं ने एमटीएनएल के शेयरों में तेजी लाई है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है। जिसके बाद बीएसई में कंपनी के शेयर 97.08 रुपये के लेवल पर पहुंच गए।

## हीरो को मिली 2336.71 करोड़ रुपये मामले में बड़ी सफलता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टू-व्हीलर बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। कंपनी को पुराने टैक्स के मामले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। बता दें, 2336.71 करोड़ रुपये के टैक्स डिमांड के मामले में आइटीएटी ने हीरो मोटोकॉर्प के पक्ष में फैसला सुनाया है। टू-व्हीलर्स गाड़ियां बनाने वाली कंपनी से यह टैक्स 2011-12 के एसेसमेंट के लिए मांगा गया था। आइटीएटी की दिल्ली बेंच ने यह आदेश 24 जुलाई को दिया था। वहीं, इस फैसले की जानकारी कंपनी की तरफ से 25 जुलाई को साझा की गई थी।



बीएसई में कंपनी के शेयर आज मामूली बढ़त के साथ बंद खुले हैं। लेकिन कुछ ही देर में कंपनी के शेयर 5444.05 रुपये के लेवल पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयर 9.21 मिनट पर 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 5434.65 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। बता दें, बीएसई में हीरो मोटोकॉर्प का 52 वीक हाई 5894.30 रुपये है। 52 वीक लो लेवल 2889.40 रुपये है।

बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 72 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 6 महीने में यह स्टॉक 21.90 प्रतिशत बढ़ा है।

### क्या है पूरा मामला

यह पूरा मामला होंडा के साथ ज्वाइंट वेंचर से जुड़ा है। हीरो समूह ने मार्च 2011 में होंडा की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदा लिया था। हीरो ग्रुप ने हीरो इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिए हीरो होंडा के 5.19 करोड़ शेयर खरीद लिए थे। हीरो ने इस 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 739 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 3841.83 करोड़ रुपये का भुगतान होंडा को दिया था। इस पूरी डील के बकाया टैक्स का भुगतान भी कर दिया गया था। बता दें, मौजूदा समय में हीरो और होंडा भारतीय बाजार में दो अलग और स्वतंत्र इकाईयों की तरह काम कर रही हैं। हीरो मोटोकॉर्प ने जनवरी 2019 में 2336.71 करोड़ रुपये के टैक्स डिमांड की नोटिस मिलने की सूचना साझा की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोविंदपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार हावी : आजसू

**गोविंदपुर, एजेंसी।** हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय गोविंदपुर में धरना दिया. धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव एवं सिंदरी विधानसभा प्रभारी वरीय अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है. कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक दाखिल खारिज एवं जमाबंदी ऑनलाइन का रेट खोलकर रखे हुए हैं. प्रति डिसमिल के हिसाब से वसूली हो रही है. स्थिति नहीं सुधरी तो वह जनहित याचिका दायर करेंगे. आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि झारखंडी बीडीओ–सीओ होने के बाद भी भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ. अबुआ आवास चयन में विसंगति है तथा द्वितीय किस्त देने में भी मनमानी की जा रही है. मनरेगा योजना में समय पर भुगतान नहीं हो रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी एवं उनके परिजनों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए. अध्यक्षता अल्पसंख्यक महासभा जिलाध्यक्ष नसीम अख्तर गुड्डू एवं संचालन शमीम अंसारी ने किया. केंद्रीय सदस्य शफीक आलम, पप्पू सिंह, गब्बर अंसारी, राजा दास, किशुन सोरेन, अख्तर अंसारी, सागर दास, गौतम महतो, मंजू किस्कू, सुप्रिया कुमारी, मालती देवी, सौरभ महतो, गीता देवी, सुगनी मांझी, दिनेश महतो, राज किशोर महतो आदि ने भाग लिया. धरना के बाद आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ–सीओ को अलग–अलग ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की.

### रॉयल्टी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बदलेगी जमाडा की तस्वीर

**धनबाद, एजेंसी।** रॉयल्टी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जमाडा की तस्वीर बदल जायेगी. सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को रॉयल्टी लेने का प्रावधान किया है. रॉयल्टी को टैक्स नहीं बताया है. गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के नौ बैंच ने इस पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया है. रॉयल्टी का पैसा जजमेंट के डेट से मिलेगा या बैक डेट से इस पर अगले बुधवार को फैसला आयेगा. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से जमाडा के कर्मियों में खुशी की लहर है. जमाडा कर्मी के मुताबिक छह अक्तूबर 1994 को बिहार का गजट आया. इसमें खनिज क्षेत्र प्राधिकार का उपयोग कर नियमावली बनायी गयी थी. इसमें कृषि, गैर, आवासीय भूमि को छोड़कर औद्योगिक उपयोग के लिए एक रुपये प्रति वर्ग मीटर, वाणिज्यकर उपयोग के लिए 1.25 रुपये प्रति वर्ग मीटर व अन्य गैर कृषि गैस आवासीय उपयोग के लिए 1.50 वर्ग मीटर से रॉयल्टी वसूलने के लिए जमाडा को अधिकार दिया गया. इसके खिलाफ बीसीसीएल, इसीएल, टिस्को, इसको, बीएसएल, एचएचसीएल, डीवीसी सहित नौ कंपनियों ने हाइकोर्ट में जमाडा के खिलाफ रिट दायर की. 1998 में हाइकोर्ट में जमाडा हार गया. 1999 में जमाडा ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की. पहला, दूसरा सहित नौ बेंच तक सुनवाई हुई. नौ सदस्यीय खंडपीठ ने 27 फरवरी 2024 से 14 मार्च 2024 तक लगातार सुनवाई की. कोर्ट ने जजमेंट सुरक्षित रखा. गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया.

### धनबाद के 2378 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिला के 2378 मतदान केंद्रों पर गुरुवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया. धनबाद जिला में कुल 20,60,850 मतदाता हैं. नये मतदाता बनने के लिए नौ अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं. 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा. इसी आधार पर आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने की प्रबल संभावना है. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 25 जुलाई को धनबाद जिला के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया. इसके साथ ही मतदाता सूची में अपना नाम खोजो अभियान शुरू हुआ. जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि अपने–अपने बूथों पर जा कर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं. चुनाव आयोग का एप विकसित कर वोटर हेल्पलाइन पर जा कर भी अपने नाम की जांच कर सकते हैं. अगर किसी का नाम नहीं है, तो अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन दे सकते हैं. 27 व 28 जुलाई तथा तीन व चार अगस्त को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलेगा. इन चारों दिन सभी बूथों पर बीएलओ तैनात रहेंगे.

# साहिबगंज में एयरपोर्ट का निर्माण जल्द होगा शुरू, राज्य में विकास को मिलेगी रफ्तार

**साहिबगंज, एजेंसी।** साहिबगंज जिले में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पहल की है।ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही यहां एयरपोर्ट निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। यहां एयरपोर्ट का निर्माण हो गया तो साहिबगंज राज्य का इकलौता जिला होगा जो रेल, सड़क, जल व वायु मार्ग से जुड़ा होगा।

इन जिलों के लोगों को होगा फायद

एयरपोर्ट निर्माण से झारखंड के साहिबगंज, पाकुड़ व गोड्डा के महागामा अनुमंडल के लोगों के साथ-साथ निकटवर्ती कटिहार व भागलपुर तथा पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के लोगों को भी फायदा होगा। गंगा पर बन रहा पुल अगले साल तक चालू हो जाएगा जिसके बाद इस रास्ते नेपाल जाना भी आसान हो जाएगा।

साहिबगंज में एयरपोर्ट के लिए चिह्नित जमीन से कटिहार जिला मुख्यालय की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। ऐसे में कटिहार के लोगों के लिए भी यह सबसे नजदीकी एयरपोर्ट होगा।



चूंकि यहां मल्टी मॉडल टर्मिनल का निर्माण भी कराया गया है ऐसे में भविष्य में वहां से जहाजों का परिचालन शुरू हुआ तो कारोबारियों की आवाजाही भी जिले में बढ़ेगी जिसके लिए एयरपोर्ट जरूरी होगा।

एयरपोर्ट निर्माण के लिए सदर अंचल के हाजीपुर भिट्ठा दियारा में 443.32 एकड़ असर्वेक्षित भूमि चिह्नित कर इसी माह के पहले सप्ताह में नगर विमानन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई थी। हालांकि, करीब दो साल पूर्व भी जिले में एयरपोर्ट निर्माण की पहल शुरू हुई थी। तब बोरियो अंचल में 139.50 एकड़ भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट भेजी गई थी।

एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम ने जमीन का सर्वे भी किया था लेकिन स्थानीय विधायक लोबिन हेम्ब्रम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। इस वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

पिछले माह परिवहन विभाग (नगर विमानन) विभाग ने उपायुक्त को पत्र लिखकर एयरपोर्ट के लिए वैकल्पिक भूमि चिह्नित करने को कहा था। इसी आलोक में वैकल्पिक जमीन चिह्नित कर विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

22 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में पहुंचे थे। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने मंच से ही इस मामले को उठाया।

उसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को पत्र लिखकर साहिबगंज में एयरपोर्ट निर्माण के लिए पहल करने का अनुरोध किया।

पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि यह एयरपोर्ट सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यहां से चीन व बांग्लादेश की दूरी काफी कम है। ऐसे में यह जरूरत पड़ने पर वायुसेना को भी सहायता प्रदान कर सकता है।

वैसे सारी कवायद भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण की प्री फिजिविलिटी रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। जल्द ही प्राधिकरण की टीम चिह्नित जमीन के सर्वेक्षण के लिए यहां आएगी।

## एसएनएमएमसीएच की इमरजेंसी में सांड ने कई मरीजों को किया चोटिल



**रांची, एजेंसी।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) की इमरजेंसी के बाहर खड़े लोगों पर गुरुवार को दिन में अचानक सांड ने हमला कर दिया. इससे इमरजेंसी के बाहर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी. सांड के हमले में कई मरीज चोटिल हो गये. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे सांड इमरजेंसी के मुख्य गेट पर पहुंच गया.

इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी कुछ मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए स्ट्रेचर से ले जा रहे थे. इमरजेंसी से बाहर निकलते ही सांड ने बाहर खड़े लोगों के साथ स्ट्रेचर से वार्ड ले जाये जा रहे मरीजों पर हमला कर दिया. इस घटना में मरीज स्ट्रेचर से गिर गये. इससे उन्हें चोट आई है. काफी मशक्कत के बाद से स्वास्थ्य कर्मियों ने सांड को खदेड़ कर भगाया.

बता दें कि एसएनएमएमसीएच परिसर चारों ओर से खुला है. ऐसे में आये दिन जानवर परिसर में प्रवेश करते हैं. हाल के कुछ दिनों से अस्पताल परिसर में पशु व सांड का जमावड़ा लगने लगा है. इस वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

## भौंरा बाजार की दो दुकानों से हजारों की चोरी, व्यवसायियों ने ओपी पहुंच कर जताया विरोध



**भौंरा , एजेंसी।** भौंरा ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरों के आतंक से लोगों की नींद हराम हो गयी है. आये दिन चोरी की घटनाएं घट रही हैं. बुधवार की रात चोरों ने भौंरा नीचे बाजार स्थित दो किराना दुकानों को अपना निशाना बनाया. बैजनाथ दत्ता की दुकान का दरवाजा तोड़ कर गल्ला में रखे करीब 15 हजार नगदी व काजू, किशमिश, हॉरलिक्स आदि कीमती सामानों की चोरी कर ली. इसके बाद अजय सांवरिया की दुकान का दो ताला तोड़ कर गल्ला में रखे 10 हजार नगदी व काजू, किशमिश, हॉरलिक्स, साबून, सर्फ सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिये. जब सुबह संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली. सूचना पाकर भौंरा पुलिस दलबल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन की. घटनास्थल से एक सब्बल जब्त किया. पीड़ित दुकानदारों ने थाने में शिकायत दी. भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम के नेतृत्व में पुलिस ने भौंरा बाजार के आसपास रहने वाले करीब आधा दर्जन युवकों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. घटना के विरोध में भौंरा चेंबर के आह्वान पर भौंरा बाजार के व्यवसायियों ने दो घंटे अपनी दुकानें बंद रखी. भौंरा चेंबर अध्यक्ष गुड्डू पांडेय के नेतृत्व में भौंरा ओपी पहुंच कर विरोध प्रकट किया. दुकानदारों ने ओपी प्रभारी से क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना पर अंकुश लगाने, पेट्रोलिंग बढ़ाने व घटना का जल्द उद्भेदन करने की मांग की. भौंरा ओपी प्रभारी रंजीत राम ने चेंबर के सदस्यों को जल्द घटना का उद्भेदन करने व पेट्रोलिंग तेज करने का आश्वासन दिया.

# झारखंड के खान विभाग ने 10400 करोड़ रुपये की वसूली रॉयल्टी, सबसे अधिक कोयला से

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के खान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजो से 10,400 करोड़ रुपये की रॉयल्टी वसूली है. इससे पहले वित्तीय वर्ष 22-23 में 9798.40 करोड़, 21-22 में 7477.41 करोड़, 20-21 में 4888.36 करोड़, 19-20 में 5165.82 करोड़ व 18-19 में 5974.34 करोड़ रुपये की वसूली हुई थी.

खान विभाग को सर्वाधिक रॉयल्टी कोयला से मिलती है. लगभग 5500 करोड़ रुपये की रॉयल्टी केवल कोयला से मिलती है. वहीं लौह अयस्क से 3150 करोड़ के करीब रॉयल्टी आती है. शेष रॉयल्टी पत्थर, सोना, यूरेनियम, बॉक्साइट, लाइम स्टोन, कॉपर व अन्य खनिजों से मिलती है. रॉयल्टी के अतिरिक्त झारखंड 1.36 लाख करोड़ रुपये का दावा केंद्र से करता रहा है.

लंबे समय से राज्य सरकार यह मांग करती आ रही है. झारखंड का 1.36 लाख करोड़ रुपये भी बकाया है. देर से ही सही, सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है. अब राज्य सरकार खदानों पर बकाये की वसूली के साथ-साथ सेस या अन्य टैक्स लगा सकती है.दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई टैक्स नहीं है. संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार है. इसके बावजूद संसद देश में निर्बाध खनिज विकास सुनिश्चित करने के लिए राज्यों की इस शक्ति को सीमित कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ ने 8–1 के बहुमत के फैसले में कहा कि संविधान की दूसरी सूची की प्रविष्टि-50 के अंतर्गत संसद को खनिज अधिकारों पर टैक्स लगाने की शक्ति नहीं है.



पीठ में सीजेआइ डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस ह्रषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्ज्ल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं. जस्टिस बीवी नागरत्ना ने मामले पर असहमतिपूर्ण फैसला दिया. उन्होंने फैसला पढ़ते हुए कहा कि राज्यों के पास खदानों तथा खनिज युक्त भूमि पर टैक्स लगाने का विधायी अधिकार नहीं है. वहीं, सीजेआइ ने कहा कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर), 1957 राज्य को खदानों एवं खनिजों पर टैक्स लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है. इसके तहत रॉयल्टी टैक्स की प्रकृति में नहीं है. खदानों और खनिजों पर केंद्र की ओर से अब तक टैक्स वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को सुनवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा.

1989 में तमिलनाडु सरकार बनाम इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड केस में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने कहा था कि खनिजों पर रॉयल्टी एक टैक्स ही है. 2004 में पश्चिम बंगाल बनाम केसोराम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मामले की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने कहा कि रॉयल्टी टैक्स नहीं है. 1989 और 2004 में सुनाये गये फैसले से विरोधाभास हुआ.

## बीजेपी ज्वॉइन करेंगे बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक, कार्यकर्ताओं से बोले- आपकी उम्मीद पर खरा उतरूंगा



**बरकट्ठा (हजारीबाग), एजेंसी।** बरकट्ठा भारतीय जनता पार्टी के बरकट्ठा मंडल व चलकुशा मंडल के कार्यकर्ताओ की एक समीक्षा सह रायशुमारी बैठक निर्दलीय विधायक अमित यादव के आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस बैठक में पिछले पांच वर्षों के दौरान पार्टी के प्रति विधायक अमित यादव के योगदान की सराहना की गई। इसके साथ ही इनके द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में की गई विकास कार्यों की प्रसंशा हुई।

इसके साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने अपनी विधायक अमित यादव को भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया, ताकि आगामी विधानसभा में पुनः वे भाजपा उम्मीदवार बन सके।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आप सब अभिभावकों व देवतुल्य कार्यकर्ताओ के आग्रह पर बहुत जल्द भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। इसके साथ ही आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही नेतृत्व को मजबूत बनाता है। आप के कारण ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक लाख 57 हजार मत प्राप्त हुआ बरकट्ठा विधानसभा अपने आप मे रिकॉर्ड मत देकर सांसद महोदय को दूसरी बार सांसद बनाने का गौरव दिया।

आज केंद्रीय नेतृत्व ने कोडरमा सांसद को कैबिनेट मंत्री बनाया है। मुझे बरकट्ठा के भाजपा कार्यकर्ताओं पर गर्व है। हमने कार्यकर्ताओ के कहने पर ही निर्दलीय चुनाव लड़ा पुनः भाजपा में शामिल भी आपके निर्देश पर ही हो जाऊंगा। विधायक अमित यादव ने स्पष्ट कहा कि वह जल्द भाजपा में विधिवत शामिल होकर घर वापसी करेंगे।

बैठक को वरिष्ठ भाजपाई समन ठाकुर, देवेन्द्र पांडेय, अर्जुन नायक, रीतलाल प्रसाद, अनिल आजाद, पूर्व मुखिया रामचंद्र चंद्रवंशी, परमेश्वर साव, केदार साव, रघुबीर प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, छोटेलाल मेहता, पंसस प्रीति गुप्ता, बीरेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया मौके पर मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, रघुवीर महतो बीरू मेहता, सुरेंद्र साव, बिंदु सोनी, रीतलाल प्रसाद, विजय यादव, जीवन यादव, शिवशंकर यादव,उमेश यादव, राजकुमार यादव, शंकर साव, समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## झारखंड सरकार ने खनन के लिए केंद्र से मांगे 1.50 लाख करोड़, कोयला मंत्रालय का अधिकारियों संग विचार जारी



**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय कोयला व खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि झारखंड सरकार की ओर से खनन राजस्व मद में डेढ़ लाख करोड़ रुपये की मांग की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय पूरी स्थिति से अवगत होने के बाद झारखंड की मांग पर कोई निर्णय करेगा। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ भी विचार किया जा रहा है।

कोयला मंत्री रेड्डी ने गुरुवार को झरिया फायर एरिया का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि यहां की आग काफी खतरनाक है। इस खतरनाक क्षेत्र में लोग रह रहे हैं। उनके पुनर्वास को लेकर केंद्र सरकार गंभीर है।

उन्होंने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर झरिया का दौरा करने आए हैं। जल्द ही झरिया के विस्थापितों के लिए संशोधित मास्टर प्लान लागू किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों के पुनर्वास को लेकर बेहतर पैकेज तैयार किया गया है।

**कैबिनेट में मंजूरी के लिए फाइल :** जमीन अधिग्रहण एवं पुनर्वास योजना को सबको ध्यान में रखकर बनाया गया है। कैबिनेट में मंजूरी के लिए संचिका भेजी गई है। केंद्र से मंजूरी मिलते ही इसे लागू किया जाएगा। यह भी कहा कि झरिया की आग को नजदीक से देखने का मौका मिला।

यहां के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ। उनकी जो भी समस्याएं हैं, उन पर काम किया जाएगा। पूरी रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी जाएगी। इस मौके पर कोयला सचिव डा. अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता, सांसद ढुलू महतो आदि उपस्थित थे।

**कोयला मंत्री ने किया कोल सेक्टर में पौधरोपण :** केंद्रीय मंत्री ने बीसीसीएल से कोल सेक्टर में राष्ट्व्यापी पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां पौधा लगाया। इस दौरान कोल इंडिया सहित ईसीएल, सीसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल सहित तीन सौ क्षेत्र में इसकी शुरुआत हुई।

मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। सभी को कम से कम पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिए। खनन क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण पर रोकथाम के लिए कोयला मंत्रालय के साथ-साथ कोल इंडिया व उनकी अनुषंगी इकाइयों को काम करने के लिए कहा गया है। हरियाली के लिए भी काम किया जा रहा है।

## अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी करार

**बरवाअड्डा, एजेंसी।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने फरार आरोपी श्रवण कुमार महतो को दोषी करार दिया है. सजा पर फैसला 26 जुलाई को होगा. प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर बरवाअड्डा थाने में दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक 22 मार्च को पीड़िता घर में अकेली थी, तब श्रवण उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया. श्रवण उसे बस से कोडरमा फिर वहां से भुवनेश्वर ले गया. वहां उसके साथ जबरन मंदिर में शादी की और दुष्कर्म किया. सुनवाई के दौरान श्रवण फरार हो गया. उसकी अनुपस्थिति में अदालत ने उसे दोषी करार दिया.

नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले की सुनवाई गुरुवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई. अदालत में धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो हाजिर नहीं हुए.

# 15 साल पुरानी 29,083 गाड़ियों का फेल हो जायेगा रजिस्ट्रेशन

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में 29,083 वाहनों का रजिस्ट्रेशन इस वर्ष फेल हो जायेगा. इनमें 3278 व्यावसायिक व 25,805 निजी वाहन हैं. जून माह में 288 व्यावसायिक व 2117 निजी वाहनों के रजिस्ट्रेशन फेल हो गये. वहीं जुलाई में 300 व्यावसायिक व 2290 निजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन फेल हो जायेंगे. सरकार की कबाड़ नीति के तहत 15 साल पुरानी गाड़ियों को सड़क पर चलाने की इजाजत नहीं है. उन्हें स्क्रैप करना है. 15 साल पुराने वाहन सड़क पर चलते हैं, तो उन्हें जब्त कर लिया जायेगा. इसका उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले पुराने वाहनों की संख्या कम करना है. हालांकि जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन फेल होगा, उनके मालिकों को 5 साल के लिए री-रजिस्ट्रेशन कराने का विकल्प दिया जाएगा. इसके लिए पुराने वाहनों की स्थिति और उसके प्रदूषण स्तर की जांच की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वाहन मानकों के अनुरूप हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि इस निर्णय से न केवल प्रदूषण में कमी आयेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आयेगी.



पुराने वाहनों को स्क्रैप करवाने पर उस समय के मूल्य का चार से छह प्रतिशत वाहन मालिक को मिलेगा. स्क्रैप सर्टिफिकेट दिखाकर नया वाहन लेने पर कुल कीमत का पांच प्रतिशत छूट मिलेगी. नया वाहन खरीदने वाले को रजिस्ट्रेशन फी भी नहीं देना होगा.

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पुरानी गाड़ियों के री- रजिस्ट्रेशन को लेकर भी नियम बनाया गया है. पहले प्राइवेट गाड़ियों के री-रजिस्ट्रेशन के लिए 1000 रुपये देना पड़ता था. इसे बढ़ाकर अब 5000 रुपये कर दिया गया है. इसी तरह प्राइवेट बाइक का रजिस्ट्रेशन फीस 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है. विदेशी गाड़ियों का री-रजिस्ट्रेशन के लिए पहले 15,000 रुपये लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर अब 40,000 रुपये कर दिया गया है.

नियमों के अनुसार गाड़ियों का री-रजिस्ट्रेशन कराने से पहले सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एटीएस से फिटनेस सर्टिफिकेट लेकर आरटीओ में जमा कराना होगा. उसके बाद आरटीओ पांच साल के लिए लाइसेंस जारी करेगा. इसके लिए गाड़ी को एटीएस सेंटर पर लेकर जाना होगा और फिर मैकनिकल इक्यूपमेंट के साथ फिटनेस सर्टिफिकेट बनेगा. एटीएस सेंटर पर आपकी गाड़ी का फिटनेस सर्टिफिकेट लेने का मौका सिर्फ दो ही बार मिलेगा. अगर दो बार में फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं बन पाता है, तो गाड़ियों का री- रजिस्ट्रेशन नहीं हो पायेगा.

# उनकी सोच एक जैसी है

- **नए कोच और नए कप्तान के दृष्टिकोण पर बोले शुभमन गिल**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पूरी तरह से तैयार है। टी20 विश्व कप के बाद शुभमन जिमबाब्वे दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया का नेतृत्व किया और जिमबाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज 4-1 से जितवाने में टीम इंडिया को मदद की। अब श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में नए कप्तान और नए कोच पर उन्होंने अपनी राय रखी है। उन्होंने टीम के लिए दृष्टिकोण के मामले में गंभीर और सूर्यकुमार की सोचने की प्रक्रिया को समान माना। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई एक ही विचार पर है। मैं सूर्य भाई के नेतृत्व में खेला हूं और मुझे लगता है कि उनके (गंभीर और सूर्यकुमार) संचार और सोचने का तरीका समान है। टी20 से रोहित के संन्यास के बाद, गिल के पास



यशस्वी जयसवाल के रूप में एक नया ओपनिंग पार्टनर है। उन्होंने कहा कि हम वास्तव में एक-दूसरे के साथ बल्लेबाजी करने का आनंद लेते हैं, खासकर जिस तरह के शॉट्स हम दोनों खेलते हैं, हम एक-दूसरे के पूरक होते हैं। दाएं-बाएं संयोजन होने के नाते...हमने एक साथ जो मैच खेले हैं उनमें हमारी साझेदारी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हमारे पास 150 रन की दो साझेदारियां हैं। हमारे बीच बहुत अच्छी समझ और संचार है और यह बहुत आनंददायक है। गिल ने भारत के नवनियुक्त सहायक कोच अभिषेक नायर की भी प्रशंसा की, जिनके साथ उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स में काम किया था। उन्होंने कहा कि वह (नायर) मैदान पर बहुत प्रयास करते हैं। वह खिलाड़ियों के साथ तब तक रहते हैं जब तक वे अपने कौशल से संतुष्ट नहीं हो जाते।

## बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों की 31 जुलाई को होगी बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीआई और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी।
क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह




फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है। आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करक फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी।



**हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद पर**

# जसप्रीत बुमराह ने शेयर की ड्रेसिंग रूम के अंदर की बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के दौरान मुंबई इंडियंस की टीम कप्तानी को लेकर चर्चा में रही। मुंबई प्रबंधन ने रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था। इसका मुंबई के प्रशंसकों ने मैच के दौरान विरोध करना शुरू कर दिया। हार्दिक को तो मैदान पर ही काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम में कुछ प्रशंसकों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। इस मामले पर मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हार्दिक-रोहित के कप्तानी विवाद के दौरान ड्रेसिंग रूम का क्या माहौल था, पर खुलकर बात की है।

बुमराह ने कहा कि कभी-कभी हम समझते हैं, हम ऐसे देश में रहते हैं जहां भावनाओं की बात होती है। हम समझते हैं कि प्रशंसक भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भावुक होते हैं। इससे यह प्रभावित होता है कि आप एक भारतीय खिलाड़ी हैं, लेकिन आपके प्रशंसक अच्छी तरह से बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन आपको इसे अपनी ठुड्डी पर रखना होगा। यह इतना आसान नहीं है। वे चिल्ला रहे हैं। आप इसे सुन सकते हैं। लेकिन



तब आपका आंतरिक घेरा मदद करता है। हम एक टीम के रूप में उनके साथ थे, उनसे बात कर रहे थे। उनका परिवार हमेशा वहां रहेगा जब हमने विश्व कप जीता तो वह कहानी भी बदल गई। बुमराह ने कहा कि आप इसे गंभीरता से नहीं ले सकते। अब जब लोग प्रशंसा करते हैं तो यह सब कुछ या अंत नहीं होता। जब हम एक गेम हारते हैं तो वह कहानी फिर से बदल सकती है। यह एक खिलाड़ी की यात्रा का हिस्सा है। यह उचित नहीं है। एक टीम के रूप में हम एक आदमी को पीछे नहीं छोड़ सकते। हम एक-दूसरे के लिए हैं। हम एक-दूसरे की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने हार्दिक के साथ बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारी दुनिया के खिलाफ हैं। आप बहुत ज्यादा परिचय नहीं देना चाहते। हम साथ थे और जरूरत पड़ने पर उसकी मदद करने की कोशिश कर रहे थे।

बुमराह ने इस दौरान आईपीएल में शुरूआत और रोहित के साथ रिश्तों पर भी बात की।

**इंडिया वर्सेस श्रीलंका**

**कोहली बन सकते हैं इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे नंबर पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

# खतरे में पोंटिंग का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी श्रीलंका दौरे पर है जहां उसे मेजबान देश के साथ 3 मैचों की टी20 सीरीज और फिर इतने ही मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं ऐसे में वो श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ वनडे सीरीज में हिस्सा लेंगे जिसकी शुरुआत 2 अगस्त से होगी। इस वनडे सीरीज में विराट कोहली के पास एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका होगा साथ ही रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ने का भी उनके पास बेहतरीन मौका होगा।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे प्रारूप में कोहली का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है और तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान उनके पास इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बनने का सुनहरा अवसर है। विराट कोहली ने अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए कुल 214 छक्के लगाए हैं और श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान अगर वो 4 छक्के लगा देते हैं तो रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। दरअसल इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर पर पर खेलते हुए सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग के नाम पर दर्ज है। पोंटिंग ने इस नंबर पर खेलते हुए 462 मैचों में कुल 217 छक्के लगाए थे। वहीं कोहली 214 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं और अगर वो 4 छक्के जड़ देते हैं तो पोंटिंग को पीछे छोड़ देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर कुमार संगकारा हैं जिन्होंने तीसरे नंबर पर खेलते हुए 392 मैचों में 131 सिक्स लगाए थे।

**तीसरे नंबर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने वाले बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| रिकी पोंटिंग | 217 छक्के |
| विराट कोहली | 214 छक्के |
| कुमार संगकारा | 131 छक्के |
| केन विलियमसन | 113 छक्के |
| जैक कैलिस | 106 छक्के |

# विमेंस एशिया कप के फाइनल में पहुँचा भारत

**दांबुला (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकतरफा बांग्लादेश को रौंदते हुए एशिया कप 2024 के खिताबी मुकाबले का टिकट कटा लिया। दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में उसने बांग्लादेश पर 10 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और टीम 8 विकेट के नुकसान पर 80 रन ही बना पाई। जवाब में भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया। ओपनर शेफाली वर्मा ने 28 गेंदों में 2 चौके 37 रनों की पारी खेली, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना ने 39 गेंदों में 9 चौके और 1 छक्के के दम पर 55 रन ठोके। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम को अभी तक टूर्नामेंट में कोई हरा नहीं पाया है।

### भारतीय टीम का जोरदार आगाज

छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने जोरदार आगाज किया। ओपनर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने जमकर ठुकाई करते हुए 5 ओवरों में स्कोरकार्ड पर 45 रन टांग दिए। इस दौरान विपक्षी टीम एक भी विकेट नहीं ले सकी। शेफाली 13 गेंदों में 17 और मंधाना 17 गेंदों में 27 रन बनाकर नाबाद रहीं।

### बांग्लादेश की पारी 80 रनों पर हुई समाप्त

भारत के खिलाफ मुकाबले में बांग्लादेश की टीम पारी के आखिरी पांच ओवर में सिर्फ 31 रन ही बना पाई। इस तरह टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 8 विकेट के नुकसान पर 80 रन का स्कोर खड़ा किया। बांग्लादेश की तरफ से सबसे ज्यादा निगार सुल्ताना ने 31 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा सोरना अख्तर ने 19 रनों का योगदान दिया। बॉलिंग में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट लिए।

### निगार सुल्ताना ने संभाला रखा है मोर्चा

15 ओवर की समाप्ति तक बांग्लादेश की महिला टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 49 रन बना लिए। टीम लगातार एक छोर से अपना विकेट गंवा रही है, लेकिन निगार सुल्ताना ने अकेले भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ मोर्चा संभाल रखा है। भारत की गेंदबाज लगातार बांग्लादेशी टीम पर अपना दबाव बनाए हुए है।

**शेफाली वर्मा-स्मृति मंधाना के तूफान में उड़ा बांग्लादेश**

### भारतीय गेंदबाजों के आगे बांग्लादेश की हालत खराब

भारत के खिलाफ मुकाबले में बांग्लादेश की हालत 10 ओवर के खेल तक और खराब हो गई। 10 ओवर की समाप्ति तक टीम ने सिर्फ 32 रन बनाए, जिसमें उन्होंने अपने चार विकेट गंवाए। इस समय तक टीम के लिए निगार सुल्ताना 10 रन और रबिया खान एक रन बनाकर उनका साथ दे रही थी।

**5 ओवर के बाद बांग्लादेश- 21-3, सभी विकेट रेणुका सिंह के नाम-** टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। उसने शुरुआती 5 ओवरों में 3 विकेट खोकर सिर्फ 21 रन बनाए। उसके सभी 3 विकेट भारत की स्टार गेंदबाज रेणुका सिंह के नाम रहे। रेणुका सिंह की पहली शिकार दिलारा अख्तर बनीं, जिन्हें उमा छेत्री ने कैच किया। वह 4 गेंदों में 6 रन बना सकीं, जबकि तीसरे ओवर में रेणुका ने इश्मा तंजीम को 8 रन पर तनुजा के हाथों कैच आउट कराया। रेणुका सिंह की तीसरी शिकार मुर्शिदा खातुन बनीं, जिनका जबरदस्त कैच शेफाली वर्मा ने डाइव लगाकर लपका।




**भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने दिया बड़ा बयान,**

# कहा भारतीय हॉकी टीम पेरिस में पदक की प्रबल दावेदार

नईदिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन को लेकर महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने बयान दिया. हरेंद्र ने कहा की मैं ये नहीं बता सकता की पदक किस रंग का होगा लेकिन ये जरुर कहूंगा की पदक पक्का है. भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने भारतीय टीम को लेकर बड़ा बयान दिया है. हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने की प्रबल दावेदार है. वही उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को एक सलाह भी दी है. हरेंद्र ने कहा की उनकी टीम को एक ही सलाह है कि बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ.



द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हरेंद्र सिंह 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं. वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे.

हरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ . भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है. मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिये नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं.भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है. इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है. उन्होंने आगे कहा की क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता रह चुके हैं. उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिये क्या चाहिये और दबाव के हालात से कैसे निपटना है. उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है.



हरेंद्र सिंह ने साल 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि हरमनप्रीत सिंह एक दिन भारत के कप्तान बनेंगे.हरमनप्रीत शानदार कप्तान है. मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिये जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा.उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है . यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है . यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है.

भारत के गोलकीपर श्रीजेश को लेकर कहा की वो मेरा जांगू ( श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम ) है. पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा .




# बेहतरीन फिल्म की झलक देता है फिर आई हसीन दिलरुबा का ट्रेलर

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल की रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' लंबे समय से सुर्खियां बटोर रही है। इसके पहले पार्ट ने सबका दिल जीत लिया था और तब से ही फैंस दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार (25 जुलाई) को फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया, जो प्यार, धोखा और मर्डर मिस्ट्री से लैस है। तापसी एक बार फिर हत्या के रहस्य को मिटाने के लिए तैयार है।

'फिर आई हसीन दिलरुबा' सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी। इसे 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा। यह साल 2021 में आई फिल्म का सीक्वल है। इसके डायरेक्टर जयप्रद देसाई हैं। ट्रेलर शुरू से ही आपको कनेक्ट कर लेगा। फैंस तापसी के बोल्ड अंदाज, विक्रांत के मर्डरर रोल और सनी को भोलेभाले इंसान के रूप में पसंद कर रहे हैं। ट्रेलर में तापसी और विक्रांत का प्यार दिख रहा है।

इसमें फिर सनी की एंट्री होती है। इसके बाद शुरू होता है एक खूनी खेल और जिसका पता लगाने के लिए एक्टर जिमी शेरगिल, तापसी से अपने भतीजे की मौत के बारे में पूछताछ करते हैं। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, हिमांशु शर्मा, कृष्ण कुमार, शिव चन्ना और आनंद एल राय हैं। गौरतलब है कि 'मनमर्जियां' और 'हसीन दिलरुबा' की सुपर सफलता के बाद कलर येलो प्रोडक्शंस, तापसी पन्नू, सह-निर्माता और लेखिका कनिका ढिल्लों के बीच तीसरा सहयोग है।

# अक्षय से नहीं करना चाहती थीं डिंपल कपाड़िया अपनी बेटी ट्विंकल की शादी





अक्षय कुमार काम के साथ-साथ अपने परिवार को काफी समय देते हैं। इस विषय में बातें करते हुए डिंपल कहती हैं, अक्षय जितने शानदार अभिनेता हैं उतने ही शानदार इंसान भी हैं। वे मेरे हर जन्मदिन को खास बनाते हैं। अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना की जोड़ी बॉलीवुड में पॉवर कपल के नाम से मशहूर है। दोनों साल 2001 में शादी के बंधन में बंधे थे। पिछले दिनों अक्षय कुमार की सासु मां और ट्विंकल खन्ना की मां डिंपल कपाड़िया ने दोनों की शादी से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि वे और उनके पति दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना नहीं चाहते थे कि ट्विंकल और अक्षय की शादी हो। आइए जानते हैं डिंपल कपाड़िया ने और क्या कुछ कहा है।

**अक्षय को लेकर अंदेशा था :** ट्विंकल खन्ना डिंपल कपाड़िया और राजेश खन्ना की लाडली बेटी हैं। एक इंटरव्यू के दौरान अक्षय और ट्विंकल के बारे में बातें करते हुए डिंपल ने कहा, जब मुझे ट्विंकल ने बताया कि वे अक्षय से शादी करना चाहती हैं तब मैं इस बात के लिए बिल्कुल भी राजी नहीं थी। मैंने ट्विंकल से कहा भी था कि शादी से पहले दो साल साथ में रहो और अगर तुम दोनों एक साथ दो साल तक रह लेते हो तब शादी कर लेना।

**अक्षय हैं अद्भुत इंसान :** डिंपल कपाड़िया अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, आज जब मुड़कर देखती हूं तब लगता है ट्विंकल का फैसला बिल्कुल सही था। शुरुआत में अक्षय मुझे काफी शरारती लगते थे, लेकिन धीरे-धीरे मैंने उन्हें जानना शुरू किया। वे एक बेहतरीन इंसान, पति और पिता हैं। उनमें एक अद्भुत अनुशासन है। किसी को भी जिंदगी में सफल होना है तो उसे अनुशासित होना ही चाहिए। अक्षय से यह बात सीखी जा सकती है।

**डिंपल के जन्मदिन को बनाते हैं खास :** अक्षय कुमार काम के साथ-साथ अपने परिवार को काफी समय देते हैं। इस विषय में बातें करते हुए डिंपल कहती हैं, अक्षय जितने शानदार अभिनेता हैं उतने ही शानदार इंसान भी हैं। वे मेरे हर जन्मदिन को खास बनाते हैं। एक बार उन्होंने कहा कि उन्हें किसी काम से दिल्ली जाना है और वे अकेले नहीं जा सकते हैं। उन्होंने मुझे अपने साथ आने को कहा। मैं जब उनके साथ निकली तब उन्होंने कहा कि मैं अपना पर्स घर पर भूल आया हूं और मुझे अपने साथ घर ले गए। जब मैं घर पहुंची तब उन्होंने मेरे 50वें जन्मदिन के लिए एक शानदार पार्टी का आयोजन किया था। वे एक प्यारे इंसान हैं।





एक दिन मुझे

# शाहरुख के साथ काम करने का मौका मिलेगा : राघव जुयाल

राघव जुयाल इस समय अपने करियर की बुलंदियों पर हैं, क्योंकि उनकी हालिया रिलीज धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म किल को बहुत पसंद किया जा रहा है, खास तौर पर एक्शन प्रेमियों से। इस फिल्म में उन्होंने एक क्रूर खलनायक की भूमिका निभाई थी, जिसमें लक्ष्य मुख्य भूमिका में थे। अब जुयाल अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसका नाम है ग्यारह ग्यारह, जिसमें उनके साथ कृतिका कामरा और धैर्य करवा हैं। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर शाहरुख खान के साथ काम करने के अपने लंबे समय के सपने को साकार करते नजर आए। गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि राघव जुयाल जल्द ही शाहरुख खान के साथ काम करते नजर आने वाले हैं। उनकी न सिर्फ शाहरुख खान अपितु कई और बड़े सितारों के साथ काम करने की अफवाहें जोर पकड़ रही हैं। इस बारे में बात करने पर राघव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एक दिन मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिलेगा। मैं वास्तव में चाहता हूँ कि मैं उनके साथ कुछ काम कर सकूं। हालांकि अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं है। उनके मौजूदा शो ग्यारह ग्यारह की बात करें तो यह एक फैंटेसी थ्रिलर सीरीज़ है जो लोकप्रिय कोरियाई शो सिग्नल का आधिकारिक रीमेक है। सिख्या एंटरटेनमेंट और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और उमेश बिष्ट द्वारा निर्देशित यह शो एक खोजी थ्रिलर है जो तितली प्रभाव के बारे में बात करती है क्योंकि यह तीन दशकों - 1990, 2001 और 2016 की कई समय सीमाओं में सेट है।



# ट्रोलिंग को पीछे छोड़कर हीरामंडी ने बढ़ाया शर्मिन का फेम

अब जब हीरामंडी - द डायमंड बाज़ार नेटफ्लिक्स की 2024 की अर्निंग्स रिलीज़ के साथ सुर्खियां बना रहा है, वहीं शर्मिन को इस ओटीटी डेब्यू के जरिए जो कमर्शियल सफलता हासिल हुई है, उसने उनके करियर पर स्पॉटलाइट डाल दी है। जैसे-जैसे वह इस सफलता के साथ आगे बढ़ती जा रही हैं, वैसे वैसे उनकी यह यात्रा यह दर्शाती है कि कैसे टेलेंट के जरिए जीत हासिल की जा सकती है, चाहे रास्ते में कितनी भी मुश्किलें क्यों न हों। हीरामंडी में शर्मिन की परफॉर्मेंस ने न सिर्फ ट्रोल्स और बिना मतलब की गॉसिप्स को बंद कर दिया है, बल्कि सीरीज को सफलता के नए लेवल तक ले जाने में भी मदद की है। हीरामंडी - द डायमंड बाज़ार की जबरदस्त सफलता ने व्यूअरशिप के नए रिकॉर्ड सेट किए हैं। यह दर्शाता है कि कैसे एक मजबूत, अच्छी तरह से निभाई गई भूमिका लोगों की धारणा बदल सकती है और नए अवसर पैदा कर सकती है।

# आज के एंग्री यंगमैन की धारणा पर क्या बोले जावेद अख्तर



जावेद अख्तर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं और अब एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसके चलते उनकी चर्चा शुरू हो गई है। मशहूर पटकथा लेखक ने 2023 में रिलीज हुई एक ब्लॉकबस्टर फिल्म पर अपने विचार साझा किये हैं। जावेद अख्तर ने भारतीय सिनेमा के आज के एंग्री यंग मैन के किरदारों पर विचार करते हुए कहा कि अब फिल्मों का हीरो एक कैरिकेचर में बदल रहा है। वह वो आदमी बन चुका है जो चाहता है कि एक महिला उसके जूते चाटे। जावेद अख्तर ने ये सब संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल पर कटाक्ष करते हुए कही, जिसमें रणबीर कपूर ने लीड रोल निभाया है।

# राणा नायडू में मुख्य किरदार निभाएंगे अर्जुन रामपाल



इस साल सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली एक्ट्रेस शर्मिन सहगल ने संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी-द डायमंड बाज़ार से अपना ओटीटी डेब्यू किया। उन्हें अपने इंटरव्यू के लिए ट्रोलिंग और आलोचना का सामना करना पड़ा, जहाँ लोगों ने जानबूझकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के लिए उन्हें निशाना बनाया और गलत बाते कही। बहुत ट्रोलिंग और आलोचना का सामना करने के बावजूद, शर्मिन सहगल के ओटीटी डेब्यू ने उनके आलोचकों को चुप कराने के साथ ही उनके करियर को बढ़ावा दिया है। संजय लीला भंसाली की मच अवेटेड सीरीज़ ने आलमज़ेब के शानदार किरदार के रूप में उनकी वापसी कराई है, जो उनके लिए किसी गेमचेंजर से कम नहीं है।

# तीन दशक बाद रोमांस करते दिखेंगे नीलम कोठारी और जैकी श्रॉफ, तू गाने से करेंगे कमबैक

सन् 1980 और 90 के दशक में सिल्वर स्क्रीन पर राज करने वाले बॉलीवुड के दिग्गज स्टार्स नीलम कोठारी और जैकी श्रॉफ तीन दशक बाद स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आएंगे। टी-सीरीज ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर तलविंदर, जैकी श्रॉफ और नीलम कोठारी के साथ



एक ज्वाइंट पोस्ट शेयर किया, जिसमें उनके अपकमिंग गाने तू की घोषणा की गई। पोस्ट के कैप्शन में टी-सीरीज ने लिखा, एक गाने में 3 लेजेंड्स! तू जल्द ही रिलीज हो रहा है। इसके साथ बम इमोजी का भी इस्तेमाल किया गया है। गाने के लेटेस्ट अपडेट के बाद लोग काफी एक्साइटेड है। कई फैंस ने कमेंट किया, वट ए सरप्राइज। जैकी श्रॉफ और नीलम कोठारी ने एक साथ कई फिल्में की है, जिसमें दूध का कर्ज, हम भी इंसान हैं, लाट साहब और अंतिम न्याय शामिल है। नीलम कोठारी सोनी ने 80 और 90 के दशक के अंत में सिल्वर स्क्रीन पर अपनी एक अलग जगह बनाई। वर्कफ्रंट की बात करें तो नीलम फिलहाल पॉडकास्ट सीरीज मार्वल्स वेस्टलैंडर्स- वूल्वरिन से जुड़ी हैं। उन्होंने आडिबल की ऑडियो सीरीज मार्वल्स- वुल्वरीन में जीन ग्रे के किरदार को आवाज दी। वह जल्द ही फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। इसके पिछले दो सीजन हिट रहे, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुए। इसमें दिखाया गया है कि बी टाउन के बड़े स्टार्स की पत्नियां कैसी लाइफ जीती हैं। इन स्टार्स वाइफ की लाइफ जितना ग्लैमर दिखता है, यह उतनी ही चैलेंजिंग भी होती है। वहीं, जैकी श्रॉफ सनी लियोनी की कोटेशन गैंग, रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन और वरुण धवन की बेबी जॉन में नजर आएंगे। उन्हें आखिरी बार रजनीकांत की फिल्म जेलर में देखा गया था। वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नीना गुप्ता के साथ मस्ती में रहने का में नजर आए थे।

-साभार एजेंसी

# हंगामा 2 एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष दूसरी बार प्रेग्नेंट





हाल कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकीं साउथ की एक्ट्रेसस प्रणिता सुभाष के लाखों फैंस हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें लोगों को बेहद पसंद आती हैं। एक्ट्रेस ने 25 जुलाई को सोशल मीडिया पर अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर किए, जिसमें वह ब्लैक बॉडीकॉन टॉप और जींस में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। प्रणिता सुभाष और उनके पति, नितिन राजू, एक बच्ची अर्ना के पहले से ही माता-पिता हैं, जिसका उन्होंने जून 2022 में स्वागत किया था। प्रणिता सुभाष ने 2021 में कोविड-19 महामारी के दौरान बिजनेसमैन नितिन राजू से शादी की। उन्होंने 2022 में बेटी अर्ना को जन्म दिया। 2024 में, उन्होंने काम फिर से शुरू किया और मलयालम फिल्म, थैंकमनी और कन्नड़ फिल्म, रमना अवतार में दिखाई दीं। अब, एक्ट्रेस अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के लिए काम से छुट्टी लेंगी।

**प्रणिता सुभाष की फिल्में**

प्रणिता सुभाष ने 2010 में पोर्की नाम की कन्नड़ फिल्म से एक्टिंग की शुरुआत की। बीते वर्षों में, उन्होंने कन्नड़, तेलुगू, तमिल, हिंदी और मलयालम फिल्मों में काम किया है। उनकी कुछ फिल्मों में भीमा थेराडाल्ली, अटारिंटिकी डेरेडी, मासु अंगिरा मसिलामणि और बावा शामिल हैं।